⏵⏵ वर्ष 73 ⏵⏵ अंक 225 ⏵⏵ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 14 मई, 2026
⏵⏵ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2083
⏵⏵ नगर ⏵⏵ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"मुझे लगता है कि लोगों से प्रेम करना ही सच्ची कला है।
–विंसेंट वॉन गॉग"

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट: 85.20 प्रतिशत स्टूडेंट पास, लड़कियों ने फिर मारी बाजी, त्रिवेंद्रम सबसे आगे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस वर्ष कुल 85.20 फीसदी छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल हुए हैं। हालांकि यह पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 3 प्रतिशत कम परिणाम है। बोर्ड के अनुसार इस बार 94,028 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 17,113 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस बार भी लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 फीसदी रहा, जबकि लड़कों का परिणाम 82.23 फीसदी दर्ज किया गया। यानी लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रहीं।

वहीं ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है, जिसे बोर्ड ने समावेशी शिक्षा की दिशा में सकारात्मक संकेत बताया है। क्षेत्रवार परिणामों में एक बार फिर त्रिवेंद्रम रीजन सबसे आगे रहा। यहां 95.62 फीसदी छात्र पास हुए। दूसरी ओर प्रयागराज रीजन का परिणाम सबसे कम 72.43 फीसदी दर्ज किया गया। पिछले साल भी यही स्थिति रही थी, जब त्रिवेंद्रम शीर्ष पर और प्रयागराज सबसे नीचे था।

### मेरिट लिस्ट और टॉपर घोषित नहीं

सीबीएसई ने इस बार भी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। बोर्ड ने कहा कि किसी छात्र को आधिकारिक रूप से 'टॉपर' घोषित नहीं किया जाएगा। सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी विद्यार्थी को स्कूल, जिला या राज्य का टॉपर घोषित करने से बचें।

## मप्र (भोपाल रीजन) का रिजल्ट 79.43%
### डीपीएस के 17 स्टूडेंट के 97% से अधिक अंक

**भोपाल, जेएनएन।** भोपाल रीजन (मध्य प्रदेश) में 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी 12वीं में पास हुए हैं, जबकि देशभर का औसत पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत दर्ज किया गया, यानी भोपाल रीजन राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत पीछे रहा। भोपाल रीजन में लड़कों का पास प्रतिशत 76.87 फीसदी दर्ज किया गया, जबकि लड़कियों का परिणाम 82.19 फीसदी रहा। भोपाल रीजन में चिंताजनक तथ्य भी सामने आया है। कुल परीक्षार्थियों में से 12.14 फीसदी छात्र ऐसे रहे, जो सभी विषयों में फेल हो गए। यह आंकड़ा शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की तैयारी दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। मध्य प्रदेश के 80,454 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था।

जागरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अंतर्गत संचालित डीपीएस समूह के स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संयुक्त मेरिट सूची में दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर की छात्रा अनुभूति अग्रवाल ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। प्रदेश में डीपीएस के 17 स्टूडेंट्स ने 97 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं।

**डीपीएस समूह की मेरिट लिस्ट**

| रैंक | छात्र का नाम | प्रतिशत | स्ट्रीम | स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुभूति अग्रवाल | 99.20% | बायो | डी.पी.एस. इंदौर |
| 2 | नित्य बर्दिया | 98.80% | मानविकी | डी.पी.एस. भोपाल |
| 3 | पारस खड़ककर | 98.40% | वाणिज्य | डी.पी.एस. कोलार |
| 3 | अर्नव सिसोदिया | 98.40% | मैथ्स | डी.पी.एस. इंदौर |
| 3 | युग भुरा | 98.40% | वाणिज्य | डी.पी.एस. इंदौर |
| 6 | अविशी टपाड़िया | 98.20% | मानविकी | डी.पी.एस. इंदौर |
| 7 | मरीशा खान | 97.80% | मानविकी | डी.पी.एस. भोपाल |
| 7 | विदुषी बिष्ट | 97.80% | मैथ्स | डी.पी.एस. इंदौर |
| 7 | त्रिधा मिश्रा | 97.80% | मानविकी | डी.पी.एस.इंदौर |
| 10 | आर्यमा मिश्रा | 97.60% | मानविकी | डी.पी.एस. कोलार |

## संक्षिप्त खबरें

### आज से तीन रुपये तक महंगा हुआ अमूल दूध




**आज से ये हैं नई कीमतें**

**अमूल ताजा दूध:** 1 लीटर पैक अब 55 रुपए की जगह 57 रुपए में मिलेगा।
**अमूल गोल्ड दूध:** 1 लीटर पैक 68 रुपए से बढ़कर 70 रुपए का हुआ।
**टी स्पेशल दूध:** 1 लीटर पैक की कीमत 63 रुपए से बढ़ाकर 66 रुपए की गई।
- अमूल शक्ति, गाय का दूध और भैंस के दूध के छोटे पैक पर भी 1 से 2 रुपए तक की बढ़ोतरी।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमूल ने देशभर में दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई कीमतें 14 मई से लागू हो गई हैं। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के अनुसार, अमूल के अलग-अलग वेरिएंट और पैक पर कीमतों में 1 से 3 रुपए तक की वृद्धि की गई है। कंपनी का कहना है कि पशु आहार, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्टेशन और ईंधन की बढ़ती लागत के कारण यह फैसला लेना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**
### लेन ड्राइविंग का सिस्टम नहीं, ये हादसों की वजह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में बढ़ते सड़क हादसों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि भारत में लेन ड्राइविंग का कोई व्यवस्थित कॉन्सेप्ट नहीं है और यही दुर्घटनाओं की एक बड़ी वजह बन रहा है। अदालत ने सड़क सुरक्षा को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई अहम निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (व्हीएलटीडी) और इमरजेंसी पैनिक बटन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। अदालत ने कहा कि यह व्यवस्था खास तौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। यह टिप्पणी जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने की। अदालत 2012 की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### गूगल-ऐप्पल करें पोर्न एप्स पर कार्रवाई: कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पोर्नोग्राफी को बढ़ावा देने वाले मोबाइल एप्स पर कड़ा रुख अपनाते हुए गूगल और ऐप्पल को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि देश की पूरी पीढ़ी को बर्बाद होने की इजाजत नहीं दी जा सकती और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है कि वे ऐसे कंटेंट के प्रसार को रोकें। कोर्ट ने टिप्पणी की कि गूगल प्ले स्टोर और एपल ऐप स्टोर पर उपलब्ध कई एप्स अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में तकनीकी कंपनियों को केवल शिकायत मिलने के बाद ही नहीं, बल्कि ऐप अपलोड होने के समय ही सतर्कता बरतनी होगी।

### आईपीएल में आज

**पंजाब बनाम मुंबई**
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणाम:** बेंगलुरु ने कोलकाता को 6 विकेट से हराया।

## तुअर समेत खरीफ की 14 फसलों की एमएसपी बढ़ाई
### तुअर पर 450 रुपए और धान पर 72 रुपए की बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देते हुए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को यह फैसला लिया गया। सरकार का कहना है कि इस कदम से किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिलेगा और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की एमएसपी में 72 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। अब धान का नया न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपए प्रति क्विंटल होगा। वहीं तुअर दाल की एमएसपी में सबसे ज्यादा 450 रुपए का इजाफा किया गया है, जिसके बाद इसकी नई एमएसपी 8450 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है। सरकार का मानना है कि एमएसपी बढ़ाने से किसानों को खरीफ सीजन में अधिक फसल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। तुअर, उड़द और अन्य दलहनों की एमएसपी में वृद्धि से दाल उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भविष्य में आयात पर निर्भरता कम होगी।



### कैबिनेट के तीन अन्य बड़े फैसले

- **कोयले से गैस बनाने की परियोजनाओं को मंजूरी:** कोयले और लिग्नाइट गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य कोयले को गैस में बदलकर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाना है।
- **नागपुर एयरपोर्ट की जमीन की लीज बढ़ाई:** कैबिनेट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की उस जमीन की लीज अवधि बढ़ाने को भी मंजूरी दी है, जो मिहान इंडिया लिमिटेड को दी गई थी। अब यह लीज 6 अगस्त 2039 के बाद भी जारी रहेगी।
- **अहमदाबाद-धोलेरा सेमी हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट को मंजूरी:** रेल मंत्रालय के अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाई-स्पीड डबल लाइन प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना पर लगभग 20,667 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## सपा प्रमुख के छोटे भाई प्रतीक यादव का निधन

**लखनऊ, जेएनएन।** अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। उन्हें सुबह गंभीर हालत में लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी सांसें थम चुकी थीं। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय ने बताया कि जब प्रतीक यादव को अस्पताल लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह बंद थी और हृदय ने काम करना बंद कर दिया था। इसके बाद उनका शव पोस्टमॉर्टम के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि प्रतीक यादव की मौत कार्डिएक अरेस्ट के कारण हुई। डॉक्टरों के अनुसार उनके फेफड़ों में बड़ी मात्रा में खून के थक्के जम गए थे। इससे हार्ट और फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया।



**मौत की वजह कार्डिएक अरेस्ट**

## प्रदेश की महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार के लिए सर्वोपरि: मुख्यमंत्री
### लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त पात्रों के खातों में भेजी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार के लिए सर्वोपरि है। इस दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश में 4 लाख से ज्यादा मध्यम श्रेणियों की ईकाईयां बहनों द्वारा संचालित की जा रही है। इसी तरह 34 लाख महिला किसानों को उन्नत कृषि और पशुपालन से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बातें बुधवार को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में लाडली बहना योजना की राशि अंतरित करने के उपरांत जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने सिंगल क्लिक से पात्र 1 करोड़ 25 लाख से ज्यादा बहनों के खातों में 1835 करोड़ से ज्यादा की राशि अंतरित की। सीएम ने कहा कि कांग्रेसी कहते थे कि लाड़ली बहना योजना केवल चुनाव तक है। हम मानते हैं कि जाकी रही भावना जैसी, प्रभू मूरत देखी तिन तैसी। कांग्रेसियों की भावना गलत है। उन्होंने कभी माता-बहनों का सम्मान नहीं किया। उनकी कोई मदद नहीं की। इसलिए आज पूरे देश में धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी गायब हो रही है,जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लगातार मजबूत होती जा रही है। असम में तीसरी बार सरकार,पश्चिम बंगाल में हमारी प्रचंड जीत ने यह जता दिया है कि भाजपा को गंगोत्री से लेकर गंगा सागर तक मां गंगा का आशीर्वाद मिल रहा है।



सीएम ने कहा कि आज अलग प्रकार का समय चल रहा है। हमारी पार्टी जो कहती है,वो करके दिखाती है। बंगाल में गुंडा राज चल रहा था। ममता निर्ममता के साथ जनता के साथ अन्याय कर रही थी। जनता जर्नादन सारा हिसाब रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा सत्र के दौरान कहा था कि आधी आबादी माताओं -बहनों की है,उनको लोकसभा विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण दो,लेकिन कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष ने नारी शक्ति का अपमान किया। प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद हम अब तक लाड़ली बहनों के खातों में लगभग 46 हजार करोड़ की राशि डाल चुके हैं। हमारी पिछली सरकार को मिलाकर यह आंकड़ा 55 हजार करोड़ से ज्यादा है।

## मध्य प्रदेश में शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य
### बिना पात्रता परीक्षा नहीं होगी नियुक्ति: सुप्रीम कोर्ट

**भोपाल, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया है कि अब बिना टीईटी पास किए किसी भी शिक्षक की नियुक्ति नहीं की जा सकती। अदालत ने कहा कि पात्रता परीक्षा में जो भी छूट दी जानी थी, वह पहले ही दी जा चुकी है। ऐसे में भविष्य की किसी भी भर्ती में राष्ट्रीय नियमों का पालन अनिवार्य होगा। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पुनर्विचार याचिका मध्य प्रदेश सरकार के साथ-साथ प्रदेश और देशभर के कई शिक्षक संगठनों की ओर से दायर की गई थी।



### डेढ़ लाख शिक्षकों पर असर संभव

सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने 1998 से 2009 के बीच बिना टीईटी नियुक्त हुए शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने के निर्देश जारी किए थे। मध्य प्रदेश में ऐसे शिक्षकों की संख्या डेढ़ लाख है। फैसले का असर इन शिक्षकों की नौकरी और भविष्य पर पड़ेगा।

### पांच साल की राहत मिल चुकी

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2017 में नियम लागू होने के बाद शिक्षकों को पहले ही पांच साल की छूट दी जा चुकी है। अब और राहत देने का कोई आधार नहीं बनता। अदालत ने स्पष्ट किया कि एनसीटीई के नियम सभी राज्यों पर समान रूप से लागू होंगे।

## रिटायर्ड जज की गर्भवती बहू ने लगाई फांसी
### एम्स की मर्चुरी में मायके वालों का हंगामा, पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल। राजधानी के कटारा हिल्स इलाके में रिटायर्ड जज के परिवार की गर्भवती बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर बुधवार को एम्स की मर्चुरी के बाहर परिजनों ने हंगामा किया और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

पुलिस के मुताबिक 31 वर्षीय त्विसा शर्मा मूल रूप से नोएडा की रहने वाली थीं। उनकी शादी करीब एक साल पहले कटारा हिल्स निवासी रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के बेटे समर्थ सिंह से हुई थी। समर्थ पेशे से वकील हैं। मंगलवार रात करीब 10 बजे त्विसा ने कथित तौर पर घर में फांसी लगा ली। परिवार उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। नवविवाहिता की मौत होने के कारण मामले की जांच एसीपी मिसरोद को सौंपी गई है।

### भाई से बोली- अब बर्दाश्त नहीं होता, मुझे ले चलो भैया



त्विसा के भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर हैं। उन्होंने बताया कि बहन का आखिरी कॉल आया था। वह बोली- अब बर्दाश्त नहीं होता, मुझे घर ले चलो भैया। बहन के हाथ और कान पर चोट के नीले निशान हैं। उसके साथ मारपीट की गई है। मेजर भाई ने पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



### हर्षित के आरोप

- भाई हर्षित का आरोप है कि त्विसा भोपाल में रहना चाहती थी इसलिए उसने नौकरी छोड़ दी। नौकरी छोड़ते ही ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। उसे नकारा कहकर ताने मारते थे। पति विवाद करता था।
- परिवार और परवरिश को लेकर अपमानित किया जाता था। इससे वह डिप्रेशन में थी।
- मार्च में त्विसा की अनप्लांड प्रेग्नेंसी हुई थी। वह बच्चे के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन ससुराल पक्ष बच्चे के लिए दबाव बना रहा था।


### पत्र मे लिखा- जिन पर गंभीर आरोप, पुलिस अधिकारी उनके चरण छू रहे

हर्षित ने पत्र में लिखा है कि सबसे शर्मनाक और पीड़ादायक यह है कि जिन लोगों पर गंभीर आरोप हैं, उन्हीं के सामने पुलिस अधिकारी झुकते और उनके चरण स्पर्श करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि मेरी बहन के लिए न्याय मांगने वाला परिवार दर-दर भटक रहा है।

**अपील पर अमल** शाह-नड्डा समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी घटाई गाड़ियों की संख्या

## मोदी ने घटाया काफिला, 2 गाड़ियों के साथ निकले

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, जेएनएन।** पेट्रोल-डीजल की बचत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील अब सरकार और राजनीतिक नेतृत्व के व्यवहार में भी दिखाई देने लगी है। बुधवार को प्रधानमंत्री अपने पारंपरिक बड़े काफिले की बजाय केवल दो गाड़ियों के साथ नजर आए। आमतौर पर प्रधानमंत्री के काफिले में 12 से 15 वाहन शामिल रहते हैं, लेकिन इस बार एक गाड़ी में प्रधानमंत्री स्वयं मौजूद थे, जबकि दूसरी गाड़ी में एसपीजी और सुरक्षा कर्मी थे। साथ ही केंद्र और राज्यों में कई नेताओं तथा सरकारों ने प्रतीकात्मक प्रशासनिक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मोदी ने 10 मई को हैदराबाद और 11 मई को वडोदरा में लोगों से ईंधन की खपत कम करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि जहां संभव हो, मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।



बुधवार को पीएम पारंपरिक बड़े काफिले की बजाय दो गाड़ियों के साथ नजर आए।

### ऊर्जा बचत, सार्वजनिक अनुशासन : भाजपा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी अपने काफिलों में वाहनों की संख्या कम कर दी है। भाजपा नेतृत्व इसे 'ऊर्जा बचत और सार्वजनिक अनुशासन' से जोड़कर देख रहा है।

### दिल्ली: मंत्री मेट्रो व ई-रिक्शा से पहुंचे

दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर संदेश देने की कोशिश की। वे दिल्ली मेट्रो से आईएनए से कड़कड़डूमा कोर्ट तक गए और फिर वहां से ई-रिक्शा में बैठकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

### ट्रैवलर से पहुंचे अफसर

**उज्जैन।** उज्जैन में सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए अफसर अलग-अलग वाहनों की बजाय एक ही गाड़ी में सफर कर रहे हैं। इनमें सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### राजस्थान: मुख्यमंत्री के काफिले में अब सिर्फ 5 गाड़ियां

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटाने के निर्देश दिए हैं। पहले उनके काफिले में 14 से 16 गाड़ियां शामिल रहती थीं, लेकिन बुधवार को दिल्ली दौरे के दौरान उनके साथ केवल पांच वाहन नजर आए।

### मध्य प्रदेश: वीआईपी काफिलों पर नियंत्रण

मध्य प्रदेश में भी वीआईपी काफिलों में गाड़ियों की संख्या सीमित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को जेड+ सुरक्षा प्राप्त है और अब तक उनके काफिले में 13 वाहन शामिल रहते थे। नए निर्देशों के बाद भोपाल में स्थानीय दौरों के दौरान यह संख्या घटाकर 8 कर दी गई है। राज्य में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोपाल में ई-स्कूटर से सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे। वहीं मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल करीब 3 किलोमीटर साइकिल चलाकर हाईकोर्ट पहुंचे।

### उत्तर प्रदेश: वर्चुअल बैठकें और वर्क फ्रॉम होम

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेट्रोल-डीजल बचत को लेकर सात बड़े फैसले किए हैं। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती का फैसला लिया है।

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने सीबीआई डॉयरेक्टर प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सूद का मौजूदा कार्यकाल 24 मई को समाप्त होने वाला था। उनके कार्यकाल विस्तार के साथ ही चयन प्रक्रिया पर विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, मंगलवार को पीएम आवास पर नए सीबीआई निदेशक के चयन के लिए बैठक हुई। इसमें पीएम, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सीजेआई सूर्यकांत शामिल थे। बैठक के बाद राहुल गांधी ने चयन प्रक्रिया पर असहमति जताई और आरोप लगाया कि चयन के लिए जिन 69 अधिकारियों की सूची समिति के सामने रखी गई, उनकी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। राहुल गांधी ने कहा कि सीबीआई निदेशक चयन प्रक्रिया को केवल औपचारिकता बनाकर रख दिया गया है। उन्होंने लिखा कि 'मैं इस पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकता, मैं कड़ी असहमति दर्ज कराता हूं।'



**बी.एड.प्रवेश सूचना सत्र (2026-27)**
बी.एड. (2 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक छात्र / छात्राएं जिनके स्नातक / स्नातकोत्तर डिग्री में 50 प्रतिशत अंक है वे प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक : 04.05.2026 से 15.05.2026 में शामिल हो सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया www.epravesh.mphighereducation.mp.gov.in से पंजीकरण एवं कॉलेज प्रथम वरीयता निम्न क्रम में करके प्रवेश ले सकते हैं।
जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एजुकेशन (B.Ed. -1119), JNCT रतहरा, रीवा
प्रवेश हेतु संपर्क सूत्र - 7000234735, 8109412689



विराट के रिकार्ड शतक से आरसीबी टॉप पर (पेज : 11)

## चौरा पटवारी पर गलत सीमांकन करने का आरोप

**जागरण,रीवा।** जिले के बनकुइयां सर्किल के पटवारी हल्का चौरा में कराये गये एक सीमांकन मामले में पटवारी द्वारा मनमानी तरीके से नापजोख करते दूसरे का खेत दूसरे के आराजी में सीमांकन करा दिया जिससे विवाद समाप्त होने के बजाय और गंभीर हो गया है। चौरा निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि विगत दिन ग्राम चौरा पटवारी हल्का चौरा सर्किल बनकुइयां के आराजी नंबर 910,11 के सीमांकन में गड़बड़ी की गई है। आराजी नंबर 923, 924, 925, 926, 927 के भूमिस्वामी व्यक्तियों का सीमांकन मंजूर है। लेकिन पटवारी हल्का चौरा द्वारा आराजी नंबर 910,911 का सीमांकन किया गया। उक्त सीमांकन में लम्बाई ली गई लेकिन चौड़ाई नहीं ली गई, जिससे क्षेत्रफल में अन्तर आ रहा है और जमीन का रकबा अन्य खेत में जा रहा है। पटवारी की इस हरकत से उक्त व्यक्तियों में असंतोष है। इसी जमीन का एक माह पहले सीमाकंन किया गया था लेकिन दूसरी बार जब मनभरन के सीमा से नाप की गई तो 20 फुट पश्चिम तरफ अंतर आ रहा है। इस नाप से असंतुष्ट भूमिस्वामी दयानंद मिश्र, श्रीनिवास मिश्र, कृष्णानंद मिश्र कैशल मिश्र, रमाकांत मिश्र, अशोक मिश्र वेबा रंजना मिश्र ने इस सीमांकन से असंतोष जताया है और सीमांकन निरस्त करने के लिए आवेदन दिया है।

### मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से राशि की अंतरित

# रीवा एवं मऊगंज जिले की 3,99,184 लाडली बहनों के खातों में आई 59,17,72,500 राशि

### जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

जागरण, रीवा

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि का अंतरण माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जिला नरसिंहपुर के ग्राम मुगवानी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर की लाडली बहनों के बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि अंतरित की गई। रीवा एवं मऊगंज जिले की कुल तीन लाख 99 हजार 184 हितग्राही महिलाओं के खातों में कुल उनसठ करोड़ सत्रह लाख बहत्तर हजार पाँच सौ रुपये की राशि अंतरित की गई। यह राशि सीधे हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में जमा की गई, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में लाडली बहनें उपस्थित हुईं तथा सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के उद्बोधन एवं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह, उमंग एवं खुशी का वातावरण देखने को मिला। महिलाओं ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने कहा कि योजना अंतर्गत प्रतिमाह प्राप्त होने वाली राशि से उन्हें घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार के अन्य आवश्यक कार्यों में सहयोग मिल रहा है। योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ उनमें आत्मनिर्भरता एवं आत्मसम्मान की भावना भी विकसित हुई है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में महिलाओं को योजना की जानकारी भी प्रदान की गई तथा शासन द्वारा संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई स्थानों पर महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। रीवा एवं मऊगंज जिले के समस्त विकासखंडों, ग्राम पंचायतों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। लाडली बहनों द्वारा इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी को महिलाओं के हित में संचालित इस महत्वाकांयोजना धन्यवाद दिया गया।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिवेशन के नाम पर समाज को किया जा रहा गुमराह : मास्टर बुद्धसेन

### पीड़ित एवं वंचित लोगों को सुनियोजित तरीके से अलग करने का किया जा रहा प्रयास

**जागरण, रीवा।** मास्टर बुद्धसेन पटेल एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जारी बयान में अपनी भावनाएँ एवं वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक करते हुए कहा कि गत 30 एवं 31 मई को सरदार पटेल संस्थान, निराला नगर में प्रस्तावित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिवेशन के नाम पर कुछ सामाजिक विघटनकारी तत्वों द्वारा पूरे ओबीसी समाज को गुमराह किया जा रहा है। उक्त आयोजन के संबंध में छपवाए गए पंपलेट में समस्त पिछड़ा वर्ग समाज के नाम का उपयोग करते हुए अनेक प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों के नाम उनकी पूर्व अनुमति, सहमति अथवा जानकारी के बिना प्रकाशित कर दिए गए हैं। इन पंपलेटों को व्हाट्सएप, फेसबुक एवं अन्य माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। मास्टर बुद्धसेन पटेल ने आरोप लगाया कि इस प्रकार का आयोजन ओबीसी समाज को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अल्पसंख्यक तथा अन्य पीड़ित एवं वंचित वर्गों से अलग करने का सुनियोजित प्रयास है। उन्होंने इसे अत्यंत निंदनीय, घृणास्पद एवं सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने वाला कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति एवं समाज को अपनी आवाज उठाने और संगठन बनाने का अधिकार है, किंतु किसी भी संगठन या मंच का निर्माण आपसी संवाद, सहमति और सामंजस्य के आधार पर ही होना चाहिए। श्री पटेल ने बताया कि आयोजन समिति के पंपलेट में लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों के नाम प्रकाशित किए गए हैं, जिनमें अधिवक्ता अभिषेक कुमार पटेल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी रीवा, का नाम भी शामिल है। श्री पटेल ने स्पष्ट किया है कि उनका इस आयोजन से कोई संबंध नहीं है तथा न ही उन्होंने अपना नाम प्रकाशित करने की अनुमति दी है। गौरतलब है कि अधिवक्ता अभिषेक कुमार पटेल ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रीवा लोकसभा चुनाव लड़ा था और उन्हें सभी जाति एवं धर्म के मतदाताओं से लगभग 1 लाख 18 हजार मत प्राप्त हुए थे। ऐसे में उनका नाम बिना सहमति प्रकाशित करना उनकी छवि को धूमिल करने एवं बदनाम करने का प्रयास है। मास्टर बुद्धसेन पटेल ने कहा कि यदि संबंधित षड्यंत्रकारी व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार की गतिविधियाँ बंद नहीं की गईं, तो कार्यालय उद्घाटन में शामिल मुख्य अतिथि व्यक्तियों तथा आयोजन समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध मानहानि सहित अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 20 साल में चौथी बार शनिवार को शनि जयंती, भरणी व कृतिका नक्षत्र खास संयोग

### साढ़ेसाती-ढैय्या से मुक्ति का सिद्ध मुहूर्त, शहर में जगह-जगह होगा पूजन

**जागरण,रीवा।** न्यायाधिपति शनिदेव की जयंती 16 मई को मनाई जाएगी। इस बार शनि जयंती पर एक दुर्लभ और अत्यंत शुभ महासंयोग बन रहा है। 20 वर्षों में यह केवल चौथा अवसर है जब शनि जयंती उनके प्रिय दिन शनिवार को मनाई जाएगी। शनिवार को भरणी और कृतिका नक्षत्र रखेगा। शोभन व सौभाग्य योग रहेंगे। यह संयोग शनि कृपा और दोष निवारण के लिए अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। इस साथ ही वट सावित्री अमावस्या पर शहर के शनि मंदिरों में दान-पुण्य के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। समान तिराहा स्थित शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती महोत्सव मनाया जाएगा, यहां पाठ के साथ-साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। देख रेख में जुटे अंजू सिंह ने बताया कि इस महासंयोग पर मंदिर में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं, जिसकी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। इसके साथ ही चिरहुला मंदिर परिसर, पीटीएस चौराहा सहित पीली कोठी में शनि मंदिरों में विशेष पूजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### शनिवार को कब-कब जयंती

इसके पूर्व शनि जयंती शनिवार 27 मई 2006, शनिवार 8 जून 2013 व शनिवार 4 जून 2016 को मनाई गई थी। यानी पिछले 20 सालों में अब 16 मई 2026 को शनि जयंती शनिवार के दिन चौथी बार मनाई जा रही है। इस दिन 17 मई को दोपहर 1.30 बजे तक रहेगी। इस दिन असा तिथि सुबह 5.11 बजे शुरू होगी, जो अगले 17 मई को दोपहर 1.30 बजे तक रहेगी।

### सिटीजन फीडबैक में रीवा ने राजधानी सहित बड़े शहरों को पीछे छोड़ा

## स्वच्छ सर्वेक्षण में 35593 लोगों ने अब तक दिया फीडबैक, टीम आने तक रहेगा जारी

**जागरण,रीवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग का दावा कर रहे नगर निगम ने सिटीजन फीडबैक में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालात यह है कि नगर निगम रीवा ने महानगरों को पीछे छोड़ रखा है, जबकि उनकी आबादी में भी बड़ा फर्क है, इसके बाद भी रीवा ननि ने महानगरों से अधिक फीडबैक दर्ज करा लिया है। नगर निगम को स्वच्छता में नंबर वन बनाने अब तक कुल 35593 लोगों ने फीडबैक दिया है। वहीं राजधानी भोपाल में 17 हजार व ग्वालियर में 9500 लोगों ने फीडबैक दिया है। हालांकि अभी 3 लाख आबादी वाले शहर के हिसाब से नगर निगम रीवा का सिटीजन फीडबैक संतोषजनक की है। जब तक टीम नहीं आ जाती, फीडबैक चलता रहेगा।



### रैंकिंग पर पड़ेगा पूरा असर

स्वच्छ सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक के लिए अलग से अंक निर्धारित हैं। यह फीडबैक सीधे ऐप के जरिए केंद्र तक पहुंचता है और इसी से शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जनता की संतुष्टि का आकलन किया जाता है। यदि जल्द ही फीडबैक को संख्या और बढ़ा दी जाए तो नगर निगम को और अच्छी रैंक मिल जाएगी।

### क्यों नहीं मिल रहा जनता का साथ

नगर निगम की आईईसी टीम और कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों से फीडबैक लेने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा। जानकारों का मानना है कि सालभर सफाई व्यवस्था की अनदेखी और केवल सर्वेक्षण के समय प्रशासनिक सक्रियता बढ़ने से नागरिकों में भरोसे की कमी है। इसके अलावा जागरुकता के अभाव में भी बड़ी संख्या में लोग फीडबैक प्रक्रिया से नहीं जुड़ पा रहे हैं। यदि ऐसा न हो तो फीडबैक में नगर निगम और टॉप पर आ सकता हैं और इसका सीधा असर परिणाम पर होगा। अभी टीम और कर्मचारी लोगो से मोबाइल में फीडबैक करा रहे हैं, आमजन को ठीक से जानकारी भी नहीं है।

## कांग्रेस के जन संवाद सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

**रीवा।** चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक वार्ड क्रमांक 21, कटरा मोहल्ला में आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन अभियान के माध्यम से गठित वार्ड कमेटियों के सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी ब्लॉक स्तरीय जन संवाद सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने कहा कि वार्ड कमेटियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सशक्त टीमवर्क के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने कहा कि चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की गठन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा ब्लॉक कमेटी, मंडलम कमेटी, वार्ड कमेटी एवं पंचायत कमेटियों का गठन किया जा चुका है। बैठक मे मुख्य रूप से शहर कांग्रेसक कमेटी रीवा के अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, शहर उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी डैडू, चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, शहर सचिव रामलखन ताम्रकार, सोनिया कछवाहा, सावित्री सोनी, माला सिंह, बृजेश मिश्रा, सिंकू सेन, इंसाफराज शुक्ला, मोइनुद्दीन शेख, रिजवान खान, रामस्वरूप झंझोट, योगेश नारायण तिवारी, उमेश कुमार तिवारी, मदीना खान, मोहित ताम्रकार, दिलीप ताम्रकार आदि लोग उपस्थित रहे।



## किसी भी फ्लाई ओवर के नीचे नहीं हो सकती व्यवसायिक गतिविधि!

### सिर्फ रीवा शहर में ही नियम विरुद्ध सभी फ्लाई ओवरों के नीचे संचालित हो रही दुकानें, हटाने पर पुलिस से भिड़ जाते हैं अतिक्रामक

**जागरण, रीवा।** शहरी विकास मंत्रालय और सुरक्षा एजेन्सियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लाई ओवर के नीचे किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती। यह न केवल यातायात को बाधित करती है, अपितु सुरक्षा की दृष्टि से भी एक बड़ा खतरा है। किन्तु शहर में उक्त निर्देश के विरुद्ध कार्य हो रहा है। सिर्फ सिरमौर चौराहा ही नहीं, समान फ्लाई ओवर के साथ ही रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे न सिर्फ पार्किंग संचालित की बल्कि पार्किंग की आड़ में हजारों दुकानें भी संचालित हो रही हैं। जिसमें ठेकेदार से अधिक नगर निगम के जिम्मेदारों की संलिप्तता है। यहां से प्राप्त पार्किंग आय प्रतिमाह निगम कार्यालय में कितनी पहुंचती है? अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों से नगर निगम को प्रतिमाह कितनी आय हो रही है, ये जानकारी विभागीय जिम्मेदारों को भी नहीं। क्योंकि आधेसे अधिक दुकानदार तो बाले-बाले निगम के सेटिंगबाज कर्मचारियों की शह पर यहां दुकानें संचालित कर उन्हें ही आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं, जबकि पार्किंग के नाम पर भी सिरमौर चौराहे में गत माह एक व्यक्ति फर्जी तरीके से वाहन चालकों से वसूली करते पकड़ा जा चुका है। जिससे यही जाहिर होता है कि पार्किंग भी नाममात्र के लिए चल रही है, यहां आने वाले अधिकतर वाहन तो सड़क किनारे ही खड़े रहते हैं। सिरमौर चौराहे स्थित फ्लाई ओवर के नीचे अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों को गत दिवस एक यातायात कर्मचारी ने जब हटाने के लिए बोला तो अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें संचालित कर रहे लोग यातायात कर्मचारी से ही बहस करने लगे और झुंड के रूप में एकत्रित होकर यातायात कर्मचारी को धमकाने लगे, अवैध दुकान लगाने वालों में से कोई कह रहा था कि वे लोग भी इसका किराया भरते हैं, तुम हटाने वाले कौन होते हो, यदि हम अवैध रूप से कब्जा किए हैं तो नगर निगम कार्यवाही करे, वे तो रोज यहां आते हैं और बिना कार्यवाही किए लौट जाते हैं। काफी देर तक दुकानदार तमाशा करते हुए यातायात कर्मचारी को भला-बुरा कहते रहे, किन्तु एक ने भी दुकानें नहीं हटाई। जब शहरी विकास मंत्रालय और सुरक्षा एजेन्सियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लाई ओवर के नीचे किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि नहीं हो सकती तो भला ऐसे में यहां संचालित पार्किंग और दुकानें कैसे वैध हो सकती हैं? इस प्रश्न का उत्तर तो नगर निगम के जिम्मेदार ही बेहतर बता सकते हैं।



## गौ सेवा ही मोक्ष प्राप्ति का एकमात्र साधन

**जागरण, रीवा।** आचार्यपीठ पोड़ी धाम में इस समय देश के कोने कोने से संतों का आगमन हो रहा है। विगत दिनों सुदामा कुटी वृंदावन धाम के महाराज जी एवं अयोध्याधाम के विभिन्न आश्रम से संत पोड़ी धाम पधारकर भक्तों को अपने वाणी का प्रसाद दिया। पोड़ीधाम में सुबह से शाम तक निरंतर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ है। इसका लाइव प्रसारण निरंतर आस्था चैनल में हो रहा है। यह आयोजन स्वामी वल्लभाचार्य की 50वीं स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। आखल भारतीय राम हर्षण मण्डल द्वारा आयोजन को भव्यता प्रदान कर प्रेमी भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के मुख्य यजमान विजय मानवती मिश्रा संविदाकार रीवा, आचार्य महायज्ञ के मुख्य यजमान सचिव बृजेन्द्र तिवारी अखिल भारतीय राम हर्षण मंडल रीवा हैं। संतों ने कहा की पोड़ीधाम दिव्य भूमि है जहां ऐसे महापुरुष का जन्म हुआ हुआ जिन्होंने देश-विदेश में राम भक्ति का प्रसार किया। यह जानकारी राधेश्याम द्विवेदी द्वारा दी गई है।



## उप मुख्यमंत्री ने काफिले से हटाई फॉलो एवं पायलट सुविधा

**रीवा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और पेट्रोलियम ईंधनों के किफायती एवं विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में की गई अपील के अनुक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उनके काफिले हेतु उपलब्ध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधा, संबंधित स्टाफ सहित, वापस कर दी है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों से ईंधन की बचत को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के हित, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है। सरकार जनहित में संसाधनों के सर्वोत्तम एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए सतत प्रतिबद्ध है।



## निगमायुक्त ने तीन वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### निर्माणाधीन नाली व अन्य कार्य 15 जून के पहले पूर्ण करने के दिये निर्देश

**जागरण, रीवा।** निगमायुक्त अक्षत जैन ने बुधवार को चिलचिलाती धूप में शहर के तीन वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगमायुक्त ने वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 का भ्रमण कर विभिन्न प्रगतिरत विकास कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 01 अंतर्गत निपनिया क्षेत्र में चौराहे के पास निर्माणाधीन नाली कार्य का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने कार्य को 15 जून के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइगर सफारी रोड के पास जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु चैंबर निर्माण एवं समय-समय पर नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने शिवपुरवा एवं बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। पेयजल की समस्या के मांग पर उन्होंने कहा कि आगामी दो माह के भीतर पेयजल समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसक साथ ही निगमायुक्त ने क्षेत्र में मौजूद सभी हैंडपंपों में रिचार्ज पिट निर्माण के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने वार्ड क्रमांक 02 में दोही सुदामा नगर क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शिवकंठ नगर में जलभराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए वर्षा पूर्व नाले के निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कब्रिस्तान के पास निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिए।



### पार्क निर्माण में लापरवाही पर संविदाकार पर होगी कार्यवाही

वार्ड क्रमांक 03 के भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने दीनदयाल धाम में लंबे समय से लंबित पार्क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संविदाकार के विरुद्ध कार्यवाही करें। साथ ही वार्ड के नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड क्रमांक 03 स्थित मुक्तिधाम के कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### एजी कॉलेज एसटीपी का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने एजी कॉलेज स्थित एसटीपी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि टीम बढ़ाकर कनेक्शन कार्य में तेजी लाई जाए तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर शीघ्र एसटीपी का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

## सरकार छात्रों को दे क्षति राशि, शिक्षा मंत्री को करे बर्खास्तः मंगू



**रीवा।** नीट परीक्षा रद्द होने पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने कहा कि भाजपा सरकार देश के युवाओं के भविष्य से अधिक माफिया को संरक्षित करने का काम कर रही है जिसके फलस्वरूप ही हर बार नीट सहित बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटना सामने आती है। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा कि परीक्षा रद्द होने के कारण छात्रों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है उन्हें परीक्षा देने का दबाव निश्चित रूप से रहेगा साथ ही महंगाई के इस दौर में आर्थिक स्थिति का भी सामना करना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेवार भाजपा सरकार की है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है कि देश के लाखों युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल देश के शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करते हुए नीट की परीक्षा में शामिल हुए 22 लाख छात्रों को आर्थिक क्षति का भुगतान करे।


रीवा में पहली बार

यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु

कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब

मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा

OPD क्लीनिक की सुविधा

यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्शः

पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।

किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।

डॉ. विकास सिंह

एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.

यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी

मिलने का समय 16 मई 2026 प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को समयः दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक

न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा

अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668




## सड़क पर दौड़ रही कार में लगी आग

**जागरण, रीवा।** गर्मी का असर जहां आज जनजीवन और पशु पक्षियों पर पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर वाहनों में भी आगजनी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। गर्मी के चलते चार पहिया वाहनों में आगजनी की कई घटनाएं सामने आई हैं। मामला मऊगंज के सीतापुर का है जहां सड़क पर तेज रफ्तार कार में अचानक पहले धुआं निकला और देखते ही देखते आग ने भायावह रूप ले लिया। हालांकि घटना के बाद कार सवारों ने गेट खोलकर आनन फानन में अपनी जान बचाई जिससे जनहानि टल गई। बताया गया कि अचानक हुई आगजनी में मारुती 800 कार जलकर खाक हो गई।




## नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में आप ने सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट द्वारा आयाजित पूरीक्षा में पेपर लीक और धांधली के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कलेक्टर को राष्टपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान आप के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिला संगठन मंत्री रवि मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश दुबे, नीलेश सिंह बघेल सहित आप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना ट्रांसफार्मर मल्टीप्लेक्स बिल्डिंग को दे दिया 60 किलोवाट का कनेक्शन

### 30-30 किलोवाट के दो कनेक्शन देकर विभागीय अधिकारियों ने नियमों को दिखाया ठेंगा




जागरण, रीवा

अमहिया मार्ग पर स्थित एक व्यावसायिक मल्टीप्लेक्स बिल्डिंग को नियमों को दरकिनार कर कनेक्शन देने के मामले में शहर में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के घेरे में आ गई है। सिटीकार्ट नामक व्यावसायिक मल्टीप्लेक्स के संचालक पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर संभाग से मिलकर अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन हासिल करने का आरोप है। गौरतलब है कि गरीब एवं मध्यम परिवार के घरों का कनेक्शन काटकर नियमों की दुहाई बताने वाला बिजली विभाग बड़े व्यवसायी एवं बड़े बिल्डिंग संचालकों के लिए किसी प्रकार मेहरबान रहता है , यह इसका ताजा उदाहरण है। अधिकारियों द्वारा एक लंबा चौड़ा नियमों का पाठ पढ़कर बिल जमा कराया जाता है यदि नहीं जमा किया गया तो कनेक्शन भी काट दिया जाता है, लेकिन बड़े व्यवसायों के लिए कोई भी नियम नहीं है।

शहर के व्यस्त अमहिया रोड स्थित सफारी होटल के समीप नवनिर्मित महेश टॉवर व्यावसायिक भवन में सिटी कार्ट मॉल का संचालन शुरू हुआ है। जहां विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने भवन संचालक से मिलीभगत कर बिना पृथक ट्रांसफार्मर लगाए ही भारी विद्युत भार का कनेक्शन जारी कर दिया। पूरे मामले को तकनीकी रूप से वैध दिखाने के लिए एक ही भवन में 30-30 किलोवाट के दो अलग-अलग कनेक्शन जारी किए गए, जबकि कुल लोड 60 किलोवाट बताया जा रहा है। विभागीय नियमों के अनुसार किसी भी व्यावसायिक भवन, मॉल या मल्टीप्लेक्स को बिजली आपूर्ति देने के लिए अलग ट्रांसफार्मर लगाना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद बिना ट्रांसफार्मर लगाए कनेक्शन जारी किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा मामला शहर के बीचों-बीच और विद्युत विभाग के कार्यालय से कुछ ही दूरी पर सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि भवन लगभग 3800 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित है और यहां मॉल एवं व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। ऐसे भवनों में भारी विद्युत उपकरणों, एसी प्लांट और लिफ्ट संचालन के कारण विद्युत भार काफी अधिक रहता है।

**दो कनेक्शनों में बांट दिया गया पूरा लोड :** जानकारी के अनुसार विभाग ने कुल 60 किलोवाट के भार को छिपाने के लिए दो अलग-अलग 30-30 किलोवाट के कनेक्शन जारी किए। यह पूरा खेल विभागीय नियमों से बचने और ट्रांसफार्मर लगाने की अनिवार्यता खत्म करने के लिए किया गया। जबकि यदि किसी भवन का वास्तविक विद्युत भार निर्धारित सीमा से अधिक है तो उसे विभाजित कर अलग-अलग कनेक्शन देना नियमों की भावना के विपरीत माना जाता है। इससे विभाग को राजस्व हानि होने के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

### बिना फायर एनओसी के चल रही चार मंजिला बिल्डिंग

मामले का दूसरा गंभीर पहलू यह है कि अमहिया रोड स्थित ग्राउंड फ्लोर मिलाकर चार मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग बिना फायर एनओसी के संचालित हो रही है। नगर निगम के नियमों के तहत किसी भी बहुमंजिला व्यावसायिक भवन में संचालन शुरू करने से पहले फायर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद भवन में मॉल और अन्य व्यवसायिक गतिविधियां धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। भवन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में यदि किसी प्रकार की आगजनी या विद्युत दुर्घटना होती है तो बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि जब इस संबंध में नगर निगम के फायर विभाग से जानकारी ली गई तो अधिकारियों ने कहा कि संबंधित भवन को नोटिस जारी कर जांच और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में बने खपरैल मकान में आगजनी, घरेलू सामग्री सहित भूसा जलकर खाक



### नईगढ़ी के लालगंज में सामने आई घटना

**रीवा।** नईगढ़ी कस्बे के लालगंज में खेत में बना खपरैल मकान आगजनी में जलकर नष्ट हो गया। अचानक हुई आगजनी से अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने शोर शराबा शुरू कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आगजनी की इस घटना में मकान के अंदर रखा भूसा, अनाज, डीजल पंप का सामान और अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। पीड़ित मोहम्मद गबरू ने बताया कि वह अपने खेत पर खपरैल घर में कृषि उपयोग का सामान और अनाज रखे हुए था। अचानक धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों द्वारा आग लगने की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक मकान और उसमें रखा अधिकांश सामान जल चुका था। पीड़ित मोहम्मद गबरू ने बताया कि आगजनी की घटना में करीब 50 हजार रुपए से अधिक की सामग्री का नुकसान हुआ है। घटना के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। पीड़ित ने शासन प्रशासन से आर्थिक सहायता के लिए मदद की गुहार लगाई है।

## संविदाकार पर सरहंगों ने किया जानलेवा हमला

### मऊगंज पुलिस कंट्रोल रूम के पास की घटना



**जागरण, रीवा।** मऊगंज में संविदाकर के ऊपर सरहंगों ने लाठी और रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में घायल के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। मिली जानकारी के मुताबिबक मऊगंज पुलिस कंट्रोल रूम के सामने और मुख्य अभियंता कार्यालय के भीतर एक संविदाकार को मौत के घाट उतारने की कोशिश की गई। बताया गया कि संविदाकार मनीष पाण्डेय सिंगरौली से मऊगंज काम के सिलसिले में आया था। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस सरकारी दफ्तर में वह जा रहा है, वहाँ कानून नहीं बल्कि अपराधियों का सिक्का चलता है। घटना 11 मई की दोपहर करीब 3.40 बजे की है। बताया जा रहा है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिजली विभाग के संविदाकार मनीष पांडे जैसे ही कार्यपालन अभियंता कार्यालय से बाहर निकले, पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन्हें घेर लिया। नाम पूछा और फिर उस पर हमला कर दिया। घायल मनीष ने बताया कि आरोपी धमकी देते हुए बोले कि अभी छोड़ दिया है, फिर काम करोगे तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने घटना की शिकायत मऊगंज थाना में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

## आपदा में रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ ने किया अभ्यास

### प्रशिक्षण में संभागभर से दस-दस जवान हुए शामिल



**जागरण, रीवा।** आापदा के समय रेस्क्यू ऑपरेशन कर लोगों को बचाने और मदद के लिए एसडीआरएफ का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। संभाग भर के सभी जिलों के 10 -10 जवान प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस दौरान उन्हें उपकरणों की बेसिक जानकारी, तैराकी, रेस्क्यू की विधाएं और डीप डाइविंग का अभ्यास करवाया गया। यह प्रशिक्षण प्रदेश के सभी जिलों में जवानों को दिया जा रहा है जिसमें जवानों को उपकरणों की बेसिक जानकारी, तैराकी, रेस्क्यू की विधाएं और डीप डाइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण शहर के करहिया स्थित बीहर नदी में दिया गया। रीवा के प्लाटून कमांडर विकास पाण्डेय ने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर रीवा में संभाग स्तरीय आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि इस संभागीय प्रशिक्षण में रीवा संभाग के चारों जिलों से 10-10 जवान आए हुये हैं, जिन्हें सीधी से आए प्लाटून कमांडर मयंक तिवारी और रीवा के प्लाटून कमांडर विकाश पाण्डेय व पुष्पेंद्र चंदेल के द्वारा प्रशिक्षक के रूप में जवानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि किसी तरह की आपदा की सूचना देने के लिये नंबर 1079 पर सूचना दे सकते है। इसके अलावा प्रदेशभर के लिये जारी यूनिवर्सल नम्बर 112 को भी डायल कर लोग आपदा की जानकारी दे सकते हैं।

## ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें फाइलें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि प्रशासनिक तथा विभागीय कार्यों को अधिक गतिशील बनाने के लिए ई-ऑफिस व्यवस्था लागू कर दी गई है। सभी अधिकारी अब केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही फाइलें और पत्र भेजें। हार्डकॉपी में फाइलें स्वीकार नहीं की जाएंगी। सभी अधिकारी अपने डिजिटल साइन, शासकीय ईमेल तथा लॉगिन पासवर्ड बनवाकर विभाग के पदक्रम के अनुसार ऑनलाइन हायर्की बना लें। फाइलों का क्रियेशन और मूवमेंट ई-ऑफिस से ऑनलाइन करें। अपने अधीनस्थ तहसील तथा विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों से भी फाइलों और पत्रों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। कार्यालय की आंतरिक व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित समस्त कार्यवाहियाँ ई-ऑफिस के माध्यम से ही करें। इस संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। किसी भी तरह की कठिनाई आने पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल से संपर्क करें। निर्देशों का पालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अरूण पाण्डेय सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को रीवा जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक पाण्डेय का मोबाइल नम्बर 9425036003 है। प्रेक्षक पाण्डेय के लाइजनिंग आफीसर के रूप में सहायक यंत्री अभिलाष मिश्रा को तैनात किया गया है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण 15 मई को

**रीवा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंचायतराज संस्थाओं तथा नगरीय निकायों के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। पुनरीक्षण के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण 15 मई को शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य जारी

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि नगरीय निकायों और पंचायतराज संस्थाओं के वार्षिक पुनरीक्षण निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वेंडर 15 मई तक प्रारूप मतदाता सूची का मुद्रण करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। पुनरीक्षण के लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 15 मई को होगा। मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियाँ 25 मई को दोपहर 3 बजे तक दर्ज की जाएंगी। इनका निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। दावे-आपत्तियों की चेकलिस्ट 6 जून तक तैयार करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इसे 8 जून तक वेण्डर को उपलब्ध कराएंगे। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का मुद्रण वेण्डर 16 जून तक करेंगे। अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 20 जून तक मतदाता सूची की सीडी और डीवीडी बिक्री के लिए उपलब्ध कराएंगे। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 22 जून तक मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

## लायंस रीवा ग्रेट ने दिए दो वाटर कूलर




**रीवा।** नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था लायंस क्लब रीवा ग्रेट द्वारा स्थानीय जिला चिकित्सालय रीवा को गर्मी में मरीजों की सुविधा के लिए दो वाटर कूलर प्रदान किया। बुधवार को क्लब के अध्यक्ष लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री ,रीजन चेयर पर्सन लायन वीरेंद्र वर्मा ,जोन चेयर पर्सन लायन मानोज्ञा सिंह, लायन वीरेंद्र आर्य, लायन दर्पणा स्वर्णकार, लायन गीता पुरवार, लायन दीप्ति अग्निहोत्री, लायन मीना कुंदर ,लायन मीना सोनी ने अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर मिश्रा डॉक्टर जूली डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह एवं अन्य की उपस्थिति में सौंपे। इनमें एक वाटर कूलर क्लब के सदस्यों के सहयोग से एवं दूसरा वाटर कूलर लायन लता आर्या एडिशनल कैबिनेट सेक्रेटरी एवं लायन वीरेंद्र आर्य के परिवार द्वारा दिया गया।

# धन दुगुना करने के नाम पर रीवा में 100 करोड़ से अधिक का फ्राड

### करोड़ों के हवाला कारोबार में कई रसूखदार भी हुए ठगी का शिकार

### प्रभावितों में ज्यादातर स्काई मून स्कूल की शिक्षिकाएं व अभिभावक

### स्कूल संचालिका व उसका पति करोड़ों लेकर दुबई फरार



**जागरण, रीवा।** धन दुगुना करने का लालच देकर रीवा शहर में करोड़ों के फ्राड का मामला प्रकाश्श में आया है। प्रभावितों में ज्यादातर एक निजी स्कूल की शिक्षिकाए व अभिभावक शामिल हैं। इसके साथ ही शहर के कई रसूखदार कारोबारियों के साथ ठगी होने की जानकारी मिली है। आरोप है कि स्कूल संचालिका करोड़ों की ठगी कर रीवा से दुबई भाग गई हैं। पीडितों का आरोप है कि पुलिस भी उनकी मदद नहीं कर रही है। शिकायत के बाद भी एफआइआर नहीं दर्ज की जा रही है। करोड़ों के हवाला कांड में एक बड़ी मैडम का भी नाम सामने आ रहा है जिसकी सत्ता में दखल गहरी बताई जा रही है। पीड़ितों की माने तो 100 करोड़ से अधिक फ्राड किया गया है। वैसे तो लूटपाट का यह खेल पर्दे के पीछे ही चल रहा था लेकिन अक्टूबर 2025 से जब कथित निवेशकों को फ्राड होने का भान हुआ तो भगदौड़ की। जब कुछ हाथ नहीं लगा तब मीडिया दरबार बुलाई और अपनी पीड़ा रखी।

बुधवार को स्थानीय काफी हाउस में आप नेता प्रमोद शर्मा के साथ स्काई मून स्कूल की एक दर्जन शिक्षिकाओं के साथ अन्य पीड़ितों ने पत्रकारों को बताया कि वह स्काई मून स्कूल में शिक्षिका हैं। स्कूल की संचालिका अकला सुल्ताना उर्फ नंदा खान और उसके पति असलम अंसारी ने धन दुगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपए ऐठ लिया और अब भाग गए। पुलिस एफआईआर भी नहीं लिख रही है। बताया कि पहले थोड़ी-थोड़ी राशि लेकर हर महीने दुगुना करके दिया जब हम सब को विश्वास हो गया कि पैसा मिलेगा तब अधिक पैसा लगवाया और पूरी राशि हजम कर ली। बताया कि उन लोगों के माध्यम से रिस्तेदारों को भी फंसाया और लूट लिया। पीड़ितों ने वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप व कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि स्कूल संचालिका नंदा खान किसी बड़ी मैडम का नाम लेकर उन्हें जाल में फंसाया। *(पीड़ितों ने उस मैडम के नाम का भी खुलासा किया है और सत्ता के लोगों संबंध के फोटोग्राफ भी दिए है लेकिन जागरण अभी खुलासा नहीं कर रहा है)।*

**कई सराफा कारोबारी भी चपेट में :** पीडितों ने यह भी बताया कि इस फ्रॉड का शिकार कई सराफा व्यापारी भी हुए हैं। जिन्होंने सोना व चांदी दे दिया है। पीड़ितों की माने तो शिल्पीप्लाजा के कई बड़े कारोबारी अपना पैसा फंसाकर हाथ मल रहे हैं। यदि प्रशासन निष्पक्ष जांच करे तो हवाला की राशि कई सौ करोड़ पहुंच सकती है। नंदा के दुबई भागने पर लोग यह भी आशंका जता रहे कि उनका पैसा कहीं देश विरोधी गतिविधियों में तो नहीं उपयोग किया जा रहा है।

### सुनियोजित तरीके से ऐंठे पैसे

नंदा खान ने स्कूल संचालिका होने के कारण शिक्षिकाओं को अपने प्रभाव में लिया पहले उनसे पैसे जमा कराए और वापस किए फिर उनके परिवार व रिस्तेदारों को भी शामिल कर लिया और उनसे पैसे लिए। लोगों का विश्वास बना रहे इसके लिए उसने स्टांप में नोटराइज एग्रीमेंट दिया और कुछ को एडवांस डेट का चेक भी दिया। जिसका असर यह हुआ कि शहर के सैकड़ों लोगों ने मनी सर्कुलेशन में पैसा लगाकर अब भटक रहे हैं। नंदा का एक वीडियो पीडितों ने दिखाया जिसमें वह किसी को मैडम कह रही है और बता रही है कि लोग उससे पैसे मांगने आ रहे हैं क्या करें। शायद यही बड़ी मैडम है या कोई और यह तो पता नहीं।

### किससे कितना का हुआ फ्राड

| नाम पीड़ित | राशि |
|---|---|
| साक्षी शुक्ला | 20 लाख |
| परवीन अंसारी | 47 लाख |
| प्रेरणा मिश्रा | 45 लाख |
| सबीना | 40 लाख |
| हिना अंसारी | 50 लाख |
| तकरुनिशा | 01 लाख |
| मनीष मिश्रा | 35 लाख |
| यास्मीन अंसारी | 32 लाख |
| सतीष मिश्रा | 10 लाख |
| सरोज शुक्ला | 29.40 लाख |
| जीतेंद्र तिवारी | 30 लाख |
| आसिफ अंसारी | 60 लाख |
| ताजुलनिशा अंसारी | 3.80 लाख |
| शिवकांत चतुर्वेदी | 32 लाख |
| श्रेयांस पांडेय | 28 लाख |
| तौहीद अंसारी | 03 लाख |
| शाहिद अंसारी | 08 लाख |
| शाहिल खान | 25 लाख |
| अमन खान | 20 लाख |
| कृष्णा सोनकर | 5 लाख |
| जहांगीर अंसारी | 30 लाख |
| अंकित सिंह | 60.35 लाख |
| प्रिंस अंसारी | 28 लाख |
| एक बेनाम | 50 लाख |

## भट्ठी की तरह तप रहा शहर 43 के पार पहुंचा पारा

### मई में गर्मी का सितम, हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा, डॉक्टरों ने लोगों को दी सतर्क रहने की सलाह




**जागरण, रीवा।** मई की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। पिछले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में हल्की गिरावट और बूंदाबांदी से लोगों को कुछ राहत मिली थी, लेकिन अब मौसम साफहोते ही पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 24 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही। दोपहर के समय शहर की सड़कें सूनसान नजर आने लगी हैं, बाजारों में भीड़ कम हो रही है और लोग गर्म हवाओं व उमस से परेशान दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बुधवार को अचानक तेज हावाएं शाम होते ही चलने लगी, जिससे कई घंटों तक शहर में बिजली की समस्या भी हुई। आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पंखे और कूलर भी गर्म हवा देने लगे

इस बार केवल दिन का तापमान ही नहीं बढ़ रहा, बल्कि रातें भी लगातार गर्म बनी हुई हैं। वातावरण में नमी होने के कारण उमस भी बढ़ गई है, जिससे लोगों को रात में भी चैन नहीं मिल रहा। कई इलाकों में लोग देर रात तक घरों की छतों और गलियों में टहलते नजर आए। पंखे और कूलर भी गर्म हवा देने लगे हैं। शहर के अस्पतालों में डिहाइड्रेशन व अन्य समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

## काशी के आचार्य संतोष दास सेतुआ बाबा महाराज का हुआ भव्य स्वागत



**जागरण, रीवा।** श्रीमद्भागवत कथा के प्रसिद्ध वक्ता एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्री संतोष दास सेतुआ बाबा महाराज का रीवा में भव्य स्वागत किया गया। भक्ति और आध्यात्मिक जीवन पर प्रवचन देने वाले महाराज श्री के आगमन पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में भक्ति, अंत्ये मति गति और सार्थक जीवन जीने के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर महाराज श्री का स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, डॉ. शांति देव पांडेय, राकेश पांडे तथा कामधेनु परिवार के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम भक्ति-भाव और जयकारों के साथ संपन्न हुआ। सेमरिया की पावन धरा पर श्रीमद् भागवत कथा के मर्मज्ञ प्रवक्ता आचार्य श्री संतोष दास सेतुआ बाबा महाराज एवं सुमन दास जी महाराज का भी भव्य स्वागत हुआ एवं भक्तों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## नजर आ रहे हैं आर्थिक आपातकाल के आसार

*क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? क्या प्रधानमंत्री मोदी की अपील देश के आम आदमी के लिए ही है? नेताओं की जमात के लिए 'बचत' अपरिहार्य क्यों नहीं है? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। वैसे भी भारत अब विश्व की चौथी नहीं, छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें और भी गिरावट के आसार हैं।*

*दरअसल, यह मूल्यांकन आसन्न आर्थिक संकट का पहला संकेत है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। उन्होंने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के 'दान' के पक्ष में हैं। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचायी जा सके। अमेरिका -ईरान युद्ध की शुरुआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं।*

*डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 'रुपए' में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को और गहरा दिया है। इस समय 'रुपया' दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़ कर आंका जा रहा है। दरअसल हमारा बुनियादी सवाल सरकारी व्यवस्था और नेताओं की जमात से है। देश में प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और आम अति विशिष्ट चेहरे भी लंबे-चौड़े काफिलों के साथ चलते हैं। यदि वाकई संकट के हालात हैं, तो मुख्यमंत्री और मंत्री सरकारी हेलीकॉप्टर पर सवार क्यों रहते हैं? क्या हवाई उड़ानें 'पानी' से चलती हैं? हमारे जन-प्रतिनिधि रेलगाड़ी के विशेष कक्ष में सफर क्यों नहीं कर सकते? यदि सार्वजनिक परिवहन नेताओं के लिए 'असुरक्षित' हैं, तो रेलवे में असंख्य यात्रियों की सुरक्षा दांव पर क्यों लगा रखी है? हम प्रधानमंत्री को अपवाद के तौर पर छोड़ देते हैं, क्योंकि वह देशहित में, देश के लिए ही, सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी के तौर पर 'विशेष वाहन' का इस्तेमाल करते हैं और अब मई में ही 5 देशों की यात्रा पर जाएंगे, लेकिन हम 'रोड शो' पर सवाल और आपत्ति जरूर करेंगे। दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हररोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। लिहाज जरूरी है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व पहल करे, बचत के नए आयाम स्थापित करे, आम जन-प्रतिनिधि बने, तो यह देश भी उसका अनुसरण करेगा।*

प्रसंगवश

## परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने कड़े कदम जरूरी

*देश भर में हर साल लाखों विद्यार्थी इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। मगर उनकी उम्मीदें तब धुंधली पड़ जाती हैं, जब परीक्षा में अनियमितता की बातें सामने आती हैं या फिर पेपर लीक हो जाने की वजह से परीक्षा रद्द हो जाती है। इस बार भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' में पेपर लीक के गंभीर आरोप लगे हैं, जिस कारण राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया है। साथ ही इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई है।*

*निस्संदेह, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, बल्कि अब पूरी संरचना को ही बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पेपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं, इसके साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है।*

*दरअसल, सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस तरह की प्रवेश परीक्षाओं में बार-बार गड़बड़ियों के मामले सामने क्यों आ रहे हैं? एनटीए का दावा है कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसे संबंधित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में पूरी गोपनीयता बरती जाती है और जरूरी सुरक्षा मानदंडों का भी कड़ाई से पालन किया जाता है, फिर क्या वजह है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र चुनिंदा विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है! आखिर एनटीए और जांच एजंसियां उस सिरे को क्यों नहीं ढूंढ पा रही हैं, जिसकी वजह से इस तरह की गड़बड़ियों का सिलसिला जारी है।*



*गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली किसी प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। वर्ष 2024 में नीट की परीक्षा देने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने शिकायत की थी कि उन्हें दूसरी भाषा के प्रश्नपत्र दिए गए।*

*इसके बाद एनटीए की ओर से क्षतिपूर्ति के तौर पर प्रभावित परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक को लेकर भी गंभीर सवाल उठे थे। इससे पहले वर्ष 2021 में भी कुछ छात्रों को गलत प्रश्नपत्र दिए जाने और कई केंद्रों पर परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की शिकायतों से विवाद हुआ था। सरकार ने वर्ष 2018 में एनटीए की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षाएं आयोजित करना है, जिनमें नीट, जेईई, यूजीसी और नेट भी शामिल हैं। दरअसल, प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और निष्पक्ष बनाना एनटीए की बुनियादी प्राथमिकता है। मगर, इनमें जिस तरह से एक के बाद एक विसंगतियां सामने आ रही हैं, उससे इस एजंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नीट यूजी 2026 परीक्षा में करीब 23 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। एनटीए का दावा है कि इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने में पूरी गोपनीयता बरती गई और इन्हें 'जीपीएस-ट्रैकिंग' वाले वाहनों में ले जाया गया था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से एआइ-सहायता प्राप्त सीसीटीवी के माध्यम से की गई थी। सुरक्षा के इन तमाम प्रबंधों के बावजूद अगर प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही कुछ विद्यार्थियों तक पहुंच जाता है, तो यह वास्तव में बहुत ही गंभीर मसला है।*

*जाहिर है कि परीक्षा के आयोजन से संबंधित संस्था और अन्य संगठनों की पर्चाफोड़ माफिया से मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं हो सकता। सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि विद्यार्थी इन परीक्षाओं के लिए कितनी मेहनत करते हैं, महंगी कोचिंग के लिए कई परिवार तो अपनी जमीन गिरवी रख देते हैं, तो कोई बैंक से कर्ज लेता है। इसलिए जरूरी है कि प्रवेश परीक्षाओं में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।*

सियासत | तमिलनाडु में बैसाखियों के सहारे चल रही विजय सरकार ने पास की पहली बड़ी परीक्षा

## सितारे का होगा सियासी चुनौतियों से सामना

एस श्रीनिवासन

बॉक्स ऑफिस पर कई हिट फिल्में दे चुके अभिनेता सी जोसेफ विजय ने रविवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और बुधवार को फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके सरकार का समर्थन किया। यह तो महज शुरुआत है, क्योंकि अल्पमत सरकार का नेतृत्व करते हुए उन्हें अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सिनेमा की दुनिया में तो सुपरस्टार विजय उन कहानियों से परिचित होते होंगे, जिनमें एक नौजवान को निर्णायक विजय से पहले कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं, मगर उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि राजनीति में कदम रखने पर असली दुनिया में भी उन्हें उसी तरह जूझना पड़ेगा। सिने-जगत में चकाचौंध खत्म होते ही सितारा तुरंत अपने असली रूप में लौट सकता है, लेकिन सियासत में ऐसी सुविधा नहीं होती। एक बार राजनीति की दौड़ में शामिल होने के बाद पीछे मुड़ना लगभग नामुमकिन होता है।



विजय को इन कटु सच्चाइयों का अनुभव हो रहा होगा। 4 मई को उनकी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कषगम' (टीवीके) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। कांग्रेस द्वारा पांच विधायकों के सशर्त समर्थन का वादा करने और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों व 2029 के संसदीय चुनावों में साझा भविष्य की कल्पना के अगले दिन से ही विजय के लिए हालात बिगड़ने लगे। कार्यवाहक राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने विजय द्वारा पेश दावे का पत्र पढ़ा, जिसमें चुनाव के बाद गठबंधन के रूप में कांग्रेस के समर्थन का उल्लेख था, मगर तत्काल उन्हें न्योता नहीं दिया। सरकारिया आयोग के दिशा-निर्देश, बोम्मई मामले समेत सुप्रीम कोर्ट की विभिन्न पीठों के फैसलों में यह साफ कहा गया है कि सत्ता हस्तांतरण का मौका सबसे बड़ी पार्टी को दिया जाना चाहिए। बहुमत का परीक्षण विधानसभा में होना चाहिए, न कि राजभवन में, जिसे अब लोकभवन कहा जाता है।

गैर-भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सत्ताधारी दल के साथ टकराव वाली रही है, इसलिए अर्लेकर के फैसलों को भी विजय के मुख्यमंत्री बनने की राह में एक बाधा के रूप में देखा गया। दरअसल, भाजपा नेतृत्व को सबसे ज्यादा गुस्सा कांग्रेस के साथ टीवीके के गठबंधन से आया। यह तमिलनाडु के साथ केरल, पुडुचेरी, यहां तक ??कि आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में भी भाजपा के लिए एक खतरे की घंटी थी, जहां विजय के काफी अधिक समर्थक हैं।

इन छह दिनों के भीतर एक वक्त ऐसा भी आया, जब सत्ता से बेदखल हुई द्रमुक पार्टी सक्रिय हो गई। कांग्रेस के गठबंधन से बाहर निकलने से नाराज द्रमुक ने विजय को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए विकल्पों की तलाश शुरू कर दी। एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि अन्नाद्रमुक के प्रस्ताव पर मुखर प्रतिक्रिया देने लगे थे। अन्नाद्रमुक के नेता ई पलानीसामी (ईपीएस) अस्तित्व के संकट का सामना कर रहे थे, क्योंकि 2021 में मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से ही वह लगातार हार का सामना करते आ रहे हैं।

चुनावी नतीजे के बाद ईपीएस को अन्नाद्रमुक में संभावित असंतोष की चिंता सताने लगी थी और इसलिए उन्होंने राज्यपाल द्वारा मुहैया कराए गए इस अवसर का लाभ उठाते हुए किसी भी तरह से सरकार बनाने की संभावनाएं टटोलनी शुरू भी कर दी। द्रमुक के एक गुट ने अन्नाद्रमुक को समर्थन देने की पूरी तरह से बेतुकी संभावना पर विचार करना भी शुरू कर दिया, मगर पार्टी के समझदार लोगों ने इस कदम की गंभीरता को समझते हुए कहा कि अगर ऐसा किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, क्योंकि चुनाव परिणामों ने द्रविड़ दलों की चुनावी अपील पहले ही काफी कम कर दी थी। इन दोनों द्रविड़ दलों ने थोल थिरुमावलवन के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पार्टी वीसीके को बाहर से समर्थन देने की संभावना पर भी गौर किया। इसके पीछे तर्क यह ढूंढ़ा गया कि दलितों की इस पार्टी को समर्थन देना एक मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है और इससे नवगठित टीवीके को मात दी जा सकती है, मगर एक बार फिर इन दोनों पार्टियों के समझदार लोगों ने ऐसे जोखिम भरे रास्ते को न अपनाने की सलाह दी और इसके खतरे बताए।

वामपंथी दलों को फैसला लेने में दो दिन लग गए, पर इसका असर वीसीके और आईयूएमएल पर भी नैतिक रूप से दिखने लगा। सीपीआई और सीपीएम के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जनता के फैसले को सही ढंग से समझा और किसी भी तरह के जोखिम भरे कदम न उठाने की सलाह दी। जब द्रमुक को समझ आ गया कि उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा है, तब उसने अपने सहयोगी दलों- सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल -को निर्देश दे दिए कि वे टीवीके को बाहर से समर्थन दे सकते हैं और कुछ हद तक स्वायत्तता बनाए रख सकते हैं, साथ ही 'सांप्रदायिक ताकतों' को दूर रख सकते हैं। यह सुझाव इन दलों को रास आया और शनिवार तक उन्होंने टीवीके को बिना शर्त अपना समर्थन दे दिया। तस्वीर का दूसरा रोचक पहलू यह है कि अन्नाद्रमुक के लिए हालात ज्यादा खराब हो रहे हैं, क्योंकि उसके 47 में से दो-तिहाई विधायकों ने ईपीएस के नेतृत्व पर अविश्वास जताते हुए बगावत का झंडा उठा लिया है।

बहरहाल, अब जब विजय मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभाल चुके हैं, तो उनके सामने कम से कम पांच बड़ी चुनौतियां हैं। सबसे पहली चुनौती तो सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करना है, क्योंकि यह बेहद कम बहुमत पर टिकी है। दूसरी, अपने समर्थक दलों को जोड़े रखना और अनुभवहीन मंत्रिमंडल का नेतृत्व करना। तीसरी, केंद्र सरकार और राज्यपाल के साथ कठिन और कुछ हद तक पेचीदा संबंधों को संभालना, जो विजय के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। चौथी, जनता की बढ़ी उम्मीदों को पूरा करना, क्योंकि उन्होंने बड़े-बड़े वादे किए हैं और उनको पूरा करने के लिए संसाधनों की उन्हें व्यवस्था करनी होगी और पांचवीं, हार से भड़की द्रमुक पार्टी को संभालना।

तमिलनाडु के चुनावी नतीजे साफ बताते हैं कि जन-आकांक्षाएं चरम पर हैं। मुख्यमंत्री विजय पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी यह भी है कि आने वाले वर्षों में अपनी पार्टी को अन्य पार्टियों की तरह बनने से बचाकर रखें, जैसा दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ हुआ है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि पारंपरिक राजनीतिक वर्ग के गुस्से को उन्हें शांत करना होगा, जिसने अभी तक जनादेश को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है।

खुला मंच

## फुल गब्बरमय हो गई है अब पॉलिटिक्स

आलोक पुराणिक

ट्रंप ने एलियनों से जुड़ी फाइलें जारी कीं। एक फाइल छिपा ली गई है। इसके मुताबिक ट्रंप से मिलने एलियन आया तो ट्रंप ने कहा कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करो। एलियन यह सुनकर भाग लिया। एलियन अब इंडिया आने की सोच रहे हैं, क्योंकि यहां तो लोग सिर्फ झालमुड़ी मांग रहे हैं।

खैर, कइयों को चीफ मिनिस्टर बनवाने वाले प्रशांत किशोर अपना एक विधायक भी न बनवा पाए बिहार में। तो क्या हुआ। ऐसे भी कई देखे हैं जिनकी कोचिंग से कई आईएएस बन गए, पर वो खुद तहसीलदार भी नहीं बन पाए।

ठीक ऐसे ही बंगाल में दो मुख्यमंत्री माने जा सकते हैं। एक नैतिक जीत वाला, दूसरा राजनीतिक जीत वाला। या फिर देश में मुख्यमंत्री, नैतिक जीत का पद भी बनाया जा सकता है। जहां इतने तरह के मुख्यमंत्री पहले ही हैं-भूतपूर्व,अभूतपूर्व,भावी, दावेदार, कार्यवाहक वगैरह-वगैरह। वहां एक और मुख्यमंत्री का पद बन जाए तो क्या फर्क पड़ जाएगा। वर्ष 2025 की आईपीएल चैंपियन टीम रॉयल चैलेंजर बंगलुरु के विराट कोहली ने अपने टीम मेंबर से कहा- ट्रॉफी को हम छिपाकर दुबई में रख देते हैं। इस बार यदि फाइनल में हम हार जाते हैं तो हम कह देंगे कि हम हारे ही नहीं हैं, हमें तो हरा दिया गया है। ट्रॉफी हम देंगे नहीं, तो इस बार भी चैंपियन हम ही माने जाएंगे। सही है, इसे जीत का ' ममता प्लान' माना जा सकता है।

आपरेशन सिंदूर की सालगिरह पर विदेश मंत्री ने विदेशी राजनयिकों को हिंदी में ऑपरेशन सिंदूर समझाया-एक होता है सिंदूर, मतलब सिर्फ सिर पर लगाते हैं। एक होता है सिंदूर-खेला, इसमें बहुत सारे ठिकानों को सिंदूरी कर देते हैं। फिर एक होता है सिंदूर-ठेला, इसमें हर आतंकी को उल्टा टांग कर फुल बॉडी सिंदूर चेक होता है। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाक आर्मी जनरल ने कहा था कि रूहानी ताकतों ने उनकी मदद की थी। अब एक पाकिस्तानी नेता ने कहा कि हम इंडिया के बांध पर हमला करेंगे। इंटरनेशनल भिखारी पाकिस्तान की तरफ से रूहानी ताकतें यानी भूत जिन्ना टोपी पहनकर हमला करेंगे। तमिलनाडु में कांग्रेस पार्टी ने स्टालिन की पार्टी के साथ मिलकर विजय थलपति के खिलाफ चुनाव लड़ा। स्टालिन हारे तो दोस्ती खलास, अब कांग्रेस विजय के साथ है, जिसके खिलाफ चुनाव लड़ा था। कौन किसके साथ है तमिलनाडु में, यह समझना मुश्किल है। मतलब कुछ यूं हो रहा है जैसे शोले फिल्म में बसंती वीरू के साथ भी खुश हो, और गब्बर सिंह के साथ भी मस्त रहे। पॉलिटिक्स फुल गब्बरमय हो गई है।

चिंतन शिविर | सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाता है चिंतन शिविर

## हाशिये से मुख्यधारा में आ गया भारत में खेल

पुलेला गोपीचंद

दो चिंतन शिविरों का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त करने के बाद मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि यह आज भारतीय खेल जगत की सबसे सामयिक और असरदार पहलों में से एक है। हम अपने राष्ट्र की खेल यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, एक ऐसा मोड़ जहाँ इरादा, निवेश और प्रेरणा अभूतपूर्व रूप से एक साथ मिल रहे हैं।

पिछले एक दशक में, भारत में खेल हाशिये से मुख्यधारा में आ गया है। इसके महत्व के प्रति भी साफ तौर पर राष्ट्रीय जागरूकता देखी जा सकती है, न केवल एक प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव के साधन के रूप में भी। आज, हम एक विशाल और विविध तंत्र देख रहे हैं, जहां राज्य सरकारें, गैर-सरकारी संगठन, निगम, संघ और ज़मीनी स्तर के संस्थान सभी मिलकर खेलों के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।




चिंतन शिविर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाता है। खेल अपने आप में कई क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, जिनमें विनिर्माण, मनोरंजन, फिटनेस, मीडिया और शिक्षा शामिल हैं। यह शिविर इन सभी क्षेत्रों को एक साथ लाने में मदद करता है, जिससे एक साझा दृष्टिकोण बनता है, जो दीर्घकालिक सफलता के लिए बेहद ज़रुरी है। यह देश के सामूहिक दृष्टिकोण को सामने लाता है और साथ ही विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, जिससे अनुकरण और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलता है।

चिंतन शिविर महज एक सम्मेलन से कहीं बढ़कर, एक शिक्षण तंत्र है। यह इसमें शामिल होने वाले लोगों को विचारों का आदान-प्रदान करने, चुनौतियों को समझने और मिलकर समाधान विकसित करने का अवसर देता है। यह एक शक्तिशाली प्रेरक के रूप में भी काम करता है, सफलता की तमाम कहानियों को सामने लाता है और इस विचार को और पुख्ता करता है कि भारत में खेल महज़ विशिष्ट पदकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भागीदारी, समावेशिता और राष्ट्र निर्माण भी शामिल है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन और साइक्लिंग प्रतियोगिताओं जैसी सामुदायिक गतिविधियों ने खेल के प्रति हमारे नज़रिए को नया रूप दिया है।

श्रीनगर में शिविर का आयोजन करने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। इस शहर की शांत सुंदरता खेलों की विचारधारा के लिए एक मनोरम पृष्ठभूमि प्रदान करती है। इस चिंतन शिविर का एक अहम केंद्र बिंदु श्रीनगर खेल संकल्प को अपनाना था। यह संकल्प महज एक आशय का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह एक ऐसा एकीकृत ढांचा है, जो भारतीय खेल जगत के सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को एक साथ जोड़ता-बांधता है। यह एक ऐसा रोडमैप तैयार करता है, जो विखंडन के बजाय सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

श्रीनगर खेल संकल्प की असली ताकत विभिन्न भागीदारों—सरकारों, संघों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक मंच पर लाने की क्षमता में निहित है। यह इस विचारधारा को और पुख्ता करता है कि भारत के खेल जगत का उत्थान अलग-थलग प्रयासों से नहीं हो सकता। इसके बजाय, इसे एक समन्वित, सहयोगात्मक दृष्टिकोण से संचालित किया जाना चाहिए, जहां संसाधनों व विशेषज्ञता को एक साथ लाया जाए।

भारत को 2036 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की अपनी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा को प्राप्त करने के लिए यह समन्वय बेहद महत्वपूर्ण है। विश्व स्तरीय एथलीट तैयार करने के लिए न केवल प्रतिभा की जरुरत होती है, बल्कि एक सुचारू तंत्र की भी महती आवश्यकता होती है, जिसमें जमीनी स्तर पर पहचान, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट कोचिंग, प्रतिस्पर्धा का अनुभव और निरंतर वित्तीय एवं संस्थागत समर्थन शामिल हैं। इन वार्ताओं से जो बात सबसे अधिक उभरकर सामने आई है, वह है इस व्यवस्था में मौजूद आशावाद। सभी का यह मानना है कि भारत का खेल भविष्य उज्ज्वल है और सहयोग से हम एक सशक्त, समावेशी और उच्च प्रदर्शन वाली खेल संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं।

चिंतन शिविर कई मायनों में एक अनूठा प्रयोग है, लेकिन यह पहले से ही सफल साबित हो रहा है। यह संवाद, समन्वय और आपसी समझ के महत्व को दर्शाता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए, ऐसे मंच न केवल लाभकारी हैं, बल्कि आवश्यक भी हैं। अगर हम वैश्विक खेल मंच पर अपनी महत्वाकांक्षाओं को सही मायने में साकार करना चाहते हैं, तो इन संवादों का जारी रहना और इन्हें सामूहिक कार्रवाई से मदद मिलना भी जरुरी है। श्रीनगर खेल संकल्प हमें वह दिशा प्रदान करता है। चिंतन शिविर हमें वह मंच प्रदान करता है। ये दोनों मिलकर भारत को अपनी खेल संबंधी आकांक्षाओं-महत्वाकांक्षाओं को स्थायी ओलंपिक सफलता में बदलने के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करते हैं।

**(लेखक बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच हैं)**

जीवन दर्शन

## एक समुदाय नहीं, समूची मानवता का धर्म है प्रेम

यह कोई विचारधारा नहीं, एक जीवन-पद्धति है। इसे मानना नहीं, जीना होता है। और जब हम इसे जीते हैं, तब हमारा जीवन एक नृत्य बन जाता है, एक ऐसा नृत्य जिसमें कोई दीवार नहीं, कोई सीमा नहीं, केवल प्रेम का विस्तार है। यदि हमारा धर्म प्यार है, तो नियम बहुत सरल हो जाएगा- जो भी करो, प्रेम से करो। चाय बनानी है? प्रेम से बनाओ। बहस करनी है? प्रेम से करो। गुस्सा आ गया? थोड़ा रुककर प्रेम से संभालो। यानी धर्म कोई भारी ग्रंथ नहीं, बल्कि दैनिक जीवन का हल्का-फुल्का अनुशासन बन जाएगा। और हां, परीक्षा भी रोज होगी, हम खुद अपने परीक्षक होंगे। प्रेम का धर्म किसी एक समुदाय का नहीं, समूची मानवता का धर्म है, मानव होने का धर्म है। धरती का मंदिर सबका है। हृदय का ग्रंथ सब पढ़ सकते हैं। और दयालुता की प्रार्थना हर कोई कर सकता है...

विनम्रतापूर्वक क्षमा मांग लेना भारतीय संस्कृति का अभिन्न भाग है। क्षमा मांग लेना और क्षमा कर देना तभी संभव होता है जब प्रेम हमारा धर्म बन जाए, हमारा पूरा अस्तित्व ही प्रेममय हो जाए। प्रेम अगर हमारा धर्म बन जाए तो दुनिया ही बदल जाती है क्योंकि हमारा नजरिया बदल गया, सोच बदल गई,




सोचने-समझने का तरीका बदल गया। हम किसी भी कोण से देखें, दुनिया बदल जाती है।

न्यूरोसाइंस बताती है कि जब हम प्रेम और करुणा का अनुभव करते हैं, तब मस्तिष्क में ऑक्सीटोसिन, डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे रसायन सक्रिय होते हैं। ये रसायन न केवल हमें सुख का अनुभव कराते हैं, बल्कि सामाजिक बंधन को भी मजबूत करते हैं। इस प्रकार प्रेम केवल आध्यात्मिक आदर्श नहीं, बल्कि मानव विकास की एक जैविक आवश्यकता है। जब हम कहते हैं कि हमारा धर्म प्रेम है, तब हमें किसी संकीर्ण पहचान की आवश्यकता नहीं रह जाती। हम सिर्फ इनसान हो गए और इनसानियत हमारा व्यवहार हो गया। इसी तरह जब हम धरती को मंदिर मानते हैं, तब हम उस पर हिंसा नहीं कर सकते। हम उसे दूषित नहीं करते। हम ऐसा समझेंगे तो विभाजन नहीं रह जाएगा। हम धर्म के नाम पर लडने की बजाय प्रेम के नाम पर जुड़ेंगे। यदि हमारा धर्म प्रेम है, तो हम किसी को पराया नहीं मानेंगे। तब जाति, भाषा, पंथ के भेद गौण हो जाएंगे।

जब हम धरती को ही मंदिर मान लें तो तब हमें अपने ईश्वर को दीवारों में बंद करने की जरूरत नहीं रह जाती। आकाश हमारा गुंबद है, वृक्ष हमारे स्तंभ हैं, नदियां हमारा शंखनाद हैं, और जीवन नृत्य हो जाता है, जीवन उत्सव बन जाता है। प्रेम को धर्म मान लिया और धरती को मंदिर मान लिया और हृदय को ग्रंथ मान लिया तो करुणा हमारी प्रार्थना बन जाती है, पूजा-अर्चना बन जाती है। जब हम किसी भूखे को भोजन देंगे, जब हम किसी दुखी को सहारा देंगे, जब किसी शत्रु को क्षमा करेंगे- वही हमारी प्रार्थना होगी। तब हम पाएंगे कि प्रार्थना मंदिर में सीमित नहीं, जीवन में प्रवाहित है। हम सब एक ही धरती के पुत्र हैं और यही हमारा मंदिर है। इसकी रक्षा करना, इसे प्रदूषण से बचाना, यही हमारी पूजा होगी।

**प्रमोद निर्वाण**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता॥

**भावार्थ**

अच्छे लोगों के मन में जो बात होती है, वे वही वो बोलते हैं और ऐसे लोग जो बोलते हैं, वही करते हैं। सज्जन पुरुषों के मन, वचन और कर्म में एकरूपता होती है।

## न्यूज कार्नर

### हायर सेकेंड्री की दो परीक्षाओं की बदली तारीख

**अब 19 मई व 26 मई को होगा आयोजन**

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वी और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसके समय सारिणी में बदलाव किया गया है। दो परीक्षा तिथियों को बढ़ाया गया है। कक्षा 12वीं की आज होने वाली कृषि, होम साइंस कला समूह व एकाउंटेंसी विषय की परीक्षा नहीं आयोजित होगी। यह परीक्षा अब आगामी 19 मई मंगलवार को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 21 मई को आयोजित होने वाली गणित व मनोविज्ञान की परीक्षा का आयोजन आगामी 26 मई को होगा। इस संबंध में आदेश भी 13 मई को माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल के सचिव बुद्रेश कुमार वैद्य द्वारा जारी किए गए है। डीईओ रामराज मिश्रा ने इस संबंध में सभी प्राचार्यो को आदेशित कर आदेश की जानकारी छात्रों को देने हेतु आदेशित किया है।

### अंजली पटेल ने हासिल किये 93 प्रतिशत अंक



**रीवा।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान इंटीग्रिटी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, रीवा ने एक बार फिर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया इतिहास रचा। कॉमर्स स्ट्रीम की होनहार छात्रा अंजली पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्रा अंजली पटेल को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इंटीग्रिटी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार में इस सफलता को लेकर हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

### प्रान्या का सपना आईएएस बनने का



**रीवा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय रीवा की छात्रा प्रान्या पाण्डेय ने 97.8 अंक हासिल करके स्कूल में टॉप किया है। प्रान्या सामान्य परिवार के घर की बेटी है, उनके पिता मेडिकल स्टोर संचालक हैं एवं माता सरकारी शिक्षिका हैं। बातचीत में छात्रा ने बताया कि अब उनका सपना यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनने का है। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### डिप्टी सीएम को विन्ध्य विभूति अलंकरण दिये जाने पर हर्ष

**रीवा।** आगामी 17 मई को पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के यशस्वी उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को विन्ध्य क्षेत्र में विकास की नई परिभाषा गढ़ने के निमित्त विंध्य विभूति अलंकरण प्रदान किये जाने का हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा संयोजक सुमित माँजवानी सह संयोजक उमेश कुशवाहा, मार्गदर्शक डॉ. सी. बी. शुक्ला, डॉ. के. के. परौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डी. पी. सिंह परिहार, अवधेश श्रीवास्तव, विजय मोहन तिवारी, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुये इसे सही कदम बताया है।

### 3 जून से होगी कक्षा 9वीं और 11वीं कक्षा की द्वितीय परीक्षा

**समय-सारिणी जारी होने के बाद तैयारी में जुटा विभाग**

**रीवा।** शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11 वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित या अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित स्टैंडर्ड गणित व बेसिक गणित के अनुसार आयोजित की जाएगी।

# अब दूसरी बार नीट का पेपर देने का दबाव, तनाव के साथ समय खराब होने से बढ़ गई चिंता

### शहर के 12 केंद्रों पर 5078 छात्रों ने दी थी परीक्षा

जागरण,रीवा

रीवा में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा गत 3 मई को 12 परीक्षा केंद्र में हुई थी। परीक्षा में करीब 5078 विद्यार्थी शामिल हुए थे। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 रद्द कर दिए जाने के बाद अभिभावकों और छात्रों में नाराजगी है। छात्रों का कहना है कि नीट परीक्षा के लिए वे पिछले एक साल से तैयारी कर रहे थे। 3 मई को परीक्षा देकर उन्हें राहत मिली थी लेकिन अब दोबारा परीक्षा की खबर ने तनाव बढ़ा दिया है। छात्रों का कहना है कि पढ़ाई फिर शुरू करना जितना कठिन नहीं, उससे ज्यादा मुश्किल दोबारा वही मानसिक दबाव झेलना है।

### पेपर अच्छा गया था, अब झेलना पड़ेगा मानसिक दबाव

अभिभावक शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी तृषा ने इस वर्ष नीट की परीक्षा दी। अब बेटी का सपना टूटने से दुखी हैं। परीक्षा का इंतजार था, पेपर अच्छा गया तो अब परीक्षा रद्द हो गई। अब फिर मानसिक दबाव से गुजरना पड़ेगा। सख्त सुरक्षा के बीच पेपर लीक होना कोई छोटी बात नहीं है। अब लाखों बच्चों को उसका भुगतान करना पड़ेगा।

### पढ़ाई कराने पर लाखों खर्च

छात्रों के साथ-साथ अभिभावक भी परेशान हैं। कोचिंग, पढ़ाई और रहने-खाने पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद अब दोबारा परीक्षा की तैयारी का दबाव परिवारों पर भी बढ़ गया है। अभिभावकों ने बताया कि अब परीक्षा जल्द से जल्द भी आयोजित नहीं होगी। अब फिर ऐसी स्थिति नहीं बनेगी, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। 2024 में भी प्रबंधन ने यही किया था, अब 2026 में भी मेहनत पानी में मिल गई। हमारे बच्चों का भविष्य भी खराब हो गया है।

### छात्र धैर्य और संयम से काम लें

वहीं इस बात को लेकर मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि परीक्षा के रिदम का टूटना छात्रों में घबराहट और अवसाद पैदा करता है। अब समय आ गया है कि सरकार केवल जांच तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र का कायाकल्प कर जवाबदेही तय करे। इस कठिन समय में छात्रों को भी धैर्य और संयम बरतने की आवश्यकता है। जो परिस्थितियां आपके नियंत्रण में नहीं हैं, उनके बारे में अत्यधिक सोचकर अपनी मानसिक ऊर्जा नष्ट न करें। दोबारा तैयारी शुरू करने से पहले खुद को थोड़ा समय दें और अपनों से अपनी भावनाएं साझा करें। याद रखें कि यह एक परीक्षा मात्र है, आपकी योग्यता का अंतिम पैमाना नहीं। शून्य से शुरुआत करने के बजाय केवल महत्वपूर्ण विषयों के रिवीजन पर ध्यान दें और नियमित योग या व्यायाम के जरिए खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से शांत रखें। सकारात्मक संवाद और संतुलित दिनचर्या ही इस तनावपूर्ण समय से बाहर निकलने का सबसे प्रभावी जरिया है।

### इधर एनएसयूआई ने जताया विरोध



नीट 2026 परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं एवं कथित पेपर लीक के विरोध में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात कठिन मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं लेकिन लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक अब एक सामान्य घटना बन चुकी है, जिससे छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर से भरोसा लगातार कमजोर होता जा रहा है। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि नीट 2026 परीक्षा को लेकर देशभर में गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित प्रश्नपत्र एवं परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की समानता ने छात्रों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित और असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार युवाओं को निष्पक्ष परीक्षा एवं रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रीवा में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा एवं मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के आवास का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, टीआरएस इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विष्णुवर्धन सिंह, ऋतिक तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नर्सें मरीजों के जीवन में आशा की किरण



**इंटरनेशनल नर्सेस डे पर फेस इंस्टीट्यूट में हुआ आयोजन**

**रीवा।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर फेस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि यह दिवस नर्सों के समर्पण, सेवा भावना और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देने का अवसर है। डॉ. चतुर्वेदी ने आगे कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ होती हैं। वे न केवल मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक संबल भी प्रदान करती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी नर्सें धैर्य, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देती हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में नर्सिंग पेशे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके अथक परिश्रम, त्याग और समर्पण की सराहना की गई। नर्सें मरीजों के जीवन में आशा की किरण बनकर आती हैं और उनके स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस कार्यक्रम में फेस संस्था के समस्त प्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 20 मई को होगा आरटीई के दूसरे चरण का आवंटन

### 16 मई तक अपनी पसंदीदा स्कूलों का छात्र कर सकते हैं चयन

### कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में मिलेगी मुफ्त शिक्षा

**जागरण,रीवा।** कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को बड़े निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा दिलाने के लिए आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत प्रथम चरण के बाद खाली रही सीटों को भरने के लिए द्वितीय चरण की प्रक्रिया बीते यानी 4 मई से शुरू हो चुकी है। बता दें कि 4 से 9 मई तक जन शिक्षा केंद्रों पर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्पष्ट किया है कि द्वितीय चरण में नया पंजीकरण नहीं होगा।



यह अवसर केवल उन आवेदकों के लिए है जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था लेकिन किसी कारणवश दस्तावेज़ सत्यापन नहीं करा सके या जिन्हें स्कूल आवंटित नहीं हुआ।

### किसे मिलेगा मौका

31 मार्च को छुट्टियों के कारण जो अभिभावक सत्यापन से चूक गए थे, उन्हें सरकार ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए एक और अवसर दिया है। जिन्हें पहले चरण में स्कूल पसंद नहीं आया और उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वह भी अपनी पसंद के स्कूलों की चॉइस फिर से अपडेट कर सकेंगे।

### द्वितीय चरण में यह होगा

- **11 से 16 मई 2026 :** पोर्टल पर रिक्त सीटों के लिए अपनी पसंद अपडेट करना।
- **20 मई 2026 :** ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से होगा स्कूलों का आवंटन।
- **20 मई से 10 जून :** आवंटित स्कूल में प्रवेश लेने और मोबाइल ऐप पर रिपोर्टिंग की अंतिम अवधि।

# नशा मुक्ति और आध्यात्मिक जागरुकता का दिया संदेश

### गंगानगर में चलाया गया जनजागरण अभियान




**जागरण, रीवा।** शहर के गंगानगर कबाड़ी मोहल्ला क्षेत्र में समाज को नशामुक्त एवं संस्कारित बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन और ब्रह्माकुमारीज़ के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर लोगों को नशे से दूर रहने, पारिवारिक शांति बनाए रखने तथा आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह विशेष अभियान लगातार रीवा पुलिस एवं ब्रह्माकुमारीज़ प्रतिनिधि दल द्वारा चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान टीम ने मोहल्ले के विभिन्न घरों में पहुंचकर लोगों को बताया कि नशा व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। यदि परिवार में आध्यात्मिकता, प्रेम, शांति और सद्भावना का वातावरण विकसित किया जाए तो समाज स्वतः सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सकता है। लोगों को राजयोग मेडिटेशन एवं आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से तनावमुक्त और नशामुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। जगह-जगह लोगों को विशेष रूप से नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। अभियान के दौरान यह संदेश दिया गया कि जो लोग नशे की आदत से ग्रसित हैं, वे जिला पुलिस प्रशासन एवं ब्रह्माकुमारीज़ का सहयोग लेकर अपने जीवन को नशामुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। उपस्थित अधिकारियों एवं ब्रह्मा कुमारीज़ के सदस्यों ने लोगों को विश्वास दिलाया कि समाज और प्रशासन उनके सकारात्मक परिवर्तन में हर संभव सहयोग करेगा। इस अभियान की सबसे विशेष बात यह रही कि क्षेत्र के हर समुदाय के लोगों ने इसमें सहभागिता दिखाई। हिंदू, मुस्लिम एवं सिख समाज के लोगों ने एकजुट होकर नशामुक्ति एवं आध्यात्मिक जागरुकता के इस प्रयास को दिल से सराहा तथा इसे समाजहित में अत्यंत आवश्यक अभियान बताया। जनजागरण यात्रा में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चलाया जा रहा एक वर्षीय द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक अभियान भी शामिल रहा। यात्रा में भोलेनाथ शिव बाबा का सुसज्जित रथ आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपने घरों से बाहर आए। शिव बाबा के संदेशों एवं आध्यात्मिक गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और सकारात्मक बना दिया। अभियान के दौरान पुलिस प्रशासन एवं ब्रह्मा कुमारीज़ के सदस्यों ने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें तथा समाज निर्माण में सहभागी बनें। क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अत्यंत प्रेरणादायी अभियान बताया।

### मछलीपालन केज स्थापना के लिए आवेदन 20 मई तक

**रीवा।** मछलीपालन विभाग द्वारा मछलीपालक किसानों को आधुनिकतम तकनीक से मछलीपालन के लिए सहयोग दिया जा रहा है। बड़े जलाशयों में केज एक्वाकल्चर की स्थापना के लिए 20 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अनुसार विभागीय जलाशयों तथा पंचायतराज संस्थाओं के अधीन जलाशयों में आधुनिक तकनीक से मछलीपालन किया जाएगा। इसके लिए युवा उद्यमियों तथा मछली पालकों को केज एक्वाकल्चर, एक्वाकोनिक्स, इंटिग्रेटेड फिश फार्मिंग तथा ईको टूरिज्म यूनिट के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इसमें बैकवर्ड तथा फार्मर लिंकेज का भी लाभ दिया जाएगा। केजकल्चर की स्थापना के लिए डीपीआर तैयार कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदक जिले के सहायक संचालक मछलीपालन कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी फिशरीज डॉट जीओभी डॉट इन वेबसाइट पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। मछलीपालन अत्यंत लाभदायक व्यवसाय है। आधुनिक तकनीक से मछली पालन करके उद्यमी अच्छा लाभ कमा सकते हैं।

**यूको बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking) अंचल कार्यालय : ग्वालियर — **मेगा ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो **यूको बैंक, संबंधित शाखा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा यूको बैंक, संबंधित शाखा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से **यूको बैंक, संबंधित शाखा** प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**
(भारतीय समयानुसार) बीच 10 मिनिट प्रत्येक असीमित विस्तार के साथ
**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 30.05.2026 को सुबह 12.00 बजे तक**

| ऋणी एवं जमानतदारों के नाम | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक / वर्तमान बकाया राशि | बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **यूको बैंक, सीधी शाखा (3228) 11, महावीर रोड, मानस भवन के पास, मेन रोड, सीधी (म.प्र.) 486661** | | | |
| ऋणी- **श्री विद्याकान्त पुत्र स्व. भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी** जमानतदार- **श्री सुखेन्द्र प्रसाद द्विवेदी पुत्र भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी श्री कुलदीप कुमार द्विवेदी पुत्र श्री विद्याकान्त** | 07.09.2024 / 13.02.2025 / ₹ 25,90,591.56 +अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित खसरा संख्या 154/1/1/1/2 वार्ड संख्या 19, पीएचएन 72, आरआईसी सीधी ग्रिड-I, तहसील गोपदबनास जिला-सीधी (486661), क्षेत्रफल- 3200 वर्गफुट, संपत्ति मालिक- श्री विद्याकांत पुत्र भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी **चर्तुसीमाएँ:** उत्तरः देवेंद्र द्विवेदी का प्लॉट, पूर्वः 20 फीट रोड, दक्षिणः दिलीप तिवारी का मकान,पश्चिमः विक्रेता की शेष भूमि **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 27,18,900/- / ₹ 2,71,890/- / ₹ 10,000/- |

**बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए कृपया दिए गए लिंक https://baanknet.com देखें।**

उधारकताओं / जमानतदारों को एतद् द्वारा नीलामी की दिनांक के पूर्व उपरोक्त राशि का भुगतान बैंक को करने हेतु सूचित किया जाता है अन्यथा उपरोक्त वर्णित संपत्ति की ई-नीलामी कर दिया जावेगा तथा शेष राशि ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित उनसे वसूल की जावेगी। यह प्रकाशन सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत 15 दिवसीय वैधानिक सूचना भी है।

**नियम एवं शर्ते :**
1.ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है आधार" और "बिना किसी दायित्व के" के आधार पर ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। बैंक संपत्ति को एक लॉट में या अलग से बिक्री का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी सर्विस प्रदाता (पीएसबी एलायंस के) वेबपोर्टल https:// baanknet.com पर आयोजित की जाएगी।
2. इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्ति से संबंधित कोई भार (इन्कम्ब्रेन्स), संपत्ति का स्वत्वाधिकार, दावे, देयताएं आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो, के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी बोली लगाने से पूर्व स्वतः प्राप्त करें। ई-नीलामी विज्ञप्ति बैंक की प्रतिबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व निर्धारित नहीं करता है। संपत्तियां समस्त मौजूदा एवं आगामी भार, चाहे वे ज्ञात हो या अज्ञात, के साथ विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी / सिक्योर्ड क्रेडिटर संपत्ति पर किसी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/ देयता/भार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।
3. **इच्छुक बोलीदाताओं की यह जिम्मेदारी होगी कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति/आयटम का निरीक्षण करें एवं संपत्तियों के संबंध में स्वयं संतुष्ट हों। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार 25.05.2026 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे के बीच ई-नीलामी में रखी गई संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।**
4. क्रेता को लागू स्टांप शुल्क/अतिरिक्त स्टांप शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, शुल्क आदि और किसी के भी बकाया सभी वैधानिक/गैर-सांविधिक बकाया, कर, दरें, मूल्यांकन शुल्क, आदि वहन करना होगा।
5. प्राधिकृत अधिकारी/बैंक उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और उसे बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर ई- नीलामी में प्राप्त किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने या ई-नीलामी को स्थगित/आगे बढ़ाने/रद्द करने या किसी संपत्ति या उसके हिस्से को वापस लेने का पूर्ण अधिकार है।
6. बिक्री प्रमाणपत्र केवल क्रेता/आवेदक के नाम पर जारी किया जाएगा एवं किसी अन्य नाम पर जारी नहीं किया जायेगा ।
7 बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तो के अधीन होगी। विवाद की स्थिति में अंग्रेजी शब्द में लिखित अखबार को मान्य किया जायेगा।

**तारीख : 12.05.2026**
**स्थान: ग्वालियर**
प्राधिकृत अधिकारी
यूको बैंक

भारतीय सेना में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

**अधिकारी प्रविष्टि**

भारतीय सेना के 10+2 टी ई एस - 56 कोर्स (जनवरी 2027) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन www.joinindianarmy.nic.in पर 13 मई 2026 से 12 जून 2026 तक खुले हैं। टी ई एस - 56 कोर्स के लिये JEE Mains 2026 अनिवार्य है। यह कक्षा 12वीं में पी सी एम (भौतिकी रसायन और गणित) में न्यूनतम 60% अंकों के मापदंड के अतिरिक्त है।

**OFFICER ENTRY**

Online applications are invited for 10+2 Technical Entry Scheme (TES-56) course (Jan 2027) of Indian Army. Online applications will open on www.joinindianarmy.nic.in from **13 May 2026** to **12 Jun 2026**. JEE (Mains) 2026 is mandatory for TES-56 Course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in Class 12th.

**नोट :**
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note :**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, visit www.joinindianarmy.nic.in

cbc 10601/11/0003/2627

# सेटरिंग सामग्री चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार साढ़े 12 लाख से अधिक की सामग्री जप्त

## अमरपाटन पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

**जागरण, सतना**

सेटरिंग की सामग्री चुराने वाले आरोपी को अमरपाटन टीआई विजय सिंह परस्ते ने न सिर्फ गिरफ्तार कर लिया बल्कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 लाख 60 हजार रूपये की सामग्री भी जप्त की है। यह कार्यवाही मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश , एसडीओपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में टीआई अमरपाटन द्वारा की गई है।




### ये थी घटना

10 मई को फरियादी राज विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खरमसेड़ा थाना अमरपाटन जिला मैहर द्वारा थाना अमरपाटन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम पड़हा स्थित बृजकिशोर विश्वकर्मा की मूर्ति निर्माण फैक्ट्री में भवन निर्माण हेतु सटरिंग का कार्य चल रहा था। फरियादी द्वारा सटरिंग कार्य में उपयोग होने वाली 15 नग प्लाईए 50 नग लकड़ी के रापटर एवं पटिया फैक्ट्री के बाहर रखे गए थेए जिन पर पहचान हेतु हरे रंग के पेंट से चिन्ह लगाए गए थे। दिनांक 10 मई को प्रातः लगभग 09 बजे पप्पू पेंटर द्वारा सूचना दी गई कि उक्त सामग्री एवं एक स्टील की सीढ़ी मौके से गायब है। फरियादी द्वारा मौके पर पहुंचकर देखने पर पाया गया कि अज्ञात चोर उक्त सामान चोरी कर ले गए हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमरपाटन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी सहायता से आरोपी राज बहोर साकेत पिता नाथू प्रसाद साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 ढेकहा थाना सिविल लाइन जिला रीवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ उपरांत चोरी गया मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त आयशर ट्रक बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ये सामग्री जप्त

पुलिस ने आरोपी राजबहोर साकेत को जहां रीवा के ढेकहा से गिरफ्तार किया है वहीं उसके कब्जे से सटरिंग की लकड़ी 15 नग, एक नग स्टील की सीढ़ी एवं 50 नग लकड़ी के रापटर, कुल कीमत लगभग 60 हजार एवं घटना में प्रयुक्त आयशर ट्रक कीमत 12 लाख रूपये को जप्त किया गया है।

# जंगली सुअर ने घर घुसकर किया हमला, चार घायल



**जागरण, सतना।** जैतवारा थाना क्षेत्र के संत टोला तुरी मोड़ पर बुधवार सुबह जंगली सुअर के हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मांए बेटा और बेटी शामिल हैं। सभी को कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना सबह लगभग 9 बजे हर्ड जब संत टोला निवासी घर के आंगन में घुसा जंगली सुअर यह घटना सुबह लगभग 9 बजे हुई जब संत टोला निवासी 50 वर्षीय बूटा डोहर पति बद्री विशाल डोहर अपने घर के आंगन में नहा रही थीं। तभी एक जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया। बूटा के चीखने की आवाज सुनकर उनका 14 वर्षीय बेटा रामलखन डोहर 18 वर्षीय नातिन चंद्रमा डोहर और पड़ोसी 50 वर्षीय कल्लू डोहर मौके पर पहुंचे। बचाव के प्रयास में जंगली सुअर ने चंद्रमा रामलखन और कल्लू पर भी हमला कर दिया। चीख.पुकार मचने के बाद सुअर वहां से भाग गया।

## श्रम कानूनों में बदलाव हेतु सीटू यूनियन ने किया विरोध

**जागरण, सीधी।** केंद्र सरकार द्वारा एक तरफा फैसला लेते हुए श्रमिक विरोधी 4 काले कानूनों को 8 मई को लागू कर दिया गया है, ज्ञात हो कि 21 नवम्बर 2025 को 29 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड बिल लाया गया था, जिसका उद्देश्य गरीब मजदूरों के हक को पूंजीपतियों के अधीन करना था, इस लेबर कोड बिल के आने से न्यूनतम वेतन, 8 घंटे के काम, निश्चित अवधि की नौकरी, कभी भी नौकरी से निकालने जैसी समस्याएं होगी, जिसके कारण गरीब मजदूरों को अपने परिवार के भरण पोषण और भविष्य की चिंता सता रही है। सरकार ने लेबर कोड के माध्यम से मजदूरों का पाने हक को पाने के लिए हड़ताल करने जैसे हकों पर सीधा हमला किया है। इसके विरोध में अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट मझिगवा कारखाने के मेन गेट में सीटू यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरवा तहसील गुढ़ जिला रीवा स्थित भूमि नंबर 115,110,114, 396, 398, 404,1047, एवं 812, 956 के संबंध में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा के न्यायालय में व्यवहारवाद क्रमांक- 194 ए/2026 लंबित है, जिसमें लवकुश सिंह तनय स्व. देवेश सिंह तिवारी तनय वन्दना सिंह पुत्री लवकुश सिंह तिवारी प्रतिवादी के रूप में पक्षकार है, उपरोक्त भूमि का कोई क्रय-विक्रय व अन्तरण विलेख लवकुश सिंह तिवारी व वन्दना सिंह से निष्पादित न करायें अन्यथा क्रय विक्रय के परिणामस्वरूप होने वाले क्षति के लिए क्रेता-विक्रेता उत्तरदायी होंगे।

**भवदीय**
**नागेन्द्र सिंह तिवारी**
**सुखेन्द्र सिंह तिवारी**
**निवासी- ग्राम पुरवा पो. पड़रिया तहसील गुढ़ जिला रीवा म.प्र.**
द्वारा अधिवक्ता- शिव प्रसाद द्विवेदी एड. रीवा मो. 9827003032
आरएन- 85279


# सत्यभान सिंह का निधन, दी गयी श्रद्धांजलि



**जागरण, रीवा।** कल्पना कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं अपाक्स संगठन के संस्थापक बीपी सिंह के बड़े दामाद एवं डॉ विमल सिंह के बड़े भाई सत्यभान सिंह का हार्ट अटैक एक सप्ताह पूर्व हुआ था। उपचार के दौरान 13 मई को सुबह 11 बजे उनका निधन फोर्टिस अस्पताल में हो गया। अंतिम संस्कार आज14 मई को गृह ग्राम पढ़इया शंकरगढ़ से किया जायेगा। स्व. सत्यभान सिंह भारतीय जीवन बीमा निगम में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ थे। उनकी उम्र 54 वर्ष के लगभग थी। अपाक्स संगठन एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शिवाजी पार्क रतहरा में किया गया। शोक संतृप्त परिवार के इस दुख की घड़ी में दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई और उपस्थित जनों ने गहरा शोक प्रकट किया। शोक श्रद्धांजलि सभा में अपाक्स संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर एन पटेल, संभागीय अध्यक्ष मुन्ना लाल रावत, जिला अध्यक्ष विजयपाल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य शाहिद परवेज, सिध्देश्वर सिंह,सज्जन सिंह,बैजू पटेल,किसान नेता संतलाल पटेल, मृगेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह दिनेश ओबीसी, एडवोकेट पुष्पेन्द्र, सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी शेषमणि पटेल, रामलीला यादव आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग क्लेम कर्ताओं के मरने का इंतजार करती हैं बीमा कंपनियां

## अदालतों में भी पेंडिग रखते हैं प्रकरण

**जागरण, रीवा।** मानवाधिकार रक्षा मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता नारायण डिगवानी ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि सीनियर सिटीजन के अधिकारों की रक्षा के लिये, सुविधाओं के लिये कई नियम पारित हैं लेकिन अदालतों में बुजुर्गो के प्रकरणो की जल्द सुनवाई के लिये कोई भी प्रावधान नहीं है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों द्वारा भी अपने मुआवजे की राशि बचाने के लिये बुजुर्गों को कोई राहत प्रदान करने ठोस कदम नही उठाये जाते हैं और उनके मरने का इंतजार किया जाता है कि उनके मरने के बाद उनके परिवार जनों को कम से कम मुआवजा लेने के लिये राजी किया जा सके। बुजुर्ग जो लगभग परिवार जनो पर आश्रित होते हैं, अधिकांश कर्ज लेकर अपना इलाज कराते हैं। उनकी जरूरतों पर ना तो अदालतों और ना ही बीमा कंपनियों द्वारा कोई ध्यान दिया जाता है। लोक अदालतों में आवेदन पत्र देने के बावजूद बुजुर्गों के प्रकरण समझौता करने की दिशा में आगे नही बढ़ पाते।

इस विषय में कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। अमूमन देखा जा रहा है कि बीमा क्षेत्र में काम कर रही निजी कंपनियां युवाओं के क्लेम प्रकरणों का लोक अदालतों में सुलहनामा कर जल्द से जल्द निपटारा कराना ज्यादा पसंद करती हैं, क्योंकि इन प्रकरणों में मुआवजे की रकम ज्यादा होने के कारण वादीगणों को जल्द पेमेंट मिलने के कारण जरूरतों के अनुसार बहुत कम राशि में ही समझौता पर लेते हैं, वही दूसरी ओर बुजुर्गों के क्लेम प्रकरणो में निर्देशित कई बाधाओं और कानूनो के कारणो से चाहे गये मुआवजे की रकम में जल्द समझौता करने कोई बुजुर्ग वादी तैयार नहीं होता है।

# खरीदी केंद्र कंधवार कटौली का कमिश्नर ने किया निरीक्षण



**जागरण, सीधी।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने जिले के खरीदी केंद्र कंधवार कटौली का आकस्मिक निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याएं, अनुभव और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने खरीदी केंद्र पर तौलए भंडारणए परिवहन तथा किसानों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने खरीदी प्रक्रियाए भुगतान व्यवस्था और केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। कमिश्नर बीएस जामोद ने केंद्र पर उपलब्ध उपज के परिवहन की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर 90 प्रतिशत उपज का परिवहन सुनिश्चित किया जाए, ताकि खरीदी केंद्रों पर अनावश्यक भंडारण की स्थिति न बने और किसानों को अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


# कार्यालय जनपद पंचायत नईगढ़ी जिला मऊगंज (म.प्र.)

क्रमांक/508/भण्डार/निविदा आमंत्रण/ज.पं./2026 नईगढ़ी दिनांक 12/05/2026

**ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

कार्यालय जिला पंचायत रीवा के पत्र क्रमांक/1339/निर्माण/पंचा./2025 मऊगंज दिनांक 16.05.2025 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद पंचायत नईगढ़ी में वर्ष 2022-23 की कार्य योजना से समर्सिबल मोटर पम्प क्रय करने एवं जनपद क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायतो के हैण्ड पम्प में स्थापित करने हेतु ऑनलाइन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

निविदा हेतु समय सारिणी:-

| क्र. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-टेण्डर प्रकाशन की तिथि | दिनांक 12.05.2026 सायं 05.00 बजे से |
| 2 | ई-टेण्डर ऑनलाइन जमा करने का आरम्भ तिथि एवं समय | दिनांक 12.05.2026 सायं 05.00 बजे से |
| 3 | ई-टेण्डर डाक्यूमेंट डाउनलोड एवं क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 01.06.2026 सायं 05.30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोले जाने का दिनांक एवं समय | दिनांक 03.06.2026 को दोपहर 02.00 बजे |
| 5 | तकनीकी रूप से सफल निविदाकारो की वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.06.2026 दोपहर 02.00 बजे |

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क 2000/-रु.। ई-निविदा हेतु अमानत राशि (EMD) 54000/-रु.। निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी वेवसाइड https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत-नईगढ़ी**
**जिला-मऊगंज ( म.प्र. )**



### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**कास्ता पाइप बेचना है**
**अजय ट्रेडिंग कंपनी** गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के लिए संपर्क करें:- 9425185028
RN-87512 (12/6)



**लोन**
**लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944**


## तीसरी अर्थ व्यवस्था का दावा खोखला: खरे

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सन् 2014 से एक दशक के शासन काल में भारत की अर्थव्यवस्था को दोगुनी गति से आगे बढ़ाकर देश को ग्यारवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के किए गए दावा देश के लोगों को धोखे में रखने जैसा साबित हुआ। नतीजतन 2024 के चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से दूर रही। किसी तरह तीसरी बार सरकार तो बना ली लेकिन जन विरोधी नीतियों को लागू करने से वह बाज नहीं आई। हालत यह है कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जनसाधारण से एक साल तक सोने की किसी तरह की खरीददारी नहीं करने की अपील की जा रही है। यह अपील ऐसे समय की जा रही जब सोने की कीमत में जबरदस्त उछाल है और आम आदमी की खरीद फरोख्त से दूर है। यही नहीं, लोगों से पेट्रोल डीजल ही नहीं, खाना पकाने के ईंधन और तेल में भी कटौती करने को कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद विदेश यात्रा पर जा रहे हैं लेकिन देश के लोगों को विदेश यात्रा करने से मना किया जा रहा है।


### न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त डभौरा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र)

क्र/202/प्रवा./2026

आवेदिका बेवा कमलादेवी, पति स्व. रामकिशोर पाण्डेय, जयनारायण पाण्डेय, लवलेश पाण्डेय पिता स्व. राम किशोर पाण्डेय, बेवा संध्या देवी पति स्व. राधेश्याम, सुमित कुमार पाण्डेय पिता स्व. राधेश्याम पाण्डेय निवासी ग्राम डभौरा तहसील जवा थाना डभौरा जिला रीवा (म.प्र) के खसरा नंबर 395 ग्राम डभौरा हल्का डभौरा का वारिसाना नामांतरण कराये जाने हेतु न्यायालय तहसीलदार तहसील जवा वृत्त डभौरा जिला रीवा म.प्र. के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 0571/अ6/25-26 विचाराधीन है। प्रकरण में वर्तमान भूमिस्वामी रामकिशोर पाण्डेय मृतक है तथा मुताबिक वा पटवारी प्रतिवेदन मृतक के नजदीकी वारिस वेवा कमला देवी पति राम किशोर पाण्डेय, जय नारायण पाण्डेय, लवलेश पाण्डेय पिता स्व. रामकिशोर पाण्डेय, बेवा संध्या देवी पति स्व. राधेश्याम पाण्डेय, सुमित कुमार पाण्डेय पिता स्व. राधेश्याम है। उक्त प्रकरण एवं आवेदित आराजी के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के संस्था को कोई आपत्ति है अथवा किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन है तो इस न्यायालय को इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के समयावधि कि भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत समयावधि उपरांत किसी प्रकार का दावा आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी।

नायब तहसीलदार
वृत्त डभौरा तहसील जवा रीवा (म.प्र)
RN-85065



### उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं0 - No. JHS/Commercial/e-Auction/2026/172 दिनांक : 12.05.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

**श्रेणी : पे & यूज़** | **केटलोग संख्या : JHS-PAYUSE-35**

**एसेट्स डिटेल्स :** झाँसी मंडल के दतिया, ओरछा, हरपालपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, महोबा, पुखरायां, उरई, रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज़ टॉयलेट का संचालन एवं रखरखाव।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 27.05.2026 को समय - 12:00 से**

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 27.05.2026 को समय - 12:30 तक**

**नोट** - उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **-www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1067/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या 11/2026/आर.एस./जे.एच.एस दिनांक 11.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी1-2025-26-आर.टी.4
**कार्य का विवरण:** हिटैची ट्रैक्शन मोटर HS-15250 का इलेक्ट्रिकल रिपेयर करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 37878000.00 | **बयाना राशि:** ₹ 757600.00
**निविदा बंद होने की तिथि:** 09.06.2026
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय कार्य समापन अवधि:** 24 माह

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी5-2026-27
**कार्य का विवरण:** लोकोमोटिव से टी.एम. का इलैक्टिकल डिस्कनैक्शन एवं माईनर शेड्यूल लोकोमोटिव व टी.एम. ऑवरहॉलिंग के दौरान ट्रैक्शन मोटर के लिए असिस्टेंस एक्टीविटी।
**निविदा मूल्य:** ₹ 5254576.70 | **बयाना राशि:** ₹ 105100.00
**निविदा बंद होने की तिथि:** 09.06.2026
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय कार्य समापन अवधि:** 24 माह

• निविदाकार निविदा दिनांक **09.06.2026** को **15.00** बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेगें।• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **1052/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



# कार्यालय नगर परिषद् गुढ़, जिला-रीवा (म.प्र.)

Office Of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)
Address:-Ward No-12 Gurh, Dist. Rewa M.P.-486553
Email:-cmogudh@mpurban.gov.in

क्रमांक/674/(E.T.)/न.परि./2026 गुढ़, दिनॉक 13.05.2026

**// ई-निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनॉक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_507271_1 दिनॉक-13.05.2026 | Construction and Maintenance Of Barrage in Rehenwa River Nagar Parishad Gurh | 1-12 माह वर्षाकाल सहित 2-255.15 Lacs | 1-15000.00 2-127575.00 | 15.06.2026 |

**नोट:**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**( मोहित शुक्ला )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद गुढ़, जिला-रीवा ( म.प्र. )**



# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.)

क्र./जनवि/रीवा/2026-27/13 दिनांक 12.05.2026

## निविदा सूचना 2026-27

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत व्यपरियों/फर्मो/अधिकृत विक्रेताओ से शीलबंद निविदाए व्यक्तिगत या पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। जिन्हे दिनांक 09.06.2026 को प्रात: 11:00 बजे कार्यालय प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर रीवा मे क्रय सलाहकार समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता विद्यालय कार्यालय से निविदा प्रपत्र (मय विस्तृत विवरण) रु. 500 के नगद भुगतान पर प्राप्त कर सकता है। विस्तृत विवरण एवं निविदा आवेदन विद्यालय की वेबसाइट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvss-chool/REWA/en/about_us/About-JNY/ से भी डाउनलोड कर सकते है वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड कर प्राप्त करने पर आवेदन की राशि रु. 500 का डिमांड Draft प्रति सामग्री आइटम से प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर रीवा के नाम देय हो को निविदा प्रपत्र एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजो के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अवधि - 14.05.2026 से 07.06.2026
(कार्यालय दिवसो में प्रात: 10 बजे से शाम 04:00 बजे तक)
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंन्तिम तिथि - 08.06.2026 (शाम 04:00 बजे तक)
निविदा सामग्रियों की अमानत राशि निम्नलिखित है-

| क्र. | समग्री का नाम | अमानत राशि रु. |
|---|---|---|
| 1 | अनाज व किराना | 50000 |
| 2 | सब्जी व फल | 30000 |
| 3 | प्रोविजनल (नास्ता/रिफ्रेसमेट सामग्री) एवं बेकरी आईटम | 5000 |
| 4 | मटन, मुर्गा व अण्डा (नानवेज आइटम) | 5000 |
| 5 | टाक शाप (TUCK SHOP ) | 5000 |
| 6 | हेयर कटिंग | 500 |
| 7 | यूनिफार्म धुलाई एवं प्रेस कार्य | 500 |
| 8 | Water tanker | 10000 |
| 9 | दैनिक उपयोगी सामग्री | 10000 |

अमानत राशि/निविदा प्रपत्र राशि का Draft जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर जिला रीवा के नामे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मार्केट एरिया शाखा सिरमौर में देय हो। अमानत राशि एवं निविदा प्रपत्र की राशि का Draft अलग-अलग संलग्न करें।

**एम के तिवारी**
**प्राचार्य**
**पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय**
**सिरमौर जिला रीवा ( म.प्र. )**


## रिश्तेदार ने अपने घर ले जाकर बुजुर्ग की कर दी हत्या

**सीधी ।** जिले के पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत ग्राम खड्डी में एक रिश्तेदार द्वारा कार से बुजुर्ग को अपने घर ले जाकर सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई। जानकारी होने पर मृतक के पुत्र द्वारा पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। पोस्टमार्टम कार्रवाई के पश्चात भी पुलिस की विवेचना के अधर में लटकने से पीड़ित पुत्र द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। तत्संबंध में धर्मेंद्र तिवारी निवासी ग्राम खड्डी कला ने बताया कि उसके पिता रामप्यारे तिवारी उम्र 65 वर्ष एसईसीएल कोलियरी कालरी जिला अनूपपुर से वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम में आकर रह रहे थे।


# कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सिविल) वृत्त
# म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रीवा

E-mail sevicilrewa@gmail.com Pnone No. 07662-257314
क्रमांक :- 154-02/क्रय/निविदा/ रीवा, दिनांक ........................

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण :-

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 _PKVVC_ 505990_1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बेला अमरपाटन जिला सतना के अंतर्गत बॉउण्ड्री वाल यार्ड मेटलिंग, लेवलिंग, मेन गेट, विकेट गेट, बोरवेल का निर्माण | प्रथम | 60 दिन | 816388.00 | 1180+GST=1475 | 8164.00 |
| 2. | 2026 _PKVVC_ 507037_1 | कार्य एवं नियंत्रण कक्ष का सुधार कार्य 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सेमरिया जिला सीधी के अंतर्गत नियंत्रण कक्ष का सुधार कार्य एवं चेन लिंक मेश फेसिंग, मेन गेट और विकेट गेट का सुधार कार्य | प्रथम | 90 दिन | 1395972.00 | 1180+GST=1475 | 13960.00 |

निविदा फार्म सरल क्र. 1 में ऑनलाइन भुगतान कर 22.05.2026 को समय 05:30 तक जमा किया जाएगा एवं सरल क्र. 2 ऑनलाइन भुगतान कर 27.05.2026 को समय 05:30 तक जमा किया जाएगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त www.mptenders.gov.in बेवसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। केवल बेवसाइड पर अपलोड किया जावेगा।
सरल क्र. 1 निविदा दिनांक 25.05.2026 समय 10:30 बजे खोली जावेगी।
सरल क्र. 2 निविदा दिनांक 29.05.2026 समय 10:30 बजे खोली जावेगी।

**अधीक्षण अभियंता ( सिविल ) वृत्त**
**म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि., रीवा**

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए लगे ई-चेक गेट

**भोपाल।** प्रदेश में अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण और राजस्व की चोरी रोकने के लिए राज्य शासन द्वारा लागू की गई ई-चेकगेट व्यवस्था एक महत्वपूर्ण तकनीकी नवाचार के रूप में सामने आई है। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी प्रणाली से लैस इस व्यवस्था से अब तक 20 जिलों में कार्रवाई करते हुए 139 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं और 4.12 करोड़ रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया जा चुका है। खनिज परिवहन की निगरानी के लिए प्रदेश के 23 जिलों में चिन्हित महत्वपूर्ण मार्गों के 40 स्थानों पर ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं। ई-चेकगेट्स से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की डिजिटल ट्रैकिंग, परिवहन अनुमति की जांच और परिवहन गतिविधियों की सतत निगरानी की जा रही है। ई-चेक गेट व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए संचालनालय भोपाल में राज्य स्तरीय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित 23 जिलों में जिला कमांड सेंटर भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां से परिवहन गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है।

### कांग्रेस का अल्पसंख्यक विभाग किया गया भंग




**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को भंग कर दिया गया है। विभाग द्वारा जल्द ही प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक नए सिरे से गठन किया जाएगा। अल्पसंख्यक विभाग के मध्यप्रदेश प्रभारी आबिद काजी द्वारा इस संबंध में पत्र जारी किया गया है,जिसमें कहा गया है कि विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति के बाद मध्यप्रदेश की प्रदेश की समस्त कार्यकारणी, सभी जिलो के अध्यक्ष,उनकी कार्यकारणी, विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष व दूसरे पदाधिकारियों की नियुक्ति समाप्त कर दी गई है।

### देवड़ा नहीं लेंगे पायलट और फॉलो वाहन सुविधा

**विसं भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने कारकेड में उपलबध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधामय स्टाफ सहित तत्काल लौटा दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंत्र है। पेट्रोलियम ईंधनों की बचत आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

# केंद्रीय संगठन में नहीं जाना चाहते प्रदेश सरकार के मंत्री-विधायक

## मंत्री पद जाने का सता रहा डर इसलिए परेशान, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और राकेश सिंह को मिल सकता है दायित्व

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के कुछ मंत्री इन दिनों परेशान बताए जा रहे हैं, उन्हें इस बात का डर है कि पार्टी उन्हें संगठन की राष्ट्रीय टीम में शामिल कर उनसे मंत्री पद छोड़ने को कह सकती है। इसी तरह पार्टी के कुछ वरिष्ठ सांसद भी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की बजाय मोदी कैबिनेट में स्थान पाना चाहते हैं, जिससे वे भी संगठन के दायित्व से दूर भाग रहे हैं। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम कभी भी आकार ले सकती है। जिसमें मध्यप्रदेश से भी कई नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। लेकिन मध्यप्रदेश सरकार में शामिल कुछ मंत्री फिलहाल ऐसी किसी भी तरह के दायित्व से बच रहे हैं, क्योंकि यदि वे राष्ट्रीय टीम में शामिल होते हैं, तो उन्हें राज्य सरकार का मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। इन मंत्रियों ने अपनी इस मंशा से पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व को भी अवगत करा दिया है। पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह और प्रहलाद पटेल के अलावा कुंवर विजय शाह का नाम भी राष्ट्रीय टीम की संभावित सूची में बताया जा रहा है। आदिम जाति कल्याण मंत्री शाह को लेकर कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यदि शाह का मंत्री पद नहीं बच पाता है, तो पार्टी उन्हें राष्ट्रीय संगठन में लेकर कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे






मध्यप्रदेश में पार्टी का आदिवासी वोट बैंक सधा रह सके। इसी तरह पार्टी तीनों वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और राकेश सिंह को भी राष्ट्रीय राजनीति में वापस ले जाना चाहती है और उनका उपयोग अगले साल यूपी सहित दूसरे राज्यों के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए कर सकती है। लेकिन ये सभी मंत्री फिलहाल मध्यप्रदेश सरकार में ही अपनी जिम्मेदारी उठाना चाहते हैं। बताया गया है कि पिछले दिनों इन सभी मंत्रियों ने अपनी बातें भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष रख दी है।

### संसदीय बोर्ड और सीईसी पर नजर

कहा जा रहा है कि यदि केन्द्रीय संगठन इन मंत्रियों को समझाइश देकर टीम नितिन नवीन में काम करने के लिए मना लेता है,तो फिर इन नेताओं की नजर राष्ट्रीय महासचिव या फिर संसदीय बोर्ड और केन्द्रीय चुनाव समिति पर रहेगी। भाजपा में ये दोनों इकाईयां शीर्ष मानी जाती है,जो पार्टी के अहम फैसले लेती है। चर्चा है कि पार्टी नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल को इन दोनों समितियों में स्थान दे सकती है,जिससे इन नेताओं का कद और मजबूत होगा और उससे उनका मध्यप्रदेश की राजनीति में भी प्रभाव बना रहेगा,साथ ही राज्य का राजनीतिक प्रभाव भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगा।

### डॉ. नरोत्तम के नाम की भी चर्चा



इधर दतिया उपचुनाव के चर्चाओं के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का भी नाम राष्ट्रीय टीम की सूची में देखने को मिल सकता है। पार्टी उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे पद पर बैठा सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि मध्यप्रदेश की अगले महीने खाली हो रही तीन राज्यसभा सीट के लिए भी पार्टी डॉ. मिश्रा को मैदान में उतारकर पूरी तरह से केन्द्रीय राजनीति में सक्रिय कर सकती है। उनके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का भी नाम सामने आ रहा है। हालांकि शर्मा के बारे में कहा जा रहा है कि वे संगठन की टीम से ज्यादा केन्द्र सरकार में शामिल होना चाहते है,लेकिन संगठन का उनके अनुभव के आधार पर यदि पार्टी उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी देगी,तो वे उसे इंकार नहीं करेंगे। पांच बार के सांसद गणेश सिंह का भी नाम राष्ट्रीय टीम की संभावित सूची में हो सकता है। लेकिन सिंह भी संगठन से ज्यादा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में जगह को प्राथमिकता दे सकते हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश से किसी महिला नेत्री को राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### तिवारी सहित दूसरे भी दावेदार

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जब भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री थे,तब उनके साथ मध्यप्रदेश से आने वाले गौरव तिवारी, राहुल कोठारी और भक्ति शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर काम किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि नवीन की टीम में गौरव तिवारी और भक्ति शर्मा को जगह मिल सकती है। कोठारी पहले से ही प्रदेश के महामंत्री है, ऐसे में उनका राष्ट्रीय टीम में शामिल होना मुश्किल लग रहा है।

### प्रदेश को मिलेगा नया प्रभारी

मध्यप्रदेश भाजपा को जल्द ही अपना नया प्रभारी और सहप्रभारी मिल सकता है। कहा जा रहा है कि मौजूदा प्रभारी डॉ. महेन्द्र यादव अब अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पर अपना पूरा फोकस करेंगे,जिससे उनके स्थान पर पार्टी मध्यप्रदेश में नया प्रभारी बना सकती है। इसी तरह सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी दिल्ली से विधायक है,जिससे उनका भी पूरा समय अपने क्षेत्र व पार्टी द्वारा सौंपी गई दूसरी जिम्मेदारियों पर रहेगा,जिससे मप्र के लिए किसी दूसरे नेता को सहप्रभारी के तौर पर भेजा जा सकता है।

# अगले माह मप्र के प्रवास पर आएंगे राहुल गांधी, चुनाव के लिए देंगे टिप्स

## अपने विधायकों के क्षेत्रों में राहुल और प्रियंका की सभाएं कराएगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले माह मध्यप्रदेश के प्रवास पर आ सकते हैं। वे पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अगले चुनावों के लिए टिप्स देंगे। ये शिविर उज्जैन या रीवा में आहुत किया जाएगा। निकाय चुनाव की आहट से पहले कांग्रेस अपनी जमीनी पकड़ को और मजबूत बनाने के प्रयास में जुट गई है। पार्टी ने रणनीति बनाई है कि जहां पर कांग्रेस के विधायक हैं,वहां पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के लगातार दौरे लगाए जाए। इतना ही नहीं इन क्षेत्रों में भविष्य में राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे और सभाएं भी कराई जाएगी। बताया गया है कि राहुल गांधी के उज्जैन और रीवा दौरे को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारी भी शुरु कर दी है। राहुल अपने प्रवास के दौरान बूथ मैनेजमेंट और संगठन की ताकत बढ़ाने पर अपना पूरा फोकस रखेंगे।



### आदिवासी क्षेत्रों पर भी नजर

पार्टी आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर भी फोकस बनाए हुए है। इसके लिए जहां आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक डॉ.विक्रात भूरिया को युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है,तो वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी सभी सीटों पर निरंतर दौरे कर लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए काम करेंगे।

**विस्थापन को बनाया जाएगा मुद्दाः** कांग्रेस सिंगरौली और केन-बेतवा परियोजना को लेकर किए गए आदिवासियों के विस्थापन को मुद्दा बनाएगी। जिसे विशेष तौर पर आदिवासी अंचल में कांग्रेस द्वारा उठाया जाएगा। कांग्रेस आदिवासियों को यह बताने की कोशिश करेंगी कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर आदिवासी वर्ग को सबसे ज्यादा प्रताड़ित कर रही है।

**पार्टी बुलाएगी आदिवासी सम्मेलनः** जानकारों की माने तो राहुल गांधी के प्रदेश प्रवास के दौरान कांग्रेस आदिवासी सम्मेलन आयोजित कर सकती है। जिसमें पूरे प्रदेश से आदिवासियों को बुलाया जाएगा। बताया गया है कि भोपाल में जल्द ही सम्मेलन को लेकर बैठक हो सकती है,जिसमें सम्मेलन की तैयारियों और उसकी रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

### 66 सीटों पर कांग्रेस के विधायक

गौरतलब है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 66 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। इनमें से एक सीट विधायक के इस्तीफे के कारण पार्टी ने गंवा दी थी। पार्टी इन सभी सीटों को अगले चुनाव की दृष्टि से सुरक्षित करने के लिए प्रयास में अभी से जुटना चाहती है। इसलिए यहां पर पार्टी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के दौरे करने पर विचार कर रही है।

> कांग्रेस समय-समय पर अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। अगले महीने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है,जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी आ सकते है। यह शिविर उज्जैन या रीवा में आयोजित किया जाएगा।
>
> **डॉ.संजय कामले** संगठन महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी

### युवाओं को रोजगार दिलाना सरकार की प्राथमिकताः टेटवाल

**विसं, भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी अधिकारी विशेष नजर रखें। मंत्री टेटवाल बुधवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में विभागीय समीक्षा बैठक एवं कौशलम संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रभावी एसओपी तैयार करने तथा राज्य स्तरीय टीम द्वारा प्रत्येक माह भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेटवाल ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास गतिविधियों को अधिक प्रभावी, परिणाममुखी और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कौशल विकास गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। कार्यक्रम में संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे, सीईओ एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क गिरीश शर्मा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के विकास के लिए विभागों में सामंजस्य जरूरी : भूरिया

## कार्यशाला में बच्चों के विकास पर दिया गया बल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश के बच्चों के सर्वागींण विकास के लिए सरकारी विभागों में सामंजस्य बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार के 19 विभाग जब बेहतर समन्वय के साथ काम करेंगे, तो बच्चों के विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मंत्री भूरिया बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बच्चों का विकास केवल संबंधित बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। चाइल्ड बजट स्टेटमेंट में अब 19 विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य और सामाजिक न्याय जैसे सभी विभागों को एक निर्धारित लक्ष्य अनुसार मिलकर काम करना होगा। विभागों के बीच जब बेहतर समन्वय होगा, तभी बजट का वास्तविक लाभ धरातल पर दिखेगा। प्रदेश के 55 जिलों की विविधता का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि हर जिले में बच्चों की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास आयुक्त निधि निवेदिता ने कहा कि राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी 3 करोड़ बच्चे हैं। चाइल्ड बजट की रिपोर्टिंग को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है।विभागों को केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि साक्ष्यों पर ध्यान देना होगा कि उनकी योजनाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक कैसे पहुंच रहा है। यूनिसेफ मध्यप्रदेश के चीफ फील्ड स्टॉफ, विलियम हैनलोन ने कहा कि मध्यप्रदेश चाइल्ड बजटिंग के 5 सफल वर्ष पूरे कर चुका है और यह केवल खर्च की रिपोर्टिंग से आगे बढ़करपरिणाम-आधारित बजटिंग की ओर बढ़ रहा है। यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी चीफ (दिल्ली) क्रिस्टीना पोपीवानोवा ने मध्यप्रदेश की इस पहल को संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार कन्वेंशन के अनुरूप बताया। संयुक्त संचालक अभिताभ अवस्थी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बाल बजट के अंतर्गत 75 हजार 587 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह राशि राज्य के कुल बजट का 19.4 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 4.1 प्रतिशत है।



# ऑक्शन में प्रारंभिक न्यूनतम दर की तुलना में 35 प्रतिशत कम दर मिली

## प्रदेश में पहली बार हुई ई-रिवर्स ऑक्शन

**विसं, भोपाल ।** प्रदेश के सोलर पार्को की आतंरिक विद्युक निकासी प्रणाली के संचालन एवं संधारण के लिए पहली बार बुधवार को ई-रिवर्स ऑक्शन कराया गया,जिसमें प्रारंभिक न्यूतम दर की तुलना में 35 प्रतिशत कम दर प्राप्त हुई। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा राज्य के विभिन्न सोलर पार्कों की आंतरिक विद्युत निकासी प्रणाली (उपकेन्द्र एवं उनसे संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों) के संचालन एवं संधारण कार्य के लिये प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक ई-रिवर्स ऑक्शन हुई। परियोजना के अंतर्गत लगभग 1930 एमवीए क्षमता के पूलिंग सब-स्टेशनों तथा लगभग 171 किलोमीटर लंबी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का संचालन एवं रख-रखाव किया जाएगा। तकनीकी मूल्यांकन के बाद वित्तीय बोली में प्राप्त प्रारंभिक न्यूनतम दर (बेस्ट कोट/एल-1 रेट) रुपये 1,34,93,280.97 थी। प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अंतिम दर घटकर रुपये 88,43,280.97 प्राप्त हुई, जो प्रारंभिक एल-1 दर की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम है। इस संबंध में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि आरयूएमएसएल द्वारा अपनाई गई यह पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रक्रिया सार्वजनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा लागत में उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मुलताई नपा अध्यक्ष भाजपा में शामिल

**विशेष संवाददाता भोपाल।** बैतूल जिले में आने वाली मुलताई नगर पालिका की अध्यक्ष नीतू परमार बुधवार को भाजपा में शामिल हो गई। भाजपा कार्यालय में उन्हें प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि उनकी घर वापसी हुई है।

प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने नीतू और उनके पति प्रहलाद सिंह परमार को अंगवस्त्र पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन एक परिवार है।हम सभी कार्यकर्ता परिवार भाव से मिलकर संगठन को कार्यो को आगे बढ़ाऐं और सरकार के कार्यो को जनता तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस पार्टी में जनता की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश और प्रदेश की जनता लगातार भाजपा पर भरोसा कर रही है। भाजपा संगठन साफ सुधरी राजनीति करने वाले के लिए अनुकूलता प्रदान करना और मौका देने का काम करता है। इस मौके पर अपने संबोधन में नीतू परमार ने कहा कि मैं पहले भी भाजपा की सदस्य रही हूं। वर्षो तक भाजपा संगठन में एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह रहकर कार्य किया है। भाजपा मेरा परिवार है और मैं इसकी सदस्य हूं। मुलताई नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाली जनता की सेवा और अधिक प्रभावी रुप से कर सकूं,इसलिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।



# नीट परीक्षा घोटाला युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ः पटवारी

**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार और आरएसएस युवाओं किसानो, आदिवासियों और देश के भविष्य के साथ विश्वासघात कर रही है। नीट परीक्षा घोटाला इसका जीता-जागता उदाहरण है। पटवारी ने कहा कि आज देश जिन दो बड़े संकटों से गुजर रहा है, उनमें पहला युवाओं के भविष्य से जुड़ा नीट घोटाला और दूसरा केन-बेतवा परियोजना के नाम पर आदिवासियों का शोष है। ये देश की आत्मा और भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्न हैं। पटवारी ने कहा कि लगभग 24 लाख विद्यार्थियों ने ने नीट परीक्षा दी,लेकिन एक बार फिर पेपर लीक और धांधली ने मेहनतकश विद्यार्थियों और उनके परिवारों के सपनों को तोड़ दिया। पटवारी ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2017,2021 सहित कई परीक्षाओं में इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रही हैं। आरोप लगाया कि भाजपा की कार्यप्रणाली में राजनीतिक जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति शामिल है। हर बार सरकार और भाजपा नेताओं को बचाकर पूरा दोष कर्मचारियों और अधिकारियों पर डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जितनी भी बड़ी परीक्षा धांधलियां हुई हैं,उनमें किसी न किसी रूप में भाजपा से जुड़े लोग,कार्यकर्ता या राजनीतिक संरक्षण सामने आया है। भाजपा और आरएसएस की विचारधारा शिक्षा व्यवस्था में हस्तक्षेप कर अपने लोगों को विभिन्न संस्थानों में स्थापित करने का प्रयास करती है।

**बदलाव** अब अस्थायी प्रमाणपत्र के जरिए पेंशन और सरकारी लाभ मिलेगा, पोर्टल में हुए बदलाव

# दिव्यांगजन 19 लाख, लेकिन सर्टिफिकेट सिर्फ 10 लाख के पास

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में लगभग 9 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को अब अस्थायी सर्टिफिकेट के जरिए पेंशन और सरकारी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए सामाजिक न्याय विभाग ने अपने पोर्टल में बदलाव भी कर दिए हैं। एमपी में दिव्यांगजनों की कुल संख्या 19,08,875 मानी गई है, जबकि इनमें से केवल 10,06,620 के पास ही दिव्यांगता का प्रमाणपत्र है। इन आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में दिव्यांगजनों के केवल 52.73 फीसदी यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) ही जारी किए गए हैं। ऐसे में लाखों की संख्या में दिव्यांग अपनी पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के महीनों से चक्कर लगा रहे थे। केंद्र सरकार के निर्देश पर 1 अप्रैल 2025 से सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। इस स्वावलंबन कार्ड के जरिए ही सरकारी योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति, रेलवे रियायत आदि का लाभ दिया जा रहा था। ऐसे में जिन दिव्यांगों के पास यह सर्टिफिकेट नहीं था, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।



### तकनीकी बाधा के कारण अटक गई थी मदद

एमपी में सामाजिक न्याय विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन को ऑनलाइन कर दिया गया था। इसमें केवल परमानेंट सर्टिफिकेट का नंबर डालने पर ही पेंशन और अन्य लाभ मिल पा रहे थे। पोर्टल में अस्थायी सर्टिफिकेट के लिए कोई कॉलम न होने के कारण पिछले कुछ महीनों से लाखों दिव्यांग परेशान थे। अब सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने साफ कर दिया है कि अस्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर मिलने वाली पेंशन और अन्य योजनाओं के लाभ में कोई तकनीकी बाधा नहीं आएगी। संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एनआईसी ने पेंशन पोर्टल पर तकनीकी अपडेट कर दिए हैं। अब अस्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर भी पेंशन के लिए नए आवेदन किए जा सकेंगे और उन्हें ऑनलाइन मंजूरी दी जाएगी।

### इन विशेष श्रेणियों पर रहेगी नजर

विभाग ने जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यदि 4 विशेष श्रेणियों के अतिरिक्त किसी अन्य अस्थायी दिव्यांगता के आधार पर आवेदन दर्ज करने में कोई समस्या आती है, तो उसकी जानकारी तत्काल संचालनालय को दी जाए। इससे तकनीकी टीम तुरंत उस प्रकरण का परीक्षण कर हल करेगी। विभाग के उप संचालक डॉ. श्रवण कुमार पचौरी ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों, जिला पंचायत सीईओ और सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में दिव्यांगजनों को सर्टिफिकेट और आईडी जारी करने का जिम्मा जिला अस्पतालों को सौंपा गया है, लेकिन वहाँ मेडिकल बोर्ड के अभाव या अन्य कारणों से दिव्यांगजनों के सर्टिफिकेट जारी करने की रफ्तार बेहद सुस्त है। यही वजह है कि अब भी प्रदेश में लाखों दिव्यांगजनों को यूडीआईडी जारी नहीं हो सका है।

### फैक्ट फाइल

- राज्य की अनुमानित जनसंख्या - 8,58,00,000
- दिव्यांगजनों की अनुमानित जनसंख्या - 19,08,875
- कुल जारी यूडीआईडी कार्ड - 10,06,620
- यूडीआईडी कार्ड जारी होने का प्रतिशत- 52.73 प्रतिशत
- एक साल में जारी यूडीआईडी कार्ड - 78,926
- सबसे अधिक यूडीआईडी वाले 5 जिले - जबलपुर (50,367), बालाघाट (37,598), भिंड(36,813), छिंदवाड़ा (36,005), रतलाम (33,378)
- सबसे कम यूडीआईडी वाले 5 जिले - मऊगंज (61), मैहर(101), निवाड़ी(5,655), आगर-मालवा(6,740), अलीराजपुर (7,805)

# एएसआई 20 और बाबू 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बुधवार को लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने सिवनी जिले में छापे मारकर रिश्वत लेते दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने पहली कार्रवाई जिले के धनौरा विकासखंड स्थित ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर (बीईओ) के दफ्तर में की। यहां पदस्थ स्थापना शाखा के क्लर्क अरुण कुमार को देवेंद्र कुमार से 10,000 की घूस लेते गिरफ्तार किया है। देवेंद्र कुमार पूर्व में सिवनी जिले के ही भीमगढ़ में पदस्थ थे, जहां उन्हें निलंबित किया गया था। बहाली के बाद उनकी पदस्थापना धनौरा में हुई। निलंबन अवधि का जीवन निर्वाह भत्ता 1.65 लाख रुपये बकाया था। भुगतान के एवज में अरुण ने 32,000 मांगे थे। दोनों के बीच 25 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। बुधवार को दफ्तर में ही रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 10,000 रुपये लेते हुए अरुण कुमार कुमरे को लोकायुक्त की टीम ने दबोच लिया।

**चाय की दुकान पर रिश्वत लेते ही पुलिसकर्मी को दबोचाः** दूसरा मामला सिवनी जिले के ही कोतवाली थाने का है। यहाँ भी लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने थाने में पदस्थ एएसआई दिनेश रघुवंशी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सिवनी जिले के छितापार निवासी नंदकिशोर चौरसिया के पुत्र के साथ नौकरी दिलाने और गाड़ी लगवाने के नाम पर हुई ठगी के मामले में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच कर रहे दिनेश रघुवंशी ने केस की सही रिपोर्ट बनाने और दस्तावेजों में फर्जी हस्ताक्षरों की जांच कराने के बदले में 30 हजार रुपये की डिमांड की थी। सौदेबाजी के बाद मामला 20,000 रुपये में तय हुआ। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने जाल बिछाया और बुधवार को जैसे ही बस स्टैंड स्थित एक चाय की दुकान पर दिनेश ने 20 हजार के नोट हाथ में लिए, वैसे ही टीम ने उसे दबोच लिया। दिनेश के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1)बी और 13(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार इस मामले में एसपी ने एएसआई को निलंबित भी कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी
### हिंदू धर्म जीने का तरीका मंदिर जाना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म की प्रकृति को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। अदालत ने कहा कि हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या विशेष धार्मिक अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। घर में दीया जलाना भी आस्था व्यक्त करने के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। यह टिप्पणी चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश, सबरीमाला मंदिर विवाद और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े धार्मिक स्वतंत्रता मामलों की सुनवाई कर रही है। बुधवार को संविधान पीठ में जस्टिस बी वी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह आदि शामिल रहे।

### किश्तवाड़ में आतंकी को पनाह देने वाला गिरफ्तार

**किश्तवाड़/पुंछ, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पनाह, खाना और अन्य रसद सामग्री उपलब्ध कराने का आरोप है।



शिक्षक की पहचान मशकूर अहमद के रूप में हुई है, जो इंदरवाल के एक सरकारी स्कूल में तैनात है। उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, मशकूर अहमद चटरू इलाके में आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। यह मामला 4 फरवरी 2026 को डिच्छर-चटरू में हुए एनकाउंटर से जुड़ा है, जिसमें आतंकी आदिल मारा गया था।

### निदा को छिपायाः पार्षद की संपत्ति पर चला बुलडोजर

**पुणे, जेएनएन।** महाराष्ट्र के चर्चित नासिक टीसीएस कथित धर्मांतरण मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।



बुधवार को छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में एआईएमआईएम के पार्षद मतीन पटेल की संपत्ति पर बुलडोजर चलाया गया। मतीन पटेल पर इस मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को छिपाने का आरोप है। स्थानीय प्रशासन ने पार्षद के आवास और कार्यालय के अवैध हिस्सों सहित दुकानों को ध्वस्त कर दिया। स्थानीय मंत्री संजय शिरसाट के ऐलान के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच यह कार्रवाई की गई। मतीन पटेल ने इस कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### रुटीन चेकअप के बाद सोनिया गांधी डिस्चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम स्थित मेदांता हॉस्पिटल में रुटीन चेकअप के लिए भर्ती हुईं।



कुछ घंटों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी को सुबह अस्पताल लाया गया था। शुरुआती तौर पर कहा गया कि उनकी एक छोटी सर्जरी होनी है, हालांकि बाद में सूत्रों ने बताया कि वह नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल उनकी सर्जरी या स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इससे पहले 24 मार्च 2026 को दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर अरूप बासु ने बताया गया था कि फेफड़ों से संबंधित परेशानी के चलते

### प्रधानमंत्री के रूट पर अब मिला टाइमर

**बेंगलुरु, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 मई को बेंगलुरु दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक और साजिश का बड़ा मामला सामने आया है।



मौके से जिलेटिन की छड़ों के बरामद होने के तीन दिन बाद अब पुलिस को वहां से एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और टाइमर भी मिला है। पुलिस का मानना है कि साजिशकर्ता विस्फोटक को असेंबल (जोड़ने) में विफल रहे, जिस कारण बड़ी अनहोनी टल गई। प्रधानमंत्री 10 मई को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। विस्फोटक सामग्री कार्यक्रम स्थल के पास कागलीपुरा इलाके से बरामद की गई थी। पुलिस को उसी दिन सुबह करीब 7 बजे एक गुमनाम फोन कॉल आया था, जिसमें बम लगाने का दावा किया गया था। कॉल के आधार पर पुलिस ने कोरमंगला इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

# फ्लोर टेस्ट में पास हुई विजय सरकार 118 वोट की जरूरत थी, मिले 144

## एआईएडीएमके के 25 बागी विधायक साथ आए, विरोध में पड़े महज 22 वोट

**डीएमके का वॉकआउट**

### मुख्यमंत्री बोले - हमारी सरकार घोड़े की रफ्तार से काम करेगी

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे, जिनमें से 144 ने टीवीके का समर्थन किया। सरकार को बहुमत साबित करने के लिए 118 वोटों की जरूरत थी। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों ने भी वोट डाला। एआईएडीएमके के कुल 47 विधायकों में से 22 ने सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट के दौरान 59 विधायकों वाली डीएमके ने सदन से वॉकआउट कर दिया। वहीं सदन में मौजूद पीएमके के 4 और भाजपा के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इस फ्लोर टेस्ट के साथ ही एआईएडीएमके में औपचारिक रूप से फूट पड़ गई है और पार्टी पलानीस्वामी व सीवी षणमुगम गुटों में बंट गई है।



**विजय का समर्थन करने वाले एआईएडीएमके विधायक निलंबितः** तमिलनाडु के पूर्व सीएम एडप्पडी पलानीस्वामी ने सीएम विजय का साथ देने वाले कई बड़े नेताओं को अपनी पार्टी एआईएडीएमके से निकाल दिया है। पार्टी के महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी (ईपीएस) ने साफ कहा कि पार्टी का अनुशासन तोड़ने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पुडुचेरी में फिर बनी एनडीए सरकार, एन रंगास्वामी पांचवीं बार बने मुख्यमंत्री



**उपराज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ; भाजपा नेता भी बने मंत्री**

**पुडुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बन गई है। एनआर कांग्रेस प्रमुख एन रंगास्वामी ने बुधवार को पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पुडुचेरी में आयोजित भव्य समारोह में उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने उन्हें शपथ दिलाई। रंगास्वामी के साथ गठबंधन के दो अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एनआर कांग्रेस समर्थित क्षेत्रीय दल के विधायक के. मल्लादी कृष्णा राव और भाजपा के वरिष्ठ नेता ए. नमाशिवायम शामिल हैं। मल्लादी कृष्णा राव ने तेलुगु भाषा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और बीएल संतोष समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। रंगास्वामी इससे पहले चार अलग-अलग कार्यकालों में मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

### सीएम सुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट छोड़ी

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि राज्य की नई भाजपा सरकार विधानसभा के कामकाज में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा की कार्यवाही के पहले दिन भवानीपुर क्षेत्र से विधायक पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। सुभेंदु अधिकारी ने हालिया चुनावों में नंदीग्राम और भवानीपुर, दोनों सीटों से जीत हासिल की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह एक साथ दो सीटों से विधायक नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने भवानीपुर से शपथ ली है और अब उन्हें नंदीग्राम सीट छोड़नी होगी। उन्होंने जोर दिया कि जनता की सरकार के मूल सिद्धांत विधानसभा की कार्यवाही में पूरी तरह दिखाई देंगे।

### सीएम विजय के ज्योतिषी का 'बुरा समय' 24 घंटे में ही ओएसडी पद से हटाए गए

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के पद से हटा दिया है। विजय ने उन्हें पद पर नियुक्त करने के मात्र 24 घंटे के भीतर यह फैसला वापस लिया। दरअसल, विपक्ष और सहयोगी पार्टियों ने एक ज्योतिषी को सरकारी पद दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। राधन पंडित लंबे समय से विजय के करीबी रहे हैं और उनकी सलाह पर ही 10 मई को शपथ ग्रहण का समय बदला गया था। सहयोगी दल एमजेके के प्रमुख थमीमुन अंसारी ने विधानसभा में कहा कि निजी विश्वास अलग बात है, लेकिन सरकार में ज्योतिष नहीं आना चाहिए। डीएमके प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने भी इस पर तंज कसते हुए कहा था कि अब से विधानसभा की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी और समय ज्योतिषियों द्वारा ही बताया जाएगा।

**ट्रंप का 8 साल बाद चीन दौरा**

# 9 लाख करोड़ रुपए की बोइंग विमान डील संभव



**बीजिंग, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे। बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चीनी उपराष्ट्रपति हान जेंग ने उन्हें रिसीव किया। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार और शुक्रवार को व्यापार, ताइवान, रेयर अर्थ मिनरल्स, एआई और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। ट्रंप 15 मई तक चीन में रहेंगे। इस दौरे के दौरान 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोइंग विमान डील होने की उम्मीद है, जिसके तहत चीन सैकड़ों बोइंग 737 मैक्स और अन्य विमान खरीद सकता है। ट्रंप के साथ एलन मस्क और एपल सीईओ टिम कूक सहित 17 दिग्गज अमेरिकी कारोबारी भी गए हैं। हालांकि,ट्रंप ने स्पष्ट किया कि उन्हें ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए चीन की मदद की जरूरत नहीं है और अमेरिका यह युद्ध हर हाल में जीत जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हों।

### ट्रंप बोले- ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन रवाना होने से पहले कड़े शब्दों में कहा कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। उन्होंने कहा, 'ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा।' ट्रंप ने संकेत दिया कि शी जिनपिंग के साथ बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी, हालांकि व्यापार मुख्य मुद्दा रहेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर (करीब 2.4 लाख करोड़ रुपये) खर्च किए हैं। यह खर्च केवल हथियारों और सैन्य उपकरणों पर हुआ है। इसी बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बने रहने के लिए कांग्रेस से 1.5 लाख करोड़ डॉलर के अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की है।

**अब वेनेजुएला पर ट्रंप की नजर, 51वां अमेरिकी राज्य दर्शाते हुए मैप शेयर कियाः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर वेनेजुएला का एक मैप पोस्ट किया है, जिसमें ग्राफिक की मदद से वेनेजुएला के अंदर अमेरिकी झंडा बनाया गया है और उसे '51वां राज्य' लिखा गया है। यह पोस्ट वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के विरोध के बाद आया है।

### नीट पेपर लीक मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, फैमा की मांग
# सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा हो परीक्षा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट यूजी 2026 परीक्षा परीक्षा रद्द किए जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फैमा) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। संगठन ने कहा है कि नेशनल टैस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर अब छात्रों और अभिभावकों का भरोसा नहीं रह गया है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में री-एग्जाम कराया जाना चाहिए। फैमा ने अपनी याचिका में यह भी मांग की है कि एनटीए की मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।




नीट यूजी पेपर लीक के विरोध में दिल्ली में एनटीए दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते एबीवीपी के छात्र।

एनटीए ने पेपर लीक के बाद 12 मई को नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी थी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी हुई है। 3 मई को आयोजित परीक्षा में करीब 22.79 लाख छात्र शामिल हुए थे। पेपर लीक मामले की जांच अब तक सीबीआई ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी जयपुर, एक गुरुग्राम और दो नासिक से पकड़े गए हैं। सीबीआई ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय नामक आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोप है कि धनंजय ने शुभम को परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराया था। मुंबई की अदालत ने शुभम खैरनार को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है।

# मणिपुर में तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या

### कांगपोकपी जिले में वारदात के बाद तनाव

**इंफाल, जेएनएन।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीएबी) के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। यह हमला अज्ञात हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर उस समय किया जब नेता एक सम्मेलन से लौट रहे थे। इस वारदात के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी-जो बहुल इलाकों में भारी तनाव फैल गया है।

आक्रोशित लोगों ने पत्थर और लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 को पूरी तरह बंद कर दिया है। यह राजमार्ग मणिपुर को नागालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। मृतकों की पहचान मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ, रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायलों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग और दो ड्राइवर शामिल हैं। ये सभी चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से लौट रहे थे। हमलावरों ने कोतजिम व कोतलेन इलाकों के बीच फायरिंग कर दी।



### यूपी, बिहार, महाराष्ट्र में आंधी-बारिश से 22 मौतें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। राजस्थान में बुधवार को चार जिलों में 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान रहा। बाड़मेर लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 48.3 डिग्री सेल्सियसतापमान दर्ज किया गया। फलोदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में पारा 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ धूलभरी आंधी चली। राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट है। बदायूं में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं बरेली में तेज आंधी के चलते एक महिला की जान चली गई। हरदोई में दीवार गिरने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि उन्नाव में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चा समेत 5 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में आंधी से मंदिर की दीवार गिर गई जिससे 6 लोगों की मौत हो गई।

# ईपीएफओः ऑटोमैटिक होगी क्लेम निपटारे की प्रक्रिया

### जल्द से जल्द आवेदक के खाते में पैसे किए जाएंगे ट्रांसफर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) रिटायरमेंट फंड बॉडी जल्द ही फाइनल प्रोविडेंट फंड विदड्रॉल के क्लेम निपटाने की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर देगी। इससे एप्लीकेंट के बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर होने की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। बुधवार को एक टॉप अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अभी 5 लाख रुपये तक के पार्शियल या एडवांस विदड्रॉल के क्लेम ऑटो मोड के जरिए निपटाए जाते हैं। नए लेबर कोड्स पर एसोचैम के नेशनल समिनार पहुंचे ईपीएफओ के सेंट्रल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर रमेश कृष्णमूर्ति ने कहा, 'हम, जहां तक संभव हो, अभी के लिए ऑटो-निपटान शुरू करने जा रहे हैं... जो (पहले) केवल एडवांस के लिए उपलब्ध था। अब हम फाइनल विदड्रॉल के ऑटो-सेटेलमेंट की ओर बढ़ रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई मेंबर अपना इम्प्लॉयर (कंपनी) बदलता है तो ईपीएफओ प्रोविडेंट फंड खातों के ऑटो-सेटेलमेंट और ऑटो-ट्रांसफर की सुविधा शुरू करने जा रहा है। उन्होंने बताया, 'अब आपको कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। हम आपके खातों को आपके सबसे नए मेंबर अकाउंट में ऑटो-माइग्रेट करने की कोशिश करेंगे।' नए लेबर कोड्स के बारे में बात करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि परिभाषाओं और अन्य शब्दों को सरल बनाने, संहिताबद्ध करने और स्टैंडर्डाइज करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए हैं।

# ईरानी मूल की अभिनेत्री मंदाना ने हमेशा के लिए छोड़ा भारत

मनोरंजन जगत से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने फैंस को हैरान और भावुक कर दिया है। पिछले 16 सालों से भारत को अपना दूसरा घर कहने वाली ईरानी मूल की अभिनेत्री मंदाना करीमी ने आधिकारिक तौर पर इस देश को अलविदा कह दिया है। 'बिग बॉस' और 'लॉक अप' जैसे रियलिटी शोज से घर-घर में पहचान बनाने वाली मंदाना ने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक पोस्ट के जरिए इस फैसले की जानकारी दी।



### कहा-कभी नहीं सोचा था कि भारत को अलविदा कहूंगी

मंदाना ने इंस्टाग्राम पर एक 'आस्क मी एनीथिंग' (एएमए) सेशन के दौरान फैंस के सवालों का जवाब देते हुए इस खबर की पुष्टि की। जब एक प्रशंसक ने पूछा कि क्या वह सच में मुंबई छोड़ रही हैं, तो मंदाना ने एयरपोर्ट से एक वीडियो साझा किया। भारी मन से उन्होंने कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे एक दिन 'गुडबाय इंडिया' कहना पड़ेगा। यह मेरे लिए बहुत कठिन निर्णय है। यहां मैंने अपनी जिंदगी के 16 खूबसूरत साल बिताए हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं एक नए देश में, एक नए घर के साथ अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करूं।' मंदाना ने दर्द साझा करते हुए बताया कि इस कठिन लड़ाई में वह खुद को अकेला महसूस कर रही थीं और उन्हें वह सहयोग नहीं मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, 'भारत में मेरी लड़ाई लंबे समय से चल रही थी, लेकिन अब इसे और खींचने का कोई मतलब नहीं रह गया है।'

#### करियर और पहचान

मंदाना करीमी ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई थी। वह 'क्या कूल हैं हम 3' जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धि रियलिटी शोज से मिली। उन्हें आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म 'थार' में देखा गया था। एक विदेशी होने के बावजूद उन्होंने भारतीय संस्कृति और भाषा को बड़ी खूबसूरती से अपनाया था, यही वजह है कि उनके जाने की खबर ने उनके चाहने वालों को उदास कर दिया है।

**कीर्तिमान** मधेपुरा फैक्ट्री में बना रेल इंजन; 12,000 हॉर्स पावर की क्षमता से है लैस

# दुनिया का शक्तिशाली इंजन बना डब्लूएजी 12बी

### ताकत ऐसी कि एक साथ 16 वंदेभारत ट्रेनों को पटरी पर दौड़ा ले

**मधेपुरा, जेएनएन।** भारत में बना डब्लूएजी 12बी रेल इंजन दुनिया का सबसे ताकतवर इंजन है, जो अमेरिका और जापान जैसे विकसित देशों को भी पछाड़ता है। इस इंजन की पावर का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि वह एक साथ 16 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को खींच सकता है। सिर्फ खींच ही नहीं सकता, बल्कि 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा सकता है। साल 2020 में पहली बार इस इंजन से सफर की शुरुआत हुई। आज भारत के पास पांच सौ से ज्यादा ऐसे इंजन तैयार हो चुके हैं। इस इंजन में 12,000 हॉर्स पावर की क्षमता है।




### क्या है इंजन की खूबियां

- डब्लूएजी 12बी इंजन पूरी तरह से इलेक्ट्रिक इंजन है।
- यह एक ट्विन सेक्शन लोकोमोटिव इंजन है, जिसे ब्रॉड गेज ट्रैक पर दौड़ने के लिए तैयार किया गया है।
- इसके व्हील्स मैनेजमेंट बो'बो'+बो'बो' कैटेगरी का है।
- इसका वजन करीब 180 टन है, जो 6000 टन वजन तक को खींचने की क्षमता रखता है।

**कहां बन रहा है यह इंजनः** डब्लूएजी 12बी का यह इंजन पूरी तरह से मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है, जिसे मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री में तैयार किया गया है। इंजन की लंबाई 35 मीटर है।

### किस देश के पास कितना ताकतवर इंजन

- अमेरिका का सबसे ताकतवर इंजन यूनियन पैसिफिक जीटीईएल की ताकत 8500 हॉर्स पावर की है।
- वहीं जापान के सबसे शक्तिशाली रेल इंजन जेआर फ्रेट क्लास ईएफ 200 की क्षमता 8000 हॉर्स पावर की है।

### जापान में कितना पॉवर फुल इंजन

जापान का सबसे शक्तिशाली रेल इंजन जेआर फ्रेट क्लास ईएफ 200 है। इसकी क्षमता 8000 एचपी है। यह इलेक्ट्रिक फ्रेट लोकोमोटिव है, जो व्हील अरेंजमेंट के साथ हिताची द्वारा बनाया गया। यह नर्रो गेज का सबसे पावरफुल सिंगल-फ्रेम लोकोमोटिव था, लेकिन 2007 में रिटायर्ड हो गया। मौजूदा समय जापान के मॉडर्न लोकोमोटिव्स जैसे ईएच 200 की है, जिसकी क्षमता 6,000 एचपी की है। इस तरह मौजूदा समय की बात करें, तो भारत का इंजन दोनों देशों के मौजूदा लोकोमोटिव्स से दोगुना-तिगुना पावरफुल है।

# विद्यार्थियों ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण



**नरसिंहपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के एमएससी रसायन संकाय के 30 विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ नगर की सीवरेज परियोजना अंतर्गत निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने प्लांट के विभिन्न घटकों, प्रयोगशाला तथा स्काडा सिस्टम की कार्यप्रणाली को समझा और पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता में एसटीपी की उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्लांट में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा भी व्यक्त की। एसटीपी की कार्यप्रणाली से यंत्री प्रशांत गुप्ता ने विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से नरसिंहपुर में सीवरेज परियोजना का निर्माण कार्य कराया गया है।

# सोना व चांदी पर आयात शुल्क 6 से बढ़कर 15 प्रतिशत हुआ

## अब 10 ग्राम सोने पर करीब 27,000 रुपए देना होगा टैक्स



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने सोने के साथ ही चांदी पर भी कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। सरकार के इस कदम से अब सोना-चांदी और अन्य कीमती धातुओं का आयात महंगा होगा। सोना और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर सरकार ने अब 15 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि अब 10 ग्राम सोने पर करीब 27,000 रुपए तो सिर्फ टैक्स देना होगा। सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी लगाई है। इस पर 5 प्रतिशत सेस लगाया है। जबकि एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस मिलाकर कस्टम ड्यूटी 15 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है।

वित्त मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक नई दरें 13 मई 2026 से लागू हो गई हैं। मोदी सरकार के इस कदम को सोने का आयात कम करने, गिरते रुपये को संभालने और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने की कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है। कस्टम ड्यूटी में इस इजाफे से भारत में सोने-चांदी और अन्य कीमती धातुओं की मांग पर असर पड़ सकता है। सरकार के इस फैसले के बाद देश में गोल्ड और सिल्वर की कीमतों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, विदेशों से सोना मंगाना अब महंगा हो जाएगा, जिसका सीधा असर बाजार और ग्राहकों दोनों पर पड़ेगा।

**सोना 9,039 रुपए तो चांदी 17,938 महंगी :** बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक तेजी देखी गई। सुबह 10 बजे ही सोने में 9,039 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी और चांदी में 17,938 रुपये प्रति किलो का जोरदार उछाल दर्ज किया गया। सुबह 10.30 बजे के आसपास 24 कैरेट वाले सोने का भाव 1,62,425 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है, जो पिछले स्तर से 8,983 रुपये अधिक है। बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बीच सोने ने अब तक 1,54,851 रुपये का निचला स्तर (लो) और 1,64,497 रुपये का उच्चतम स्तर (हाई) बनाया है। वहीं चांदी की बात करें तो सुबह 10.35 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी का दाम 2,95,692 रुपये दर्ज किया गया, जिसमें 16,630 रुपये प्रति किलो की तेजी रही। चांदी ने अब तक 2,90,224 रुपये का निचला स्तर और 2,79,062 रुपये का हाई स्तर देखा है। कीमतों में यह अचानक आया उछाल केंद्र सरकार द्वारा आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में की गई वृद्धि के बाद देखा जा रहा है।

### रुपया ऑल टाइम लो: 1 डॉलर की कीमत 95.75 रुपए पहुंची

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 19 पैसे गिरकर 95.75 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद रुपया में यह गिरावट आई है। दरअसल, ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम को कमजोर बताया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। ब्रेंड कूड ऑयल के दाम बढ़कर 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे पहले सोमवार को यह 95.31 पर बंद हुआ था। पिछले हफ्ते ही रुपए ने 95.43 का निचला स्तर छुआ था, जो अब टूट चुका है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। सरकार अवमूल्यन रोकने का प्रयास कर रही है।

### एयर इंडिया ने 100 फ्लाइट रद्द कीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल का असर अब विमानन क्षेत्र (एविएशन सेक्टर) पर दिखने लगा है। रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया ने जून से शुरू होने वाले अगले तीन महीने के लिए अपने इंटरनेशनल नेटवर्क में बड़ा बदलाव किया है। टाटा ग्रुप के मालिकाना हक वाली एयर इंडिया ने दिल्ली से शिकागो, नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख शहरों के लिए अपनी सर्विस को पूरी तरह सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे बड़े शहरों के लिए भी फ्लाइट की फ्रीक्वेंसी कम कर दी गई है।

### एचपीसीएल का मुनाफा 6,065 करोड़ हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6,065 करोड़ रुपये का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट (शुद्ध लाभ) दर्ज किया है। रिफाइनिंग मार्जिन में हुए महत्वपूर्ण सुधार की वजह से कंपनी के मुनाफे में पिछले साल की तुलना में 77 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू भी 4.4 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले शेयरों पर 19.25 रुपये के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। यह डिविडेंड पहले के 5 रुपये के अतिरिक्त होगा।

### भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल: पुरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल, 60 दिन की एलएनजी और 45 दिन की एलपीजी का स्टॉक है। सप्लाई के मामले में कोई दिक्कत नहीं है। हरदीप पुरी ने दिल्ली में आयोजित सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में पीएम की बचत की अपील का भी जिक्र किया। पुरी ने कहा कि पीएम ने दो दिन पहले जो बातें कही हैं। उसको लेकर अफरा-तफरी मचाना बेकार है। पीएम की बातों को ध्यान से सुनें। उसका मनगढ़ंत मतलब न निकालें।

### सेंसेक्स 50 अंक चढ़कर 74,609 पर बंद हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** बुधवार को सेंसेक्स 50 अंक की तेजी के साथ 74,609 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 33 अंक की तेजी है, ये 23,413 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार के कारोबार में मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। भारतीय एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील और एशियन पेंट जैसे शेयर बाजार के सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम बने। इन शेयरों में खरीदारी ने पूरे इंडेक्स को संभालने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि बैंकिंग सेक्टर ने बाजार की इस वापसी में पूरा साथ नहीं दिया। निफ्टी बैंक इंडेक्स 99 अंक टूटकर 53,456 पर बंद हुआ। दिन के ऊपरी स्तर से फेडरल बैंक का शेयर 2 प्रतिशत से ज्यादा फिसल गया। इससे साफ दिखा कि बैंकिंग शेयरों में निवेशक अभी भी सतर्क बने हुए हैं। शेयर बाजार में 12 मई को भी 1,456 अंक की गिरावट देखी गई।

## देशभर में लगेंगे 4,874 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन



- सरकार ने मंजूर किया 503 करोड़ का प्लान
- कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में बिछेगा चार्जिंग नेटवर्क

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ऑटोमोबाइल मार्केट में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की हिस्सेदारी 5.77 फीसदी तक पहुंच गई है। हालांकि, अभी भी लोगों के मन में बैठी रेंज एंजाइटी खत्म नहीं हुई है। देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने चार्जिंग स्टेशन इंस्टॉल करने का ऐलान किया है। मंत्रालय देशभर में 4,874 इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन लगाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए सरकार 503.86 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह प्रोजेक्ट पीएम ई-ड्राइव स्कीम का हिस्सा है। 12 मई को बेंगलुरु में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने इस बारे में जानकारी दी है। इन चार्जिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स, पैसेंजर कार, बस और हैवी ड्यूटी ट्रक्स को भी चार्ज किया जा सकेगा। सरकार के मुताबिक, इन चार्जिंग स्टेशन को प्लानिंग के तहत कर्नाटक, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में लगाया जाएगा।

**कर्नाटक में इंस्टॉल होंगे 1243 चार्जिंग स्टेशन:** इस फंडिंग का बड़ा हिस्सा कर्नाटक में खर्च होगा। राज्य में 1243 चार्जिंग स्टेशन इंस्टॉल किए जाएंगे, जिस पर लगभग 123.66 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रमुख तेल कंपनियां इस इंस्टॉलेशन प्रोजेक्ट को लीड करेंगी। मौजूदा स्थिति में पैसेंजर व्हीकल कैटेगरी में ईवी की हिस्सेदारी 5.77 फीसदी, टू-व्हीलर में 7.76 फीसदी, कमर्शियल में 2.26 फीसदी और थ्री व्हीलर कैटेगरी में 60.38 फीसदी है।

### जल की गुणवत्ता जांच के लिए संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित करें

**जबलपुर।** एनजीटी के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति एसके सिंह व विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने राज्य में जल की गुणवत्ता जांच के लिए संयुक्त विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया है। यह कदम राजधानी भोपाल निवासी कमल कुमार राठी की याचिका पर उठाया। सुनवाई के दौरान आवेदक पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा सक्षम तकनीकी विशेषज्ञों की जल परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जल गुणवत्ता संबंधी गंभीर मुद्दे उठाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनजीटी ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक को तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में सीपीसीबी से, एक जल विज्ञान से और एक वाटर एंड लैंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट से शामिल किया जाएगा। इस समिति को आवेदन में उल्लेखित विभिन्न स्थानों की जल गुणवत्ता की जांच कर विशेषज्ञ रिपोर्ट एवं सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।


**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल**
(हबीबगंज डेयरी प्लांट भोपाल)
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
(पंजीयन क्रमांक/बी.पी.एल./एच.ओ./159 दिनांक 9.12.1977)
हबीबगंज डेयरी संयंत्र हबीबगंज भोपाल-462024 म.प्र. (भारत)
क्रमांक/3063/प्रशा/दुसंभो/26 दिनांक 13.05.2026

**जाहिर सूचना**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह-2 उपसमूह-3 के अंतर्गत वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक एवं डेयरी डॉक सहायक के विज्ञापित अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों पर म.प्र. की विशेष आदिम जनजाति बैगा, सहारिया तथा भारिया के अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत चयनित/प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन **दिनांक 26.05.2026** को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना चयनित/प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट www.sanchibhopal.com एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।
अत: उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन में वेबसाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर उनके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटोयुक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु निर्धारित दिनांक को प्रात: 11.00 बजे एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
म.प्र. माध्यम/125753/2026 मुख्य कार्यपालन अधिकारी


**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा- 2025 : विवादित मेरिट लिस्ट को चुनौती पर कोर्ट का निर्णय**

# 13089 चयनित उम्मीदवारों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, फिर बनेगी मेरिट लिस्ट

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने कर्मचारी चयन मंडल की प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 की मेरिट लिस्ट फिर से बनाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने के विरुद्ध दायर याचिका निरस्त कर दी है। कोर्ट ने राज्य शासन और कर्मचारी चयन मंडल को गैर-आरसीआई डिप्लोमा धारी अपात्र अभ्यर्थियों को उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर चयन प्रक्रिया से बाहर करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने टिप्पणी में कहा कि यदि उम्मीदवारों को पकड़े जाने के बाद अपने अंकों को कम करने या नहीं का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाती है, तो यह बेईमानी को बढ़ावा देने और ईमानदार उम्मीदवारों को दंडित करने के समान होगा। इस आदेश से 13089 चयनित उम्मीदवारों को बड़ा झटका लगा है। नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों के द्वारा याचिका दाखिल कर कहा गया था कि प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को फीसद बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है। लेकिन, चयन सूची में लगभग 14,964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं। याचिका में भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि पूरे मध्य प्रदेश में आरसीआई पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं। ऐसे में लगभग 15,000 उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है।



**बिना भौतिक सत्यापन के बोनस अंक दे दिए**

याचिका के अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18,000 उम्मीदवारों ने हां का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है। इसके बावजूद, सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया। परिणाम स्वरूप, बिना किसी भौतिक सत्यापन के साफ्टवेयर के माध्यम से उम्मीदवारों के डिक्लेरेशन के आधार सीधे बोनस अंक दे दिए गए। जिससे वास्तविक और योग्य उम्मीदवारों की मेरिट गिर गई और वे चयन से बाहर हो गए। कोर्ट में दलील दी गई थी कि झूठी जानकारी देकर चयन होने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट में फीसद बोनस अंक मिले हैं, वे भी हाइकोर्ट की शरण में पहुंचे हैं और मांग की है कि जल्दबाजी में हुई त्रुटि के कारण उनके द्वारा बोनस अंक का लाभ प्राप्त कर लिया। जबकि उनके पास उससे संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र नहीं है। उनकी याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी दोषपूर्ण मेरिट लिस्ट को रद्द करने की मांग की गई थी तथा केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्र धारकों को ही बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया था। 12 मई को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रखा था।

## सामान्य वर्ग की ओर से ओबीसी आरक्षण के विरोध में दलील

**हाईकोर्ट में अंतिम स्तर की सुनवाई आरंभ आज भी जारी रहेगी बहस**

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी आरक्षण के मामले पर दायर 86 याचिकाओं पर तीन दिवसीय अंतिम स्तर की सुनवाई शुरू हो गई। सर्वप्रथम सामान्य वर्ग की ओर से ओबीसी आरक्षण के विरोध में तर्क दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि ओबीसी आरक्षण बढ़ाएंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी केस का हवाला दिया। इसके साथ ही जोर देकर कहा कि बिना किसी अध्ययन के अचानक इस तरह का फैसला लिया जाना गलत है। कोर्ट ने तर्कों को संज्ञान में लेकर गुरुवार को दोपहर तीन बजे से आगे की सुनवाई करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने को चुनौती दी गई थी। इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर हुईं। इस मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई। 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों के अधिवक्ताओं के लिए बहस की समय-सीमा तय कर दी थी। इसके बाद 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाई कोर्ट में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सालिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सालिसिटर जनरल केएम नटराज राच्य शासन की ओर से पक्ष रखेंगे।

**ओबीसी के होल्ड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन**

दूसरी ओर ओबीसी आरक्षण के होल्ड अभ्यर्थियों को पुलिस ने कोर्ट परिसर में जाने से रोक दिया। ओबीसी के कई अभ्यर्थियों ने महाधिवक्ता के निवास के समक्ष घेराव के बाद हाई कोर्ट परिसर तक तख्ती लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल सफर किया। ओबीसी के होल्ड अभ्यर्थियों को मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में सुरक्षा अधिकारियों ने प्रवेश करने से रोक दिया। आक्रोशित प्रदर्शनकारी महाधिवक्ता को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे थे। चेतावनी दे रहे थे कि महाधिवक्ता को न हटाए जाने पर उग्र आंदोलन करेंगे। इसके बाद महाधिवक्ता के चेम्बर में उनका प्रतिनिधि मंडल मिलने भी गया। महाधिवक्ता ने भरोसा दिलाया कि अन्याय नहीं होने देंगे। इस तरह मामला शांत हो गया।


**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)**
**द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2026-27**

केन्द्रीय जेल रीवा एवं सब जेल त्योंथर में परिरूद्ध बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2026-27 के लिये स्वच्छता, विद्युत एवं भवन निर्माण सामग्री तथा कार्यालय उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री हेतु स्टेशनरी सामग्री की पूर्ति हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-03.06.2026 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 15/05/2026 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी। | 02/06/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03/06/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 04/06/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 06/06/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट:- 1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है। निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकत है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)
जी-12808/26


## अब वीवीआईपी सुरक्षा में होगा एआई तकनीक का उपयोग

**ये तकनीकें होंगी शामिल**

**वीडियो एनालिटिक्स:** सीसीटीवी से संदिग्ध गतिविधियों, किसी के द्वारा भीड़ में असामान्य रूप से रुकने या संदिग्ध व्यवहार की पहचान।

**लावारिस वस्तु की पहचान:** एआई सिस्टम से भीड़ में छिपे हथियारों या लावारिस बैगों को स्वचालित रूप से पहचान कर अलर्ट देना।

**फेशियल रिकग्निशन:** डेटाबेस से लिंक होकर प्रतिबंधित इलाके में अनधिकृत व्यक्तियों या वॉचलिस्ट में शामिल लोगों की पहचान करना।

**पैटर्न एनालिसिस:** सामान्य मानवीय गतिविधियों से अलग, जैसे अचानक दौड़ने या संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करना।

**ड्रोन सुरक्षा:** वीआईपी काफिले की सुरक्षा के लिए एआई-संचालित ड्रोन्स का उपयोग करना, जो संदिग्ध ड्रोंस या खतरों को पहले भांप सकें।

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मप्र में वीवीआईपी और वीआईपी की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस एआई के साथ आधुनिकतम तकनीक का भी सहारा लेगी। प्रदेश के पुलिस अफसरों को इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित विशेष शाखा प्रशिक्षण संस्थान में वीवीआईपी सिक्योरिटी एंड प्रोटेक्शन कोर्स के जरिए यह प्रशिक्षण 15 मई तक दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग सेशन में आए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि इसका मकसद सुरक्षा में तैनात होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक सुरक्षा मानकों (एसओपी) और इमरजेंसी में तत्काल कार्यवाही का प्रशिक्षण देना है। इस ट्रेनिंग में साइबर और एआई एक्सपर्ट के अलावा इंटेलिजेंस विंग, मुख्यमंत्री सुरक्षा शाखा, बम डिस्पोजल यूनिट और डॉग स्क्वॉड के विशेषज्ञ फील्ड में तैनात अफसरों को सुरक्षा के नए गुर सिखाएंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खंड सीधी (म.प्र.)**
सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नंबर 07822-292508
निविदा सू.क. 08/नि.प्र./व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां.वि./26-27 सीधी दिनांक 08-05-2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा ऑनलाईन बेवसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.05.2026 सायं 6.00 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 22.05.2026 को 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेवसाइड पर देखी जा सकती है।

Name of work- Providing a complete utility vehice for handpump repairing and maintanance (per thousand number of handpump) for विकासखंड सीधी सोननदी के उत्तरी भाग) के ग्रामों में स्थापित 1725 हैंडपंपों का संधारण कार्य Sidhi (M.P.)

| S.N. Tender ID | Name of Block | No of Handpump | PAC (Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost Of Tender | No.Of Call |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. EE_PHED_506144_1 | Sidhi | 1725 | 18.47 | 36940 | 2000 | III Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खंड सीधी (म.प्र.)
G-12809/26



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला सिंगरौली (म.प्र.)**
email:-piusingrauli@gmail.com ph.no. 07805-297421
एनआईटी नं.-13/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./पी.डब्ल्यू.डी./बिल्डिंग/817 रीवा, दि. 07.05.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है;

| स. क्र. | टेण्डर पोर्टल नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) लाख में | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_506493_1 | PWD (भवन), जिला सिंगरौली के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण हेतु वास्तुशिल्प डिजाइन एवं DPR परामर्श के लिए DPR सलाहकार नियुक्त करने हेतु निविदा (प्रथम आमंत्रण) | सिंगरौली | 30.00 | 50000.00 | 5000.00 | 24 माह |
| 2 | 2026_PWPIU_506498_1 | जिला-सिंगरौली अंतर्गत (बैलेंस वर्क) 18 नवीन न्यायालय भवन कक्षों वाली कोर्ट भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सिंगरौली | 3528.65 | 1764325.00 | 50000.00 | 24 माह |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन 11.05.2026 समय 10.00 से दिनांक 26.05.2026 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जिला-सिंगरौली (म.प्र.)
G-12812/26



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website www.mppwd.gov.in/pwdmp, email-eepwdsidhi@mp.nic.in
नि सू क्र. 03/2026-27 सीधी, दिनांक 11.05.26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, 'अ' प्रपत्र में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू लाख में) | 1.. अमानत राशि 2.. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB_505911 | उपसंभाग चुरहट एवं सीधी अन्तर्गत चुरहट अमिलिया सिहावल (एम.डी.आर) मार्ग लं. 23.00 किमी. में P.B.M.C. कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस. ओ. आर. 11.04.2025 | 380.20 | 1. 380200<br>2. 15000 | 1. द्वितीय आमंत्रण<br>2. 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_505914 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत कंधवार ग्राम पहुंच मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी., कंधवार वार्ड 01 से 08 पहुंच मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी., हटवा बढोना मार्ग लम्बाई 1.65 एवं बड़ी मऊ कैमोर पहाड़ मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. कुल लम्बाई 7.65 कि.मी में बी. टी. नवीनीकरण कार्य लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 69.29 | 1.69290<br>2. 10000 | 1. द्वितीय आमंत्रण<br>2 04 माह |
| | | योग:- | 449.49 | | |

1- ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 14.05.2026 सुबह 10.00 से 30.05.2026 शाम 6.00 तक है।
2- अमानत राशि केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा - अ एवं ब) स. क्र. 01 हेतु सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3- निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4- विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
5- उक्त कार्यों का भुगतान शासन से प्राप्त आवंटन के अधीन होगा।

(अनामिका सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लो0नि0वि0, संभाग सीधी (म.प्र)
G- 12782/26

# अब सीधे मोबाइल पर मिलेगी मऊगंज जिले की हर महत्वपूर्ण जानकारी



## कलेक्टर ने किया जनसंपर्क विभाग के आधिकारिक वाट्सऐप चैनल का शुभारंभ

**मऊगंज।** जिलेवासियों को शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय जानकारी त्वरित मिले, इस उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसंपर्क विभाग मऊगंज के आधिकारिक वाट्सएप चैनल जनसंपर्क मऊगंज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर जैन ने स्वयं अपने मोबाइल पर चैनल को फॉलो किया। साथ ही सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में चैनल से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं प्रमाणिक जानकारियां सीधे नागरिकों के मोबाइल तक पहुंच सकेंगी, जिससे आमजन को समय पर सही जानकारी प्राप्त होगी। कलेक्टर जैन ने कहा कि चैनल की विशेषता यह है कि यहां केवल आधिकारिक एवं प्रमाणिक जानकारी साझा की जाएगी, जिससे नागरिक फेक न्यूज एवं भ्रामक खबरों से सुरक्षित रह सकेंगे। जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश द्वारा तैयार कराया गया है वाट्सएप चैनलः जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रत्येक जिले का आधिकारिक वाट्सएप चैनल तैयार कराया गया है, ताकि सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक गतिविधियों एवं जनहितकारी सूचनाओं का त्वरित प्रसार किया जा सके। इस चैनल के माध्यम से जिले की प्रमुख प्रशासनिक गतिविधियां, शासकीय आदेश, जनहितकारी योजनाएं, भर्ती संबंधी सूचनाएं, अभियान, उपलब्धियां एवं अन्य महत्वपूर्ण अपडेट सीधे आमजन तक पहुंचाया जाएगा। एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम के साथ वाट्सएप चैनल पर मिलेंगी महत्वपूर्ण जानकारियांः उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश पहले से ही एक्स, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमजन तक शासन की योजनाओं, उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रसार कर रहा है। अब वाट्सएप चैनल के माध्यम से यह जानकारी और अधिक तेज एवं प्रभावी तरीके से नागरिकों तक पहुंचाई जाएगी।

## न्यूज कार्नर

### चाकघाट में सामूहिक विवाह समारोह आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत गरीब परिवार की बेटियों के विवाह सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराए जाते हैं। इस क्रम में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में चाकघाट कृषि उपज मण्डी में 14 मई को दोपहर 12 बजे से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे। समारोह की अध्यक्षता विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी राज करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य गीता राजमणि मांझी, डॉ. संगीता सोनल शर्मा, सुमन विकास कोल तथा बबोल प्रसाद कोल शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष त्योंथर मीनू देवी कोल, उपाध्यक्ष अंजना सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष त्योंथर कृष्णवती शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष चाकघाट विभव जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा गुप्ता तथा उपाध्यक्ष नगर पंचायत त्योंथर राजकुमार मिश्रा शामिल होंगे।

### कलेक्टर ने सीएमओ नईगढ़ी को दिया नोटिस

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नईगढ़ी पूजा द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दिया है। पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई, जलस्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने तथा वृक्षारोपण की तैयारी में लापरवाही बरतने एवं समीक्षा बैठकों में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कृपापात्रों को बख्शा, गरीब की ढहायी गुमटी



**ब्यूरो चीफ हनुमना।** तहसील कार्यालय हनुमना इन दिनों भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार कर चुका है। तहसील के सामने कुछ लोगों द्वारा गुमटी रख ली गई है एवं पानी टंकी की बाउंड्री से सटा कर कुछ लोगों द्वारा टीना शेड बनाया गया था। तहसीलदार हनुमना की कार्यवाही के दौरान सभी गुमटियों में नोटिस चस्पा की गयी। नोटिस दिनांक 08-05-2026 की है जिसमें स्पष्ट लिखा है कि अगर 24 घंटे में गुमटियां नहीं हटी तो कार्यवाही करते हुए जब्त कर लिया जाएगा। लेकिन ऑफिस में बैठे दलालों द्वारा तथा तहसीलदार की सहमति से अभी तक पैसे वाले व्यक्तियों की गुमटियां नहीं हटीं वहीं एक गरीब चाय पानी का धंधा करने वाले का बिना नोटिस के ही टीन शेड तुरंत हटा दिया गया जो न्यायोचित नहीं है। इसमें प्रतीत होता है कि पैसे लेकर गुमटियां रखवाई जाती हैं। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि तहसीलदार हनुमना द्वारा बोला गया है कि अगर गैस रखकर चाय बनाओगे तो इस प्रकार कार्यवाही करूंगा कि जमानत नहीं होगी। तहसीलदार हनुमना को मालूम होना चाहिए कि न्यायालय परिसर के अंदर 5 चाय व जलपान की दुकानें हैं। बिना परमिशन के जितनी भी गुमटियां हैं तथा टीन शेड बने हुए हैं, सभी के ऊपर उचित कार्यवाही होनी चाहिए।

### डॉ. आरपी गौतम बने कांग्रेस गौ संवर्धन एवं समन्वय प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव



**त्योंथर ब्यूरो।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉक्टर संजय कामले की सहमति से गौ संरक्षण एवं संवर्धन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. व्ही.पी.एस चौहान द्वारा सेवा निवृत्त पशु-चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. आर.पी. गौतम को गौ संरक्षण एवं संवर्धन जिला रीवा का महासचिव बनाया गया है। इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ किया जायेगा जिससे कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके, उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष इं. राजेन्द्र शर्मा, अजय मिश्रा महापौर, रमाशंकर सिंह पटेल त्योंथर, ब्लॉक अध्यक्ष जवा कमलेश्वर पटेल, डॉ. अरुणेन्द्र शेखर मिश्रा, साधू शरण मिश्रा, रामनरेश तिवारी, धनेंद्र द्विवेदी, तरुणेन्द्र द्विवेदी, प्रवीण शर्मा, बालेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डेय, लक्ष्मी शंकर मिश्रा, सौरभ मिश्रा, शशिभूषण द्विवेदी रवि तिवारी, राजमणि पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता , शीला त्यागी पूर्व विधायक , अरुणा तिवारी कांग्रेसी नेता , विद्यावती पटेल पूर्व विधायक , गोविंद दास तिवारी, बृजेन्द्र पांडेय, विश्वनाथ सिंह, अरुण सिंह पिंटू, शिव बालक पांडेय, राजेंद्र पाण्डेय , सिद्ध नाथ पांडेय सिरमौर, दीपू पंडित सिरमौर, भूपेंद्र सिंह, राम प्रभाव विश्वकर्मा, बिंद्रा तिवारी नेता, शेषमणि मिश्रा सोहागी, धर्मेश शुक्ला, और कमांडो अरुण गौतम सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का किया भ्रमण

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गौवंश वन्य विहार में गौवंश संरक्षण के लिये बनाये गये शेड, भूसा शेड, पानी की व्यवस्था तथा इलाज व्यवस्था के विषय में जानकारी ली। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान प्राकृतिक खेती स्थल का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यह केन्द्र गौवंश/पशुधन के संरक्षण का आधुनिक केन्द्र है। इसे और भी विस्तृत रूप दिया जायेगा इसके लिये सब मिलकर श्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने परिसर में भ्रमण के दौरान कहा कि इस अप्रतिम सुंदर स्थल में आध्यात्मिकता का अंतरात्मा से बोध होता है। कलेक्टर ने संचालन समिति की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं के लिये प्रशंसा की तथा निर्देश दिये कि बायोगैस प्लांट शीघ्र प्रारंभ करायें। भ्रमण के दौरान एसडीएम दृष्टि जायसवाल ने गौवंश वन्य विहार की व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 52 एकड़ क्षेत्र में स्थापित गौवंश वन्य विहार में वर्तमान समय में 8966 गौवंशों को आश्रय मिल रहा है।



## गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में की सहभागिता

**रायपुर कर्चुलियान।** गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने रायपुर कर्चुलियान में भाजपा कार्यकर्ता सुरेश सिंह चंदन के निवास पर नवनिर्मित शिव मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में विधायक नागेंद्र सिंह ने पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने समारोह में उपस्थित ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों से सौजन्य मुलाकात कर सभी को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में धार्मिक एवं सामाजिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए सुरेश सिंह चंदन एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, जिला पंचायत सदस्य बृजेश कोरी, सरपंच शुभकरण दाहिया, सचिव शांति भूषण ओझा, विकास सिंह, राजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह, नीरज सिंह, राकेश सिंह, नीलमणि मिश्रा तथा पीएसओ विष्णु सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मोहरवा में कलेक्टर ने कराया सीमांकन

### लंबे समय से चली आ रही समस्या का हुआ निराकरण, जनसुनवाई में लगाई थी फरियाद

**रीवा।** मोहरवा गांव में भूमि के सीमांकन के लंबे समय से चले आ रहे विवाद का बुधवार को निराकरण हो गया। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अपने समक्ष सीमांकन कराया और दोनों पक्षों की इसमें सहमति रही। उल्लेखनीय है कि सेमरिया तहसील अन्तर्गत मोहरवा गांव की संतोष देवी ने गत दिवस जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष अपने आबादी भूमि के विवाद को सुलझाने के लिये सीमांकन कराये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को सीमांकन कराने के निर्देश दिये थे। आज अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने अपनी उपस्थिति में सीमांकन कराया और राममूर्ति एवं संतोष देवी की आबादी भूमि का काफी समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया।



**अमन को जल्द मिलेगी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल :** कलेक्टर के भ्रमण के दौरान दिव्यांग अमन पाण्डेय ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने का अनुरोध किया कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही स्वचलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी जायेगी। मोहरवा 481 ग्राम में कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा परिसर में किये जा रहे अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवासियों से अपेक्षा की कि विद्यालय की भूमि को संरक्षित रखें। आने वाले समय में विद्यालय के उन्नयन होने पर इसका उपयोग होगा। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल का सुधार कराने तथा परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार ममता पटेल, नायब तहसीलदार राजेश तिवारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### रुपौली गेहूं उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सेमरिया क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सेवा सहकारी समिति मोहरवा में रुपौली समिति द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया तथा किसानों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में अपने समक्ष गेहूं की बोरी का तौल कराया। उन्होंने खरीदी केन्द्र प्रभारी को हिदायत दी कि सही माप रखें ज्यादा माप पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर बताया गया कि 586 किसानों के पंजीयन के विरुद्ध अभी तक 346 किसान अपनी फसल बेच चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जित गेहूं का तीव्र गति से परिवहन सुनिश्चित करायें।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा ने किया मुदरिया चौबान का भ्रमण

### संचालित कार्यों का निरीक्षण के साथ दिए दिशा-निर्देश



**मऊगंज ब्यूरो।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा जनपद मऊगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुदरिया चौबान का भ्रमण कर जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भुअरा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के गहरीकरण एवं पुनर्जीवन कार्य को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके एवं क्षेत्र में भू-जल स्तर में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है तथा सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमानंद तिवारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंतर्गत ग्राम पंचायत मुदरिया चौबान का भ्रमण कर जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भुअरा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के गहरीकरण एवं पुनर्जीवन कार्य को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके एवं क्षेत्र में भू-जल स्तर में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है तथा सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमानंद तिवारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले तिवारीलाल

### भाजपा नेता से विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**जागरण सोहागी।** त्योंथर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता कौशलेश तिवारी उर्फ तिवारीलाल ने भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय विकास, किसानों की समस्याओं, सिंचाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, संगठनात्मक गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कौशलेश तिवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने की मांग रखी। उन्होंने किसानों को पर्याप्त कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुलाकात के दौरान कौशलेश तिवारी ने भाजपा संगठन की गतिविधियों और क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने शिवराज सिंह चौहान को त्योंथर आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र के विकास के प्रति सकारात्मक आश्वासन देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। राजनीतिक दृष्टि से इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में भी इसे लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## धूप और गर्मी के बीच जनगणना कार्य जारी

**चाकघाट।** भीषण गर्मी, तेज धूप और झुलसाती दोपहर में जहां आमजन घरों से निकलने से बचते नजर आते हैं वहीं दूसरी ओर जनगणना कार्य में लगे विश्वनाथ सिंह एवं उमेश प्रसाद आदिवासी व अन्य प्रगणक अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कर रहे हैं। तपते मौसम में घर-घर पहुंचकर नागरिकों की जानकारी एकत्र करना आसान कार्य नहीं है, लेकिन इन कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने दायित्व को सर्वोपरि रखते हुए कार्य जारी रखा है। जनगणना देश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जिसके माध्यम से



जनसंख्या, सामाजिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार और अन्य आवश्यक आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर भविष्य की योजनाएं तैयार होती हैं और सरकार द्वारा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम होती है। चाकघाट क्षेत्र में जनगणना कार्य कर रहे विश्वनाथ सिंह एवं उमेश प्रसाद आदिवासी प्रतिदिन घर-घर पहुंचकर लोगों से जानकारी जुटा रहे हैं। धूप, पसीना और थकान के बावजूद उनके चेहरे पर जिम्मेदारी निभाने का उत्साह साफ दिखाई देता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने में संकोच करते हैं, उस समय भी ये कर्मचारी अपने कार्य में जुटे रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इन कर्मचारियों की लगन और कार्यशैली अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है। सरकारी कार्यों को लेकर अक्सर लापरवाही की शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन ऐसे कर्मठ कर्मचारी यह साबित करते हैं कि यदि जिम्मेदारी और सेवा भावना हो तो हर कार्य समय पर और बेहतर ढंग से किया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि विश्वनाथ सिंह एवं उमेश प्रसाद आदिवासी जैसे सभी कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए, ताकि उनका मनोबल बढ़े और अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिले। जनता का कहना है कि देशहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में लगे ऐसे समर्पित कर्मियों की जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। उनकी मेहनत और सेवा भावना निश्चित रूप से समाज के लिए मिसाल है।

## तहसील कार्यालय के पास प्रतिबंधित गांजे की बिक्री जोरों पर

**ब्यूरो चीफ हनुमना।** हनुमान नगर के सामाजिक लोगों ने जानकारी में बताया कि मऊगंज जिले के हनुमना नगर में तहसील परिसर के पास प्रतिबंधित गांजा एवं नशीले पदार्थ खुलेआम बिक्री किये जा रहे हैं। हनुमना नगर में नशा कारोबारी का साम्राज्य मिटाने के लिए शासन के द्वारा चलाया गया प्रहार 2 अब शिथिल हो चुका है। नशे के कारोबारी पर कुछ दिन पहले शासन एवं प्रशासन का भय दिखवाई दे रहा था परंतु कुछ दिन से तहसील परिसर के आसपास गांजे की बिक्री खुले में हो रही है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि तहसीलदार एवं एसडीएम हनुमना को नशे के इस प्रतिबंधित गोरखधंधे की जानकारी क्यों नहीं है जिसमें आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। तहसील परिसर में यह कार्य किया जा रहा है, इस नशा के चलते तहसील परिसर वार्ड नंबर 6 में कई घरों में चोरी हो चुकी है क्योंकि रात-रात भर गांजा लेने संदिग्ध लोगों का आवागमन बना रहता है। स्थानीय लोगों ने नवगत पुलिस अधीक्षक व मऊगंज थाना प्रभारी से मांग की है की तहसील परिषद के साथ-साथ नगर के विभिन्न स्थानों में हो रहे गांजे की अवैध बिक्री पर कानूनी कार्यवाही की जाए।

## प्राइवेट डग्गामार बसों के दबाव में नहीं चल पाती रोडवेज की सरकारी बसें



**चाकघाट।** पचास वर्षों से अधिक समय से प्रयागराज जीरो रोड डिपो की रोडवेज बसें चाकघाट प्रयागराज के लिए चलती रही हैं। यहां तक कि माघ मेला एवं कुंभ पर्व पर चाकघाट में रोडवेज की अस्थाई बस स्टैंड बना कर अतिरिक्त बसें चलायी जाती रही हैं। चाकघाट से मिर्जापुर, बनारस, लखनऊ ,कानपुर ,प्रयागराज आदि के लिए बसें लगातार चलती रहीं हैं किन्तु जब से इस मार्ग पर चाकघाट से प्रयागराज के लिए जब से डग्गामार अवैध बसों का संचालन शुरू हुआ है तब से इस रोड पर सरकारी रोडवेज की बसें नियमित नहीं चल पा रही हैं।

आरोप है कि जीरो रोड डिपो की रोडवेज अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा अवैध बस संचालकों के दबाव एवं प्रलोभन में रोडवेज बसों का संचालन चाकघाट से प्रयागराज के लिए बंद कर दिया जाता है। इससे यहां एक और यात्रियों का अवैध बस संचालकों के द्वारा शोषण होता है वहीं रोडवेज विभाग के राजस्व की हानि हो रही है। इस मामले में रोडवेज विभाग के लोगों की मंशा अनुचित तरीके से प्राइवेट बस संचालकों को लाभ पहुंचाना रहता है। उत्तर प्रदेश शासन परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं राज्य सरकार से आग्रह है कि प्रयागराज से चाकघाट के लिए नियमित रूप से रोडवेज की बसें चलाई जाएं। मध्य प्रदेश की अंतिम सीमा चाकघाट होने के कारण मध्य प्रदेश एवं दक्षिण भारत से आने वाले यात्री चाकघाट में उतरते हैं और वहां से तीर्थराज प्रयाग जाने के लिए उन्हें सरकारी वाहन नहीं मिलते जिससे वे मजबूर होकर प्राइवेट अवैध संचालित बसों पर सवार होने के लिए बाध्य होते हैं, और उत्तर प्रदेश की सीमा में उन्हें अवैध संचालित वाहनों द्वारा शोषण का शिकार होना पड़ता है।

## जनगणना, ई-केवाईसी और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण त्वरित निराकृत करें


### मऊगंज कलेक्टर ने पेयजल संकट और जल संरक्षण के लिये अधिकारियों को दिए क्षेत्र भ्रमण के निर्देश



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्षा में आयोजित की गई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों, समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन तथा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर चर्चा करते हुये विकासखण्ड स्तर पर समस्या मूलक ग्रामों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांवों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि यदि कहीं आवश्यकता है तो वहाँ नये नलकूपों का खनन किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने जल स्तर गिरने की वजह से बंद हुये हैंडपंपों में राइजर पाइप लगाने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। जल संरक्षण और जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त करायें। उन्होंने जल जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा अभियान की हर गतिविधि की प्रतिदिन रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रगति की समीक्षा के दौरान गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की हिदायत देते हुये अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिये तथा कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि खाद्य आपूर्ति, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्राम विकास, ऊर्जा विभाग, के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और सभी विभागों को शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि नॉन-अटेंडिंग शिकायतों , समय सीमा से बाह्य तथा 50 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकसेवा गारंटी से प्राप्त आवेदनों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें। कलेक्टर ने जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में एक मई से शुरू हुये मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय-सीमा में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि जिन प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, वे सूचीकरण का डाटा पोर्टल पर इंट्री करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सुपरवाइजर डाटा का सत्यापन करने के बाद ही डाटा फ्रीज करें।कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के विभागीय एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्यमंत्री वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री अभियान, समग्र ई-केवाईसी तथा खाद ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में लगाए जा रहे विशेष शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जिले में स्थित जर्जर शासकीय भवनों को चिन्हित कर तत्काल डिस्मेंटल की कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया ,डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी, एसडीम हनुमना राजेश मेहता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 508 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 501 |
| विराट (बेंगलुरू) | 484 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 22 |
| कगीसो रबाडा (गुजरात) | 21 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 19 |

## बाउंड्री मीटर



1066 छक्के

1745 चौके

112 अर्धशतक

विकेटकीपर जोस बटलर ने इस मैच में पांच कैच पकड़े, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने गुजरात रिद्धिमान साहा के चार विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 | 1.053 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 | 0.551 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0.331 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 | 0.428 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.185 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.082 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| कोलकाता | 11 | 4 | 6 | 9 | -0.198 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.907 |

### मैच 57: बेंगलुरु ने रायपुर में केकेआर को 6 विकेट से हराया, 19.1 ओवर में हासिल किया 193 रन का लक्ष्य

# विराट के रिकार्ड शतक से आरसीबी टॉप पर

**जेएनएन, रायपुर**

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली (नाबाद 105 रन) के रिकॉर्ड शतक की बदौलत बुधवार को आईपीएल के 57वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बारिश के चलते रायपुर में मुकाबला 75 मिनट की देरी से शुरू हुआ था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी (71) और रिंकू (नाबाद 49) की पारी मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का नौवां आईपीएल शतक पूरा किया। कोहली लगातार दो डक के बाद इस मुकाबले में आ रहे थे और पहले ओवर में जब उन्होंने खाता खोलकर जश्न मनाया तो पिछले साल सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे की याद आ गई। हालांकि कोहली ने सिर्फ खाता नहीं खोला, बल्कि अगले ही ओवर में उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ लगातार तीन चौके सहित कुल चार चौके जड़े। दूसरे छोर पर जेकब बेथेल भी जल्द ही लय में आ गए, लेकिन कार्तिक त्यागी ने शॉर्ट गेंद पर अपने फॉलोथ्रू में बेथेल का कैच लपक लिया। हालांकि कोहली ने अपनी आक्रामक शुरुआत को भुनाया और पावरप्ले की समाप्ति तक आरसीबी को एक विकेट के नुकसान पर 66 के स्कोर तक ले गए। कोहली जब 21 के स्कोर पर थे तब एक्स्ट्रा कवर पर रोवमन पॉवेल से कोहली का कैच छूट गया, वहीं पडिक्कल को भी 22 के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला। कोहली ने इस जीवनदान को भुनाया और वह अंत तक नाबाद रहकर लौटे। दूसरे विकेट के लिए पडिक्कल और कोहली के बीच कुल 91 रनों की साझेदारी हुई थी और त्यागी ने जब पडिक्कल के रूप में केकेआर को ब्रेकथ्रू दिलाया तब तक आरसीबी काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गई थी। इसके बाद टिम डेविड और जितेश शर्मा के रूप में आरसीबी को दो नियमित झटके लगे लेकिन आरसीबी तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी और कोहली भी अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे। कोहली ने मात्र 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया जो कि टी-20 में उनका 10वां शतक था। इससे पहले शुरुआती झटकों के बीच रघुवंशी ने केकेआर की रन गति को धीमा पड़ने नहीं दिया और उन्होंने कैमरन ग्रीन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। ग्रीन शुरुआत में लय में नजर नहीं आ रहे थे लेकिन उनके लय में आते ही रसिख डार सलाम ने 34 के निजी स्कोर पर उन्हें पवेलियन चलता कर दिया। हालांकि इसके बाद रघुवंशी को रिंकू सिंह का साथ मिला और दोनों बल्लेबाज केकेआर को 192 के स्कोर तक ले गए।

**09** वां शतक विराट कोहली का आईपीएल में है, जो रिकॉर्ड है। विराट के बाद दूसरे नंबर पर जोस बटलर (07) हैं। वहीं टी-20 में यह विराट का 10वां शतक है। बतौर भारतीय टी-20 में अब उनके नाम सर्वाधिक शतक हैं।

**प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली**

105* रन

60 गेंद

11 चौके

03 छक्के

**टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 463 | 14562 |
| किरोन पोलार्ड | 735 | 14482 |
| एलेक्स हेल्स | 528 | 14449 |
| डेविड वॉर्नर | 439 | 14284 |
| जोस बटलर | 505 | 14200 |
| विराट कोहली | 426 | 14027 |



**279** विराट कोहली सर्वाधिक आईपीएल मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और रोहित ने 278-278 मैच खेले हैं।

**12** वीं बार विराट ने एक आईपीएल सीजन में 400 से अधिक रन बनाए। डेविड वॉर्नर, रोहित शर्मा, शिखर धवन और सुरेश रैना नौ-नौ बार यह कारनामा कर चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 192/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का. एंड बो. हेजलवुड | 19 | 13 | 3 | 1 |
| ऐलन का. जितेश बो. भुवनेश्वर | 18 | 8 | 3 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी रनआउट | 71 | 46 | 7 | 3 |
| कैमरन ग्रीन बो. सलाम | 32 | 24 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 49 | 29 | 3 | 2 |

**अतिरिक्तः** 3, **कुलः** 20 ओवर में 4 विकेट पर 192 रन, **विकेट पतनः** 1-23, 2-48, 3-116, 4-192, **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 4-0-34-1, डफी 4-0-48-0, जोश हेजलवुड 3-0-35-1, रसिख सलाम 4-0-35-1, क्रुणाल 4-0-39-0.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः 194/4 (19.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जेकब बेथेल का. एंड बो. त्यागी | 15 | 12 | 2 | 1 |
| विराट कोहली नाबाद | 105 | 60 | 11 | 3 |
| पडिक्कल का. रहाणे बो. त्यागी | 39 | 27 | 7 | 0 |
| रजत पाटीदार का. रहाणे बो. नरेन | 11 | 8 | 0 | 1 |
| टिम डेविड का. पांडे बो. नरेन | 2 | 3 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 8 | 5 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 14, कुलः 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन, **विकेट पतनः** 1-37, 2-129, 3-157, 4-180, गेंदबाजीः सौरभ दुबे 2.1-0-21-0, वैभव अरोड़ा 4-0-48-0, कार्तिक त्यागी 4-0-32-3, सुनील नरेन 4-0-31-1, कैमरन ग्रीन 2-0-22-0, अनुकूल रॉय 3-0-36-0.

## खेल एक नजर

### चोट के कारण लोरेंजो मुसेटी फ्रेंच ओपन से बाहर

**रोम, जेएनएन।** इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो मुसेटी जांघ में चोट लगने के कारण इस महीने फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। 10वीं रैंकिंग पर काबिज मुसेटी पिछले साल पेरिस में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने बुधवार को इस खबर की घोषणा की। यह घोषणा इटैलियन ओपन में कैस्पर रूड से हारने के ठीक अगले दिन की गई। इसी मैच के दौरान उन्हें अपनी बाईं जांघ का उपचार करवाना पड़ा था। मुसेटी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, कल के मैच के बाद मैंने मेडिकल जांच करवाई जिसमें 'रेक्टस फेमोरिस' (जांघ की एक मांसपेशी) में चोट का पता चला। इस चोट के ठीक होने के लिए कई हफ्तों के आराम और रिकवरी की जरूरत है। दुर्भाग्य से, इसका मतलब है कि मैं हैम्बर्ग और रोलां गैरों में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा। यह स्वीकार करना मेरे लिए बेहद मुश्किल है।



### डॉसन ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से लिया संन्यास

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट खेल चुके हैम्पशायर के ऑलराउंडर लियम डॉसन ने तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 साल के डॉसन ने अपने 20 सीजन लंबे करियर में 380 विकेट लेने के साथ ही 18 शतक भी लगाए। इंग्लैंड के लिए आठ वर्ष बाद वापसी करने से पहले डॉसन को 2024 में प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवॉर्ड्स में पुरुष प्लेयर ऑफ द इयर चुना गया था। हालांकि 2026 के सीजन की शुरुआत में हैम्पशायर के पहले पांच मुकाबलों में चार मैच खेलने और सीमित सफलता के बाद उन्होंने लाल गेंद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला कर लिया। वह हैम्पशायर के लिए सीमित ओवर प्रारूप में और द हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। इस साल टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के दल का हिस्सा होने को मद्देनजर देखते हुए वह सफेद गेंद क्रिकेट में करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।



## थाईलैंड ओपनः श्रीकांत, सिंधू और लक्ष्य सेन सीधे सेटों में जीतकर अगले राउंड में

**बैंकॉक, जेएनएन।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए, जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9, 21-12 से हराया, जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16, 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19, 13-21, 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21, 26-24, 21-13 से हराया।



### धर्मशाला में मुंबई और पंजाब के बीच मुकाबला आज

## लगातार चार हार के बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ वापसी करने उतरेंगे किंग्स

**जेएनएन, धर्मशाला**

पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स गुरुवार को आईपीएल के 58वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना करने उतरेगी। यह मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा, जहां पंजाब को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार मिली थी। पंजाब के लिए अच्छी बात ये है कि वे अभी भी टॉप-4 में बने हुए हैं। हालांकि, अब उन्हें हर हाल में जीत के रास्ते पर वापस आना होगा वर्ना प्लेऑफ में जाने का उनका सपना चकनाचूर हो सकता है। वहीं मुंबई ने इस सीजन 11 में से आठ मैच गंवाए हैं और प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। पंजाब को जीत के लिए मुंबई के खिलाफ अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा।



■ मुंबई के भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस सीजन निराशाजनक रहा है। सूर्यकुमार ने 11 पारियों में सिर्फ 195 रन बनाए हैं। तिलक वर्मा ने 261 रन बनाए हैं और पंजाब के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 173 का रहा है। कप्तान हार्दिक पंड्या बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष करते दिखे हैं। हार्दिक ने सिर्फ 146 रन बनाए हैं, जबकि गेंदबाजी में उनका इकॉनमी भी महंगा रहा है। बुमराह ने 11 मैच में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं, जो उनके स्तर के हिसाब से काफी साधारण प्रदर्शन है।

■ पंजाब की फील्डिंग लगातार चिंता का विषय रही है। दिल्ली के खिलाफ भी टीम ने आसान कैच छोड़े और कई मिसफील्ड किए, जिसका असर सीधे मैच के नतीजे पर पड़ा। पूरे सीजन में पंजाब ने 20 कैच छोड़े हैं और उनकी कैच एफिशिएंसी सिर्फ 70.1 फीसदी रही है। यह इस सीजन की सबसे खराब फील्डिंग टीमों में शामिल है।

### बाबर को बनाया जा सकता है पाक टेस्ट टीम का कप्तान



**कराची, जेएनएन।** बांग्लादेश से पहले टेस्ट में 104 रन से मिली शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान शान मसूद की जगह बाबर आजम को टेस्ट कप्तान के तौर पर लाने की तैयारी कर रहा है। ढाका में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद मसूद की कप्तानी को लेकर पाकिस्तान में कड़ी आलोचना हुई। बल्ले से भी मसूद का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह दोनों पारियों में नाकाम रहे। टीम के करीबी एक सूत्र के अनुसार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के बाकी मैच के लिए बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर फिर से नियुक्त करने का अभियान शुरू हो गया है, क्योंकि पाकिस्तान को इस साल अभी सात और टेस्ट खेलने हैं। मसूद दिसंबर 2023 से टेस्ट कप्तान नियुक्त हुए थे और तब से उनके कार्यकाल में पाकिस्तान ने 15 में से 11 मैच गंवाए हैं। वहीं बाबर घुटने की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे और 18 मई से शुरू होने वाले दूसरे मैच में उनकी वापसी की संभावना है। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ प्रभावशाली लोग भी चाहते हैं कि बाबर कप्तान के तौर पर वापस आएं।

### इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने नए चयनकर्ता और नई टेस्ट टीम का ऐलान किया

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बेन स्टोक्स इंग्लैंड टीम के कप्तान

**लंदन, जेएनएन।** एशेज सीरीज में हार के मद्देनजर आत्ममंथन के दौर के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहली बार विदेशी राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त किया है और नई टेस्ट टीम चुनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्कस नॉर्थ को चयनकर्ता बनाया गया है, जो 2018 के बाद से छह इंग्लिश काउंटी टीमों के लिए खेल चुके हैं और डरहम के क्रिकेट निदेशक भी रहे हैं, जहां उन्होंने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ काम किया है। इंग्लैंड के पास ब्रेंडन मैकुलम जैसा विदेशी मुख्य कोच है। नॉर्थ अब ल्यूक राइट की जगह लेंगे, जो तीन साल इस पद पर रहे। एशेज सीरीज में मिली 1-4 से हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार जून से शुरू हो रही सीरीज के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओली पोप को टीम में जगह नहीं मिली है। जोफ्रा आर्चर टी-20 व्यस्तताओं के कारण उपलब्ध नहीं हैं, जबकि ब्रायडन कार्स और मार्क वुड चोटिल है।



**पहले टेस्ट के लिए टीमः** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सोनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिनसन, जो रूट, जैमी स्मिथ, जोश टंग।

### सारा पुरुष टीम में नियुक्त होने वाली पहली महिला कोच बनीं

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए सीनियर पुरुषों की टेस्ट टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है। महिला क्रिकेट के इतिहास की महानतम खिलाड़ियों में से एक मानी जाने वाली 37 साल की टेलर ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ के नेतृत्व में इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड-ए) टीम के साथ भी काम किया है। वहां उनके शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें सीनियर टीम के सहयोगी स्टाफ में जगह मिली है। सभी प्रारूप में कुल 226 मैच खेलने वाली टेलर ने ससेक्स की पुरुषों की टीम के साथ-साथ मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के साथ भी काम किया है। उन्हें फील्डिंग कोच के तौर पर एक संक्षिप्त कार्यकाल के अनुबंध की पेशकश की गई है। इस पद पर वह कार्ल हॉपकिंसन की जगह लेंगी।



## सिटी स्पोर्ट्स

## रोइंग चैंपियनशिप में आरएनटीयू के खिलाड़ियों का स्वर्णिम छक्का



**भोपाल, खेप्र।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोइंग चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) में छह स्वर्ण सहित 19 पदक अर्जित किए। इसमें सात रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं। चंडीगढ़ में आयोजित चैंपियनशिप में आरएनटीयू की पुरुष टीम रनरअप रही, जबकि महिला टीम द्वितीय रनरअप रही। विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. नितिन वत्स ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पीआर श्रीजेश का आरोप-विदेशी कोच के लिए मुझे हटाया हॉकी इंडिया ने कहा-दिसंबर में ही खत्म हो गया था करार

**जेएनएन, नई दिल्ली**

भारत के महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के हॉकी इंडिया के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद जूनियर टीम के कोच के पद से उन्हें हटा दिया गया। सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें हटाया गया, क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है। इस पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने श्रीजेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें पद से हटाया नहीं गया है, बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था और उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके मेरिट के आधार पर नया कोच चुना गया है। टिर्की ने कहा कि श्रीजेश को डेवलपमेंट टीम (भारत-ए) का कोच बनने की पेशकश की गई थी, जो लॉस एंजिलिस ओलंपिक और अगले ओलंपिक चक्र के लिए अहम है। उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी नहीं माने।



### डेढ़ साल के बाद ही खत्म हो गया कोचिंग करियर

श्रीजेश ने 'एक्स' पर लिखा, लगता है कि मेरा कोचिंग करियर डेढ़ साल के बाद ही खत्म हो गया है, जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है, लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिए मुझे हटाया जा रहा है। श्रीजेश ने कहा कि हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी। श्रीजेश ने आगे लिखा कि क्या भारतीय कोच भारतीय हॉकी का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कहा था कि देश को उनके जैसे कोचों की जरूरत है, लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा सिर्फ विदेशी कोचों पर है।

### फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज हो सकते हैं नए कोच

पेरिस ओलंपिक 2024 में फ्रांस की पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे फ्रेडरिक सोयेज भारत की अंडर-21 टीम के अगले मुख्य कोच हो सकते हैं। खेल प्रबंधन में मास्टर्स 48 वर्ष के सोयेज 1995 से 2010 तक फ्रांस के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेले। इसके बाद 2011 से 2014 तक फ्रांस टीम के मुख्य कोच रहे और 2014 से 2021 तक स्पेन के मुख्य कोच थे जब रियो ओलंपिक 2016 में स्पेन की टीम पांचवें स्थान पर रही थी। इसके बाद वह 2021 से 2024 तक फ्रांस हॉकी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक भी रहे।

### आयुष के दोहरे प्रदर्शन से रेड हाउस 116 रन से जीता

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आयुष यादव के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रेड हाउस ने सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में ब्लू हाउस को 116 रन से शिकस्त दी। बाबेअली मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेड हाउस ने आयुष यादव (80) और अतीत टोप्पो (59) के अर्धशतक की मदद से 310 रन का बड़ा स्कोर बनाया। सोहेल ने 42 और उमेद ने 29 रन का योगदान दिया। ब्लू हाउस के अजहर एवं शैंकी ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। जवाब में ब्लू हाउस 194 रन ही बना पाया। टीम के आशु शेख ने सर्वाधिक 86 रन बनाए। रुद्राक्ष ने 25 रन का योगदान दिया। रेड हाउस के ओम पाटिल ने तीन, जबकि आयुष एवं शरद ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। सीनियर क्रिकेटर जावेद अख्तर ने आयुष को अवॉर्ड दिया।

### गौतम की घातक गेंदबाजी से नर्मदापुरम फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच गौतम रघुवंशी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नर्मदापुरम ने 14वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट 'रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी' में भोपाल लेपर्ड्स को चार विकेट से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को फेथ क्लब और मयंक अकादमी के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। ओल्ड कैंपियन मैदान पर भोपाल लेपर्ड्स 104 रन पर सिमट गई। विकास शर्मा और अंकुर सिंह ने एकसमान 24-24 रन बनाए। नर्मदापुरम के गौतम रघुवंशी ने 5 विकेट झटके। वहीं साहिल सिंह जादौन को दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदा पुरम की टीम ने 13.1 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। एकसमय टीम 34 रन पर 4 विकेट खोकर मुश्किल में थी। करण तिवारी ने 43 और शाश्वत ने 22 रन बनाए।

## उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 14 मई को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे सर्किट हाउस में हिनौती गौधाम एवं बसामन मामा गौवंश वन्य विहार की व्यवस्थाओं एवं प्रचालित कार्यों की समीक्षा करेंगे। तदुपरांत दोपहर 12 बजे जलजीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा उप मुख्यमंत्री द्वारा सर्किट हाउस में की जाएगी।

## कलेक्टर ने नगर परिषद चाकघाट सीएमओ को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनगणना कार्य में प्रगति न्यून रहने पर नगर परिषद चाकघाट के सीएमओ अजय पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

PREMIUM पेट सफा LAXATIVE GRANULES
एक बार में फ्रेश हो जाओ...
Helps in: Gas | Acidity | Constipation
प्रीमियम पेट सफ़ा ग्रैन्यूल्स को 16 खास जड़ी-बूटियों के अनोखे मिश्रण के साथ विशेष रूप से तैयार किया गया है। जिसमें शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Coat किया गया है। इसमें हर एक दाना अपनी शुद्धता प्रत्यक्ष बताता है। यह स्वाद में भी अच्छा है। पहले दिन से असर दिखाता है, और मुंह में चिपकता भी नहीं।
पेट सफा... तो हर रोग दफा
Available in 160g & 90g Packs

## हत्या के आरोपी भाई को पुलिस ने पहुंचाया जेल

**रीवा।** गुढ़ थाना क्षेत्र के हरदुआ में सोमवार की रात नशे की हालत में दो सगे भाइयों के बीच विवाद हुआ था। घटना में चाकू के हमले से एक की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी भाई को मंगलवार की शाम गिरफ्तार किया था जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। गुढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जीतेंद्र कोल की घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद आरोपी भाई धर्मेन्द्र कोल को पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने आरोपी की पता तलाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की, जिसके बाद घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्जी काटने वाला चाकू भी जब्त किया गया है। बताया गया कि आरोपी धर्मेन्द्र कोल पिता रामनरेश कोल 26 नशे की लत की गिरफ्त में था जिसका अक्सर घर में विवाद होता था जो बीते दिन खूनी संघर्ष में बदल गया और जीतेंद्र की चाकू के हमले से मौत हो गई।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

## बाइक से रीवा आ रही महिला को सिलपरा पुल के नीचे ट्रक ने कुचला

### उपचार कराने नागपुर जा रही थी महिला, रास्ते में काल बनकर आया ट्रक



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के सिलपरा नहर पुल के नीचे बाइक सवार दंपति हादसे का शिकार हो गए। ट्रक ने बाइक के पीछे बैठी महिला को कुचल दिया। बताया गया कि करीब 50 मीटर तक महिला ट्रक के पहिए के नीचे आकर घिसटते हुए चली गई जिससे शव के चीथड़े उड़ गए। मिली जानकारी के मुताबिक कमला देवी पति गोविंद मिश्रा निवासी पतेरी थाना गोविंदगढ़ अपने पति के साथ बाइक से रीवा आ रही थी, महिला को नागपुर इलाज के लिए जाना था। बताया गया कि जैसे ही बाइक सवार सिलपरा पुल के नीचे आए, गड्ढों में बाइक अनियंत्रित हो गई और महिला और उसका पति गिर गया, तभी पीछे से आए ट्रक ने महिला को कुचल दिया। घटना में मौके पर ही कमला देवी 55 वर्ष की मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ देर की लिए मौके पर जाम की स्थित निर्मित हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल की मर्चुरी में भिजवाया वहीं ट्रक को जब्त कर थाना ले जाया गया है। बताया गया कि इस घटना में पति को भी चोट पहुंची है, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# पुलिस का पॉकेट गवाह ही निकला नशीली कफ सिरप का तस्कर

### बंद कमरे से सिविल लाइन पुलिस ने जब्त की नशीली कफ सिरप

जागरण, रीवा



सिविल लाइन पुलिस का पॉकेट गवाह नशीली कफ सिरप का तस्कर निकला। सिविल लाइन थाना और एसपी ऑफिस की मुहाने में लंबे समय से चाय, पान समोसे की दुकान के बहाने आरोपी का पुलिस से संपर्क था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के घर के बगल में बने बंद कमरे की तलाशी ली जहां बोरी में 608 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी पुलिस का सेवादार बना हुआ था, साथ ही कई मामले में पुलिस ने उसे गवाह भी बनाया था, जो अब नशीली कफ सिरप मामले में पकड़ा गया है।

सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक बीते दिन सूचना मिली की संदेही मोहन जोशी निवासी वार्ड नं. 06 झिरिया अवैध रूप से विक्रय किए जाने हेतु कोडीन युक्त नशीली कफ सिरप अपने घर में छुपा कर रखा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस ने दो स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए स्थान वार्ड नं. 06 झिरिया संदेही मोहन जोशी के घर की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई जहां संदेही मोहन जोशी घर के आंगन में मिला। घर के बगल में बने एक कमरे में ताला लगा होने से उसके बारे में पूछताछ की गई एवं संदेही को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर समक्ष गवाहान पुलिस टीम की तलाशी कराकर उक्त कमरे का ताला संदेही मोहन जोशी से खुलवाया गया जहां कमरे में सफेद रंग की बोरियों में कुल 608 नग कोडीन युक्त नशीली कफ सीरप मिली जिसकी कीमत करीब 1 लाख 22 हजार 512 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 औषधि अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### युवक की महिला मित्र से भी चल रही पूछताछ

सिविल लाइन पुलिस आरोपी की महिला मित्र को भी पूछताछ के लिए थाने लाया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी मोहन जोशी ने बताया कि वह एक दिन पूर्व ही नशीली कफ सिरप की खेप लेकर आया था। पुलिस अब उस युवक की तलाश कर रही है जिसने मोहन जोशी को नशे की यह खेप दी थी। गौरतलब है कि नशीली कफ सिरप की खेप के साथ पकड़ा गया मोहन जोशी नामक युवक पुलिस का पुराना सेवादार है इतना ही नहीं, सिविल लाइन थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बीचो-बीच चाय नाश्ते की दुकान भी संचालित करता है। मोहन जोशी पुलिस के कई मामलों में गवाह भी है जिसके चलते उसके हौसले बुलंद थे और उसने मेडिकल नशे के कारोबार को अंजाम देना शुरू कर दिया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में कार्रवाई कर अन्य तस्करों की भी तलाश कर रही है।

## बीएससी कर रही लापता छात्रा का कुएं में मिला शव



**रीवा।** चोरहटा थाना क्षेत्र के कोठार गांव से लापता छात्रा का शव घर से कुछ दूरी पर ही स्थित कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। छात्रा बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा थी। घटना बीते दिन की बताई जा रही है। छात्रा कुएं तक कब और कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह साफ नहीं हो सका है। छात्रा का शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में भिजवाया गया। जिसके उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऐश्वर्या तिवारी 20 वर्ष निवासी कोठार 10 मई की देर शाम घर से शौच क्रिया के लिए निकली थी लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटी। ऐसे में परिजनों ने उसकी तलाश करते हुए घटना के दूसरे दिन चोरहटा थाने में पहुंचकर उसके गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। छात्रा के परिजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे हुए थे तभी घर के समीप स्थित कुएं में परिजनों को शंका हुई और कांटा डालकर तलाश की गई तो छात्रा का शव पाया गया, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। चोरहटा पुलिस अब पूरे मामले में मर्ग कायम कर आगे की पड़ताल में लगी हुई है।

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
उपलब्ध सुविधा
• एंडोस्कोपी
• कोलोनोस्कोपी
• फाइब्रोस्केन
• ERCP
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

# आर्थिक अनियमितता करने वालों को भेजें जेलः सीईओ जिला पंचायत

### जिला पंचायत के सीईओ ने थाना प्रभारियों को वारंट तामीली के दिए निर्देश




**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्यों के लिए आवंटित राशि का दुरूपयोग करने तथा निर्माण कार्यों को पूरा न कराने पर पूर्व सरपंचों, ग्राम पंचायत सचिव तथा अवैध रूप से राशि प्राप्त करने वाले सप्लायरों पर कार्यवाही की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने आर्थिक अनियमितता करने वाले पूर्व सरपंचों तथा ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 (2) के तहत वारंट जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित थाना प्रभारियों को जारी वारंट तामील कराकर आर्थिक अनियमितता करने वाले आरोपियों को सेंट्रल जेल रीवा भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने थाना प्रभारी डभौरा को पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत हरदौली रमेश कुमार तथा थाना प्रभारी मनगवां को पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पलिया 351 विष्णु कोल के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी रायपुर कर्चुलियान को औसेरी कोल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जोगिनहाई तथा तत्कालीन सचिव धीरज सिंह एवं थाना प्रभारी सेमरिया को संतोष कुमार तिवारी पूर्व सचिव ग्राम पंचायत बुसौल के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट की तामीली के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने थाना प्रभारी सिरमौर को पूर्व सचिव ग्राम पंचायत सदहना संतोष सिंह तथा थाना प्रभारी जवा को पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अकौरी ललिता देवी एवं प्रोपराइटर अवधेश ट्रेडर्स अवधेश सिंह के विरुद्ध जारी वारंट की तामीली के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत बंधवा कोठार में शासकीय धन के दुरूपयोग पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी नईगढ़ी को पूर्व सरपंच बहादुर साकेत, पूर्व ग्राम पंचायत सचिव रामसुंदर साकेत तथा पूर्व सचिव दिलीप कुमार पटेल के विरुद्ध जारी वारंट की तामीली के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से भी इस संबंध में कार्यवाही के लिए अधीनस्थों को समुचित निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## सीमांकन न कराने पर नायब तहसीलदार डभौरा को नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नायब तहसीलदार डभौरा निवेदिता त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस दिया है। ग्राम कंचनपुर में 16 मई 2025 को जमीन के सीमांकन का आदेश होने के बावजूद एक वर्ष बाद भी उस जमीन का सीमांकन न कराने पर नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर देने के निर्देश दिए गए हैं। समाधानकारक उत्तर प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

SUDHA COLLEGE OF PHARMACY
(Approved By: PCI New Delhi and Affiliated to RGPV Bhopal (M.P.)
B.Pharma 4- Years Course 60 Seats
D.Pharma 2- Years Course 60 Seats
Admission Fees Free
REGISTRATON OPEN Session : 2026-27
Eligibility : 12th Passed (Math/Biology)
Note: Scholarship is also available for eligible candidate
For Admission and Query
Call US: 9993204854, 9425818399
Add.: Sagra Gagahara Road Rewa (M.P.)
Email: sudhacollegeofpharmacy@gmail.com

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma D.Pharma
REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

## खराब सड़क पर पलटा ई-रिक्शा तीन घायल

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएम आवास के समीप खराब सड़क पर ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ई-रिक्शा सवार तीन लोग घायल हुए हैं। बताया गया कि सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क की हालत खराब है जिससे अक्सर यह दुर्घटना हो रही है। बताया गया कि गिट्टी लोड ट्रक भी इसी जगह पर फंस गया था जिसको जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बीती शाम तकरीबन 8 बजे ई-रिक्शा चालक तीन लोगों को बिठाकर महाजन टोला की ओर जा रहा था।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

डॉ. अनुशा पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएँ
• सफेद पानी जाना, मासिक में अनियमितता
• मासिक के समय दर्द एवं अधिक रक्त स्त्राव
• पेशाब का लीक होना, बदबू आना, जलन होना एवं पेशाब सम्बन्धी समस्या
• बच्चा रोक थाम का उपाय
• बाँझपन का इलाज
• अंडाशय की गांठ के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के ऑपरेशन
• बच्चेदानी के स्त्रीनी का इलाज
• पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजीज का इलाज
• रजोनिवृति (Menopause) की समस्याएँ
• नॉर्मल डिलवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को समयः सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक
एच.बी. और सुगर जांच फ्री सोनोग्राफी में 20% की छूट
मिलने का पता श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL AZAD NAGAR, REWA (M.P.)
BBS KIDS ZONE 9424777617
More than 50 student Scored 90% in Board Examination
9th Vishesh Rank in State Merit 12th Math Group 2025-26
3rd Priyanshi Rank in State Merit 12th BIO GROUP 2025-26
9th Harshita Rank in State Merit 12th BIO GROUP 2025-26
मध्यप्रदेश टॉप 10 में निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
NEET selected
IIT selected
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th
NO ADMISSION FEE

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com